

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 30 अप्रैल, 2025 | वर्ष-18 | अंक-24 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करे केंद्र : महबूबा 02
■ महिलाओं को 25 सौ रुपए माह वाली गारंटी भी...
■ मानसिक दिव्यांगों को गर्मी से राहत की करें... 03
■ कनाडा में भारतीय छात्रा का मिला शव, 25 अप्रैल से...
■ पीयूष गोयल का ब्रिटेन दौरा, शीर्ष व्यापारिक नेताओं... 07
नई शुरुआत को खास तारीख तक नहीं रखती... 10

# कश्मीर घाटी के 87 में से 50 पर्यटक स्थल बंद

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रशासन ने लिया कड़ा फैसला

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। इसे आने वाले तूफान की धमक समझा जाए या फिर कोई भयानक खतरा कि प्रदेश सरकार ने पहलगाम नरसंहार में सुरक्षा खामियों पर पर्दा डालने की गरज से कई टूरिस्ट स्पाटों, झरनों, उद्यानों, रेस्तरां और होटलों पर गाज गिराते हुए उनमं पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू कर दिया है। हालांकि इसके प्रति कोई सरकारी आदेश जारी नहीं हुआ है पर इनके दरवाजे टूरिस्टों के लिए बंद कर दिए गए हैं। ऐसा करने के लिए कोई कारण नहीं बताया गया है। बताया जाता है कि प्रदेश सरकार ने बिना किसी औपचारिक आदेश के आज से कश्मीर में पर्यटकों के लिए 87 पर्यटन स्थलों में से 50 को बंद कर दिया, जबकि श्रीनगर हवाई अड्डे पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट देखी गई और संदिग्ध घरों पर छापेमारी दूसरे सप्ताह भी जारी रही।



### अब तक 1000 से अधिक घरों की तलाशी ली गई

इस बीच, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के आतंकवादी सहयोगियों के खिलाफ अपनी निरंतर कार्रवाई में और गैरकानूनी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामलों की जांच को आगे बढ़ाने के लिए, श्रीनगर पुलिस ने आज जिले में आतंकवाद-समर्थक बुनियादी ढांचे को खत्म करने के उद्देश्य से शहर में कई स्थानों पर तलाशी जारी रखी। उन्होंने श्रीनगर में 34 संदिग्धों के घरों पर छापे मारे और अब तक कश्मीर में 1000 से अधिक घरों की तलाशी ली गई है।

**सूची में ये नाम शामिल**

यूसमर्ग, तौसा मैदान, डूडपथरी, अहरबल, कौसरनाग, बंगस, करिवान डाइवर चंडीगाम, बंगस वैली, वुलर-वटलब, रामपोरा और राजपोरा, चेरहर, मुंडिज-हमाम-मरकूट झरना, खाम्पू, बोस्निया, विजीटाप, सूर्य मंदिर, वेरिनाग गार्डन, सिंथन टाप, मार्गनटाप, अकाड पार्क, हब्बा खातून पाइंट, बाबा रेशी दरगाह, रिंगावली, गोगलदारा, बदरकोट, श्रुंज झरना, कमान पोस्ट, नंबलान झरना, इको पार्क खडनियार, संगरवानी, जामिया मस्जिद, बादामवारी, राजौरी कदल होटल कनाज, आली कदल जेजे फूड रेस्तरां, आइवरी होटल, पदशापाल रिसार्ट्स और रेस्तरां, चेरी ट्री रिसार्ट, नार्थ क्लिफ कैफे और स्टे पैटर्न द्वारा रिट्रीट, फारेस्ट हिल काटेज, इको विलेज रिसार्ट (दारा), अस्तानमार्ग दृश्य प्वाइंट, अस्तनमर्ग पैराग्लाइडिंग, ममनेथ और महादेव हिल्स, बौद्ध मठ, अस्तनपोरा शामिल है।

■ श्रीनगर आने वाले पर्यटकों की संख्या में गिरावट
■ संदिग्ध घरों पर छापेमारी दूसरे सप्ताह भी जारी रही

### मोदी ने सेना को दी खुली छूट

#### तीनों सेना प्रमुखों के साथ हुई हाई लेवल मीटिंग



■ टारगेट, समय और तरीका तय करे सेना

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा देश आतंकियों के आका पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग कर रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के अध्यक्ष के साथ हाई लेवल मीटिंग की। इसमें सीडीएस अनिल चौहान और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक करीब डेढ़ घंटे चली इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। पीएम मोदी ने सेना को खुली छूट दे दी है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा दृढ़ राष्ट्रीय संकल्प है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी जवाबी कार्रवाई का तरीका क्या हो, इसके टार्गेट्स कौन से हों और इसका समय क्या हो, इस प्रकार के ऑपरेशनल निर्णय लेने के लिए सैन्य बलों को खुली छूट है।

### पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी का दिया जवाब

जम्मू। भारतीय सेना ने मंगलवार को कहा कि उसके जवानों ने लगातार पांचवीं रात नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से बिना उकसावे की गोलीबारी का जवाब दिया। अब पाक गोलीबारी का दायरा जम्मू सेक्टर में भी बढ़ गया है। पाक सेना ने पुंछ के बाद अब अखनूर में भी गोलीबारी की है।

पहलगाम आतंकी हमला

# पाक सेना का पूर्व कमांडो हाशिम मूसा हमले का मास्टर माइंड !

## लश्कर के लिए काम कर रहे मूसा को खास ऑपरेशन के लिए भेजा गया था कश्मीर

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु )। पहलगाम आतंकी हमले में खुफिया एजेंसियों को एक बड़ी जानकारी हाथ लगी है। इस हमले में शामिल एक आतंकी आतंकवादी हाशिम मूसा उर्फ़ सुलेमान है, जो पाकिस्तान सेना के स्पेशल फोर्सेज का पूर्व पैरा कमांडो है, अब लश्कर-ए-तैयबा के साथ काम कर रहा है। जांच से पता चला है कि उसे गैर कश्मीरी लोगों और सुरक्षाबलों पर हमले करने के लिए जम्मू-कश्मीर भेजा गया था। गृहमंत्रालय सूत्रों के मुताबिक पहलगाम हमले में इंटेलिजेंस एजेंसियों ने बड़ी जानकारी हासिल की है। हमले का मास्टरमाइंड पाकिस्तान का पूर्व एसएसजी कमांडर हाशिम मूसा है। फिलहाल, भारतीय सेना या सरकार की ओर से इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी सामने आई है। तीन आतंकवादियों के स्केच सामने आए थे। पहलगाम नरसंहार में शामिल रहे इनमें एक पाकिस्तानी आतंकवादी की पहचान हाशिम मूसा के तौर पर हुई है।



■ आतंकवादियों के स्केच आए थे सामने

मूसा को जम्मू और कश्मीर में गैर स्थानीय और सुरक्षाबलों के बीच दहशत फैलाने के इरादे से भेजा गया था। जम्मू और कश्मीर भेजे जाने से पहले पाकिस्तान के स्पेश सर्विस ग्रुप द्वारा विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया था। एसएसजी कमांडो फोर्स का पूरा नाम कमांडो फोर्स स्पेशल सर्विस ग्रुप है, जो कि खासतौर से आतंकी हमले, वीआईपी की सुरक्षा और हाइजैक जैसी परिस्थितियों से लड़ने में माहिर होती है। जांचकर्ताओं का कहना है कि मूसा को भारतीय और विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों सहित गैर-स्थानीय नागरिकों को निशाना बनाने का काम सौंपा गया था।

मूसा ने गांदरबल के गगनगीर में अक्टूबर 2024 में भी हमले को अंजाम दिया था। इसमें कई मजदूर और एक स्थानीय डॉक्टर की जान गई थी। अटैक की जांच कर रही एनआईए लगातार सीन री-क्रिएशन कर रही है। एजेंसी आतंकियों की मदद करने वाले स्थानीय नागरिकों की तलाश में है।

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का एक्स अकाउंट किया ब्लॉक



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट ब्लॉक कर दिया। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है, जब आसिफ के सार्वजनिक रूप से स्वीकार किए जाने के बाद पाकिस्तान की भूमिका 'वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले धूर्त देश' के रूप में उजागर हो गई है।

### भाजपा ने कांग्रेस को 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' कहा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि उसकी सोच पाकिस्तान जैसी है और उसे 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' कहना गलत नहीं होगा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक हैंडल द्वारा सोशल मीडिया एक्स पर किए गए 'गायब' वाले पोस्ट पर जमकर आलोचना की।

### मणिपुर को 153 करोड़ की सहायता मंजूर की



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने पिछले वर्ष ओलावृष्टि से प्रभावित मणिपुर के लिए 153.36 करोड़ की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता मंजूर की। यह सहायता राज्य आपदा मोचन निधि में उपलब्ध वर्ष के लिए प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के तहत मंजूर की गई है।

# कांग्रेस ने की संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग

## खरगे-राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

■ लिखा, यह देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का वक्त



**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु) कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले के कारण उपजी स्थिति पर विचार विमर्श के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। कांग्रेस अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को सोमवार को लिखे अलग- अलग पत्र में कहा है कि यह वक्त देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का है इसलिए संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाकर यह कड़ा संदेश देना आवश्यक है कि देश संकट की घड़ी में एकजुट है।

श्री खरगे कहा इस समय जब एकता और एकजुटता बहुत जरूरी है, विपक्ष का मानना है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाना जरूरी है। यह 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए क्रूर आतंकी हमले से निपटने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति का एक शक्तिशाली प्रदर्शन होगा।

### आतंकी हमले से हर भारतीय क्षुब्ध : राहुल

श्री गांधी ने लिखा पहलगाम में हुए आतंकी हमले से हर भारतीय क्षुब्ध है। इस नाजुक समय में देश को यह दिखाना होगा कि हम आतंकवाद के खिलाफ हमेशा एकजुट रहेंगे। विपक्ष का मानना है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए, जहां इस हमले के खिलाफ जनप्रतिनिधि अपनी एकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन कर सकें।

सुप्रीम कोर्ट ने जांच का दिया निर्देश

# 'बिल्डर-बैंक गठजोड़' की होगी सीबीआई जांच

■ सात प्रारंभिक जांच दर्ज करने का निर्देश दिया
■ लोगों के साथ हो रहे व्यवहार की आलोचना की

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को रियल एस्टेट डेवलपर्स और बैंकों के बीच कथित 'अपवित्र गठजोड़' के संबंध में सात प्रारंभिक जांच दर्ज करने का निर्देश दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम और आस-पास के इलाकों में सब्सिडी योजनाओं के तहत आवास परियोजनाओं में निवेश करने वाले घर खरीदारों द्वारा दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पारित किया। घर खरीदारों ने शिकायत की कि बैंक उन्हें ईएमआई का भुगतान करने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जबकि उन्हें अभी तक अपने फ्लैटों का कब्जा नहीं मिला है। पहली जांच में सीबीआई विशेष रूप से सुपरटेक लिमिटेड के लेन-देन की गहन जांच करेगी, जो पहले से ही कई उल्लंघनों के लिए जांच के दायरे में है। दूसरी जांच में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम और गाजियाबाद के प्रोजेक्ट्स को शामिल किया जाएगा।

**घर खरीदने वालों को रुलाया जा रहा**

अदालत ने आदेश सुनाते हुए बैंकों और बिल्डरों द्वारा आम नागरिकों के साथ किए जा रहे व्यवहार की कड़ी आलोचना की। पीठ ने टिप्पणी की कि घर खरीदने वालों (होमबायर्स) को रुलाया जा रहा है। कई डेवलपर्स और वित्तीय संस्थानों ने गरीब घर खरीदारों को बंधक बना लिया है। स्थिति को बेहद अनुचित बताते हुए शीर्ष अदालत ने निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की जरूरत पर जोर दिया। बेंच ने कहा, सच्चाई सामने लाने का समय आ गया है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश सीबीआई के उस प्रस्ताव के बाद आया है, जिसमें तर्क दिया गया था कि वित्तीय संस्थाओं के साथ सहयोग करके बिल्डरों के इरादों और तरीकों को पूरी तरह से समझने के लिए प्रारंभिक जांच की जरूरत है। जांच में सहयोग के लिए अदालत ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा के पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) से ऐसे अधिकारियों को नामित करने को कहा है जो सीबीआई के साथ मिलकर काम करेंगे। एक विशेष जांच दल (एसआईटी) भी बनाया जाएगा जिसमें सीबीआई अधिकारी, चुनिंदा पुलिस अधिकारी और वित्त तथा रियल एस्टेट के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

### वक्फ से जुड़ी नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ अधिनियम को चुनौती देने वाली एक दर्जन से अधिक जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करने से मंगलवार को साफ इनकार कर दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि इस मामले में पहले ही पांच याचिकाओं पर सुनवाई का आदेश दिया जा चुका है और अब कोई नई याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी।

# लिबरल पार्टी की चौथी बार सत्ता में वापसी

■ ट्रंप के 'टैरिफ युद्ध' ने आसान बनाई मार्क कार्नी की राह

कनाडा चुनाव

**ओटावा,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। कनाडा की लिबरल पार्टी ने चौथी बार सत्ता में वापसी की है। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में मिली यह जीत कई मायनों में हैरान करने वाली है क्योंकि साल की शुरुआत में पार्टी की स्थिति बहुत कमजोर मानी जा रही थी। कनाडा के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आक्रामक रुख पार्टी की जीत में बड़ा फैक्टर माना जा रहा है। कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे ने हार कबूल कर ली और मंगलवार की सुबह कार्नी को बधाई देते हुए उनकी जीत की पुष्टि की। जीत की घोषणा करते हुए कार्नी ने कहा, हम अपने महान देश के लिए एक स्वतंत्र भविष्य का निर्माण करेंगे। हालांकि खबर लिखे जाने तक कनाडाई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लिबरल पार्टी 146 सीटें जीत चुकी है जबकि 22 पर वह आगे चल रही है। इस तरह से वह 168 सीट जीत सकती हैं। अभी यह साफ नहीं है कि लिबरल पार्टी बहुमत हासिल करेगी या नहीं। बहुमत का जादुई आंकड़ा 172 है। 343 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमन्स में लिबरल पार्टी ने पिछली बार 152 सीटें थीं। कंजर्वेटिव पार्टी ने 128 सीटें जीती हैं जबकि 16 पर वह आगे चल रही है।



### जगमीत सिंह चुनाव हारे

कनाडा की राजनीति में कभी किंगमेकर की भूमिका निभाने वाले जगमीत सिंह संसद का चुनाव हार गए हैं। उनकी पार्टी को भी करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है।

# 'अब भारतीय न्याय व्यवस्था पर भरोसा नहीं रहा'

■ पीड़िता के पिता ने सीबीआई पर लगाए गंभीर आरोप
■ हाई कोर्ट व सियालदह कोर्ट में दो अलग-अलग रिपोर्टें पेश

आरजी कर मामला




**कोलकाता,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। आरजी कर मामले में अब पीड़िता के पिता ने मंगलवार को सीबीआई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने कोलकाता हाई कोर्ट और सियालदह जिला कोर्ट में दो अलग-अलग रिपोर्टें पेश की हैं। उन्होंने कहा कि हम आज हाई कोर्ट में बताएंगे कि सीबीआई दो अलग-अलग स्टेटस रिपोर्ट पेश कर रही है। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के जज भी रिपोर्ट की गंभीरता को देखकर हैरान थे। हमें सीबीआई पर भरोसा था, लेकिन अब उम्मीद खत्म हो रही है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त 2024 को एक 31 वर्षीय महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी।

### सीबीआई सच छुपा रही

पीड़िता के पिता ने यह भी आरोप लगाया कि सीबीआई को असली गुनहगारों की जानकारी है, लेकिन वह सच छुपा रही है। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि किसी ने उनकी बेटी के फोन तक अवेध पहुंच बनाई है।

# अहमदाबाद में बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर कार्रवाई

**अहमदाबाद,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। अहमदाबाद के चंडोला तालाब क्षेत्र में मंगलवार से बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। अब तक की 2000 वर्ग गज यानी 18 हजार वर्ग फुट में फैले क्षेत्र के अतिक्रमण को साफ किया जा चुका है। पुलिस, क्राइम ब्रांच, एसओजी, साइबर क्राइम और एसआरपी की टीमें इलाके में तैनात हैं। हाईकोर्ट में इस मेगा डिमॉलिशन पर स्टे लगाने की याचिका दाखिल की गई थी। लेकिन, इस याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। यहां रहने वाले लोगों ने याचिका में कहा था कि कानूनी प्रक्रिया और नियमों का पालन किए बिना तोड़फोड़ की जा रही है।

### गुजरात हाईकोर्ट ने भी स्टे की याचिका ठुकराई

मौसम

दिल्ली-एनसीआर में बदलेगा मौसम का मिजाज

# कल तेज हवाओं के साथ बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। मौसम में लगातार बदलाव के चलते एनसीआर के लोगों को कभी तेज धूप और गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ अचानक आसमान में छाए बादलों से कुछ देर के लिए लोगों को राहत जरूर मिलती दिखाई देती है। 1 और 2 मई को मौसम विभाग ने आंधी-तूफान के साथ-साथ तेज बारिश होने की संभावना भी जताई है।

इसके अलावा बादलों के साथ सूरज की लुका-छिपी के चलते अधिकतम पारे में गिरावट दर्ज की जाएगी।

मौसम विभाग के मुताबिक 30 अप्रैल को आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। 30 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक 1 मई को अलर्ट जारी किया गया है, जिसके मुताबिक तेज आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश का भी सामना एनसीआर के लोगों को करना पड़ेगा। इस दिन अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी। 1 मई को अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। ठीक ऐसे ही अगले दिन 2 मई को भी तेज बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया गया है और इस दिन भी अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है।



■ अधिकतम पारे में गिरावट दर्ज की जाएगी

### 5 मई से एक बार बढ़ेगा परा

मौसम विभाग के मुताबिक 3 मई को भी अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री बने रहने की संभावना है। ठीक ऐसे ही 4 मई को भी अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री बने रहने की संभावना जताई गई है, लेकिन 5 मई से एक बार फिर पारे में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री बने रहने की संभावना जताई गई है।

# देश

**उवाच**

"जम्मू-कश्मीरमें निर्दोष लोगों को, जिनका आतंकवादी कृत्यों से कोई संबंध नहीं है, नुकसान नहीं उठाना चाहिए। कश्मीर के लोगों ने विरोध मार्च, मोमबत्ती जुलूस और मौन प्रदर्शनों के माध्यम से आतंकवादी कृत्यों की कड़ी निंदा की है।"

**–शेख मुस्तफा कमाल,नेकां के अतिरिक्त महासचिव**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 36.0 | 27.0 |
| मुंबई | 32.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# देश और नागरिकों की सुरक्षा से ज्यादा प्रधानमंत्री को चुनाव की चिंता : दीपंकर

■ **पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी पर बोला हमला**

**पटना**, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा माले) महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश और नागरिकों की सुरक्षा से ज्यादा चिंता चुनाव की है। भट्टाचार्य ने मंगलवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें देश एवं नागरिकों की सुरक्षा से ज्यादा चिंता चुनाव की रहती है। उन्होंने कहा कि मोदी से सवाल करते थे कि देश में आतंकवादी घुसते कैसे हैं। वे कहते थे जब देश की सीमाएं केंद्र सरकार के नियंत्रण में हैं, तो आखिर सुरक्षा में चूक कैसे होती है। यह सवाल आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उनका दूसरा सवाल होता था कि आतंकवादी को पैसा कहां से मिलता है। हाल ही में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच रिपोर्ट के अनुसार, गुजरात में 22,000 करोड़ रुपए का ड्रग पकड़ा गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि इसका संबंध लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों से है। मोदी के सवाल का जवाब अब खुद एनआईए ने दे दिया है। सात-आठ अप्रैल को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खुद सुरक्षा समीक्षा के लिए वहां गए थे, लेकिन



**सरकार इस गंभीर मसले पर व्यापक राजनीतिक विमर्श से बच रही है यह राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषय पर गैर-जिम्मेदाराना रवैया : दीपंकर भट्टाचार्य**

मुख्यमंत्री को बैठक से बाहर रखा गया। उसके बाद 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री का कश्मीर दौरा प्रस्तावित था, जिसे रद्द कर दिया गया। क्या कोई विशेष खुफिया इनपुट था। यदि ऐसी आशंका थी, तो आम नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी और भी गंभीर हो जाती थी। लेकिन आज तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, लेकिन हम लोगों को उसमें आमंत्रित नहीं किया गया। यह दर्शाता है कि सरकार इस गंभीर मसले पर व्यापक राजनीतिक विमर्श से बच रही है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषय पर गैर-जिम्मेदाराना रवैया है। माले महासचिव ने कहा कि देशभर में पहलगाम की आड़ में कश्मीरी छात्रों, व्यापारियों और आम नागरिकों पर हो रहे हमलों की हम कड़ी निंदा करते हैं। यह पूरी तरह गलत है और संविधान के मूल्यों के खिलाफ है।

**मोदी कहते थे देश में सुरक्षा नहीं है**

माले महासचिव ने कहा मोदी कहते थे कि देश में सुरक्षा नहीं है। आज कश्मीर जैसे संवेदनशील इलाके में, जहां सबसे ज्यादा सेना की तैनाती है, और पूरी कानून-व्यवस्था सीधे केंद्र सरकार के अधीन है। वहां पहलगाम जैसी बड़ी घटना घट जाती है। देश की एकता, भाईचारा और सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाने वाली ऐसी घटनाएं अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। और भी चिंताजनक बात यह है कि केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्री पीयूष गोयल खुद देश की जनता की देशभक्ति पर सवाल उठा रहे हैं। आज देश के भीतर प्रवासी मजदूरों, मुस्लिम समुदाय और अन्य कमजोर वर्गों पर जिस तरह के हमले हो रहे हैं, वे न केवल अन्यायपूर्ण हैं, बल्कि देश को भीतर से कमजोर करते हैं। किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक हिंसा या विभाजन आतंकवाद को खत्म नहीं करता – बल्कि समाज में और अस्थिरता पैदा करता है। भट्टाचार्य ने कहा कि यदि आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी है, तो सरकार निर्दोष नागरिकों को क्यों निशाना बना रही है जो खुद पीड़ित हैं। जहां तक भारत और पाकिस्तान के बीच सीमित कानूनी या मानवीय संवाद का सवाल है, उन पर रोक लगाकर आतंकवाद पर क्या असर पड़ेगा। क्या इससे दोनों देशों के आम लोगों के बीच विश्वास और संवाद के रास्ते और ज्यादा बंद नहीं हो जाएंगे। हमें आतंकवाद से दृढ़ता से लड़ना चाहिए।

### पुलवामा के समय प्रधानमंत्री शूटिंग में थे व्यस्त : भाकपा- माले

भाकपा माले महासचिव भट्टाचार्य ने कहा कि सोशल मीडिया और मुख्यधारा मीडिया में सरकार जिस तरह से इस मुद्दे का राजनीतिक उपयोग कर रही है, वह आपत्तिजनक है। पुलवामा हमले के समय प्रधानमंत्री शूटिंग में व्यस्त थे। आज भी वे पहले कश्मीर जाने के बजाय सीधे चुनाव प्रचार में व्यस्त हो गए। सरकार की प्राथमिकता चुनाव है, शासन और सुरक्षा नहीं। यह रवैया पूरे देश को उचित नहीं लग रहा। और जब जनता सवाल पूछती है, तो उन्हें जवाब देने के बजाय, सवाल पूछने वालों जैसे कलाकार नेहा सिंह राठौर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। यह लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है।

## संविधान बचाओ पदयात्रा का किया आयोजन

पटना, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि यदि अब संविधान की सुरक्षा के लिए आवाज नहीं उठाया गया तो संविधान नहीं बचेगा। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम से राजापुर पुल होते हुए डॉ राजेंद्र प्रसाद समाधि स्थल तक दो किलोमीटर लंबे तिरंगे के साथ हजारों की संख्या में कांग्रेस नेताओं के साथ संविधान बचाओ पदयात्रा का आयोजन किया गया। तीन किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा का नेतृत्व श्री राजेश राम ने किया। इस मौके पर श्री राजेश ने कहा कि यदि अब हम संविधान सुरक्षा के लिए आवाज नहीं उठाएंगे तो संविधान नहीं बचेगा। इसलिए हमें चुप नहीं रहना है और इस निरंकुश शासन के खिलाफ लगातार आवाज बुलंद करना है। उन्होंने कहा किसंविधान की सुरक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी और हमारे नेता से लेकर कार्यकर्ता तक दृढ़ संकल्पित रहें और हर तरीके के बलिदान को तैयार रहें। हमने देश की निरंकुश सरकार को बता दिया है कि संविधान के मूल आत्मा को बदलने के उनके प्रयास को हम सफल नहीं होने देंगे।

## कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करे केंद्र : महबूबा

**श्रीनगर,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बढ़ते तनाव के बीच केंद्र शासित प्रदेश के बाहर पढ़ रहे कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। महबूबा ने कहा कि उन्हें देश भर के छात्रों से धमकी भरे कॉल मिल रहे हैं, जो मौजूदा स्थिति के कारण डर में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां कुछ शैक्षणिक संस्थानों ने परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं और छात्रों को सामान्य स्थिति बहाल होने तक घर लौटने की सलाह दी है, वहीं अन्य ने कक्षाएं जारी रखने का विकल्प चुना है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से हस्तक्षेप करने और सभी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करती हूं, जब तक कि वे सुरक्षित रूप से घर नहीं लौट जाते। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने वालों को एक कड़ा संदेश दिया जाना चाहिए। शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए ऐसी विभाजनकारी ताकतों की पहचान की जानी चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए नरसंहार में 26 नागरिक मारे गए थे, जिसके बाद कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें जम्मू-कश्मीर से बाहर पढ़ने वाले कश्मीरी छात्रों को परेशान किया गया और यहां तक कि दक्षिणपंथी समूहों द्वारा धमकाया भी गया। धमकियों की इस लहर ने उनके माता-पिता को चिंतित कर दिया है, जिनमें से कई अपने बच्चों को घर वापस आने के लिए कह रहे हैं। वहीं महबूबा मुफ्ती ने पहलगाम आतंकी हमले के दौरान वायरल हुए एक वीडियो में जिपलाइन ऑपरेटर द्वारा अल्लाहु अकबर कहे जाने पर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैल रही सांप्रदायिकता पर चिंता जताते हुए कहा कि धर्म के नारों को गलत संदर्भों में घसीटा जा रहा है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक बातें कर रहे हैं।



■ **अमित शाह व राज्यों के मुख्यमंत्रियों से हस्तक्षेप करने का किया आग्रह**

## सार संक्षेप

### लखनऊ की यात्रा पर कल जाएंगे जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को उत्तर प्रदेश की यात्रा पर रहेंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि धनखड़ एक मई को लखनऊ जाएंगे। उपराष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में एक समारोह में सम्मिलित होंगे और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा लिखित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का विमोचन करेंगे।

### जलगांव सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**जलगांव।** महाराष्ट्र में जलगांव जिले के रावेर तालुका के बोरघाट में सोमवार रात एक मोटरसाइकिल और यात्री वाहन की टक्कर में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला और उसका बच्चा घायल हो गए। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान पिंटू बोडोले और उनके तीन वर्षीय पुत्र रितिक बोडोले के रूप में हुई है। पिंटू पत्नी मालूबाई और दोनों पुत्र रितिक और टेंगूराम (आठ महीने) के साथ मोटरसाइकिल से अपने रिश्तेदार से मिलने भुसावल जा रहे थे। इसी बीच खेरगांव से भुसावल आ रही एक यात्री वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

### बारामूला में आग से दो घर जलकर राख

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के बोनियार इलाके में स्थित सुदूर गांव खाचादारी जेहमपोरा में रविवार देर रात एक भीषण आग की घटना में दो रिहायशी मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए। यह मकान स्थानीय निवासी गुलाम रसूल बनिया के बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि स्थानीय लोगों के पास कुछ भी बचाने का समय नहीं मिला। लेकिन इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, प्रभावित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

### गुजरात में 4.77 करोड़ लोगों का हुआ आभा पंजीकरण

**गांधीनगर।** गुजरात में 4.77 करोड़ से अधिक नागरिकों का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए, आभा) पंजीकरण हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत गुजरात ने 70 प्रतिशत नागरिकों यानी 4.77 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के तहत पंजीकरण करा कर महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। आयुष्मान भारत दिवस 30 अप्रैल के मौके पर राज्य सरकार द्वारा यह उपलब्धि साझा की गई है। मोदी के डिजिटल भारत दृष्टिकोण को साकार करते हुए, राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में हेल्थ रिकॉर्ड्स के डिजिटलाइजेशन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने वाले की पीट-पीटकर हत्या

■ **पुलिस ने 12 लोगों को किया गिरफ्तार**

**बेंगलुरु,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने मंगलवार को बताया कि मंगलुरु में एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान एक व्यक्ति की कथित तौर पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने पर दर्शकों में आक्रोश फैल गया और उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने घटना के सिलसिले में करीब 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब व्यक्ति को मैच के दौरान कथित तौर पर नारे लगाते हुए सुना गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि लोगों के एक समूह ने हिंसक प्रतिक्रिया व्यक्त की और मौके पर ही उस व्यक्ति पर हमला कर दिया। शुरू में माना जा रहा था कि व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, लेकिन बाद में अधिकारियों ने पुष्टि की कि पीड़ित चोटों के कारण सदमे में था और फिर दम तोड़ दिया। कानून प्रवर्तन अधिकारी मौके पर पहुंचे और कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और घटनाओं के क्रम का पता लगाने और नारे के दावे की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए जांच चल रही है। मृतक की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है और अधिकारियों को अभी भी इसमें शामिल लोगों की सांप्रदायिक पृष्ठभूमि की पुष्टि करनी है। घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ. परमेश्वर ने जनता से शांत रहने और समय से पहले निष्कर्ष निकालने से बचने का आग्रह किया। मुझे स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान हुई मॉब लिंचिंग के बारे में बताया गया। मुझे बताया गया कि व्यक्ति 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगा रहा था। जब लोगों ने यह सुना, तो लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। मामले में अब तक लगभग 10 से 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, और आगे की जांच चल रही है। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि व्यक्ति की तत्काल मृत्यु नहीं हुई, बल्कि बाद में सदमे के कारण उसकी मृत्यु हो गई।

## झारखंड में ध्वनि प्रदूषण पर राज्य सरकार के अधूरे जवाब से हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

■ **स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 6 मई तक अंतिम मौका**




**रांची,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सरकार की ओर से की जाने वाली कार्रवाई के बारे में स्पष्ट जवाब न दिए जाने पर गहरी नाराजगी जताई है। इससे संबंधित जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मौखिक तौर पर कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार ने ध्वनि प्रदूषण रोकने की दिशा में धरातल पर ठोस कार्रवाई नहीं की। अदालत ने सरकार की ओर से की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 6 मई तक अंतिम मौका दिया है। इसी दिन याचिका पर अगली सुनवाई भी निर्धारित की गई है। इसके पहले इस याचिका पर 8 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि पर्व-त्योहार के मौके पर राज्य के सभी जिलों में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। इस संबंध में सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। मंगलवार को सुनवाई के पूर्व सरकार ने जो शपथ पत्र दाखिल किया, उसमें केवल रांची जिले में प्रशासन की ओर से उठाए गए कदम की जानकारी दी गई। इस पर बेंच ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया। रांची को छोड़कर राज्य के बाकी जिलों में क्या कदम उठाए गए हैं। झारखंड सिविल सोसाइटी एवं अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि ध्वनि प्रदूषण अधिनियम वर्ष 2000 के तहत निर्धारित मानकों का झारखंड में उल्लंघन किया जा रहा है। रेजिडेंशियल, कमर्शियल एवं इंडस्ट्रियल एरिया में ध्वनि के मानक निर्धारित किए गए हैं, लेकिन इन जगहों पर निर्धारित मानकों से अधिक शोर है। ध्वनि प्रदूषण की शिकायतों पर सरकार की ओर से रोक की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने अदालत में दलीलें पेश की।

## इटानगर में नशीले पदार्थ का मुख्य आपूर्तिकर्ता गिरफ्तार

**इटानगर,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत स्थानीय पुलिस ने नाहरलागुन मामले से जुड़े नशीले पदार्थ के मुख्य आपूर्तिकर्ता को एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नाहरलागुन थाना के प्रभारी निरीक्षक कृष्णेंदु देव के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने पहले से गिरफ्तार आरोपी की जांच के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण सुरागों पर कार्रवाई करते हुए अन्य अधिकारियों के साथ असम पुलिस की सहायता से सोमवार को समन्वित छापेमारी की।

यह अभियान डिक्रोंग नदी के किनारे ब्रह्मपुत्र नगर में चलाया गया। इसके परिणामस्वरूप असम के बांदरदेवा निवासी आमिर अली (39) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से लगभग 27.9 ग्राम वजन की संदिग्ध हेरोइन की 20 शीशियां बरामद कीं। रविवार को इसी मामले में गिरफ्तार दो सह-आरोपियों टेची लेज़ (30) और ताना जामजा (28) के बाद यह गिरफ्तारी की गई। यह कार्रवाई नाहरलागुन पुलिस अधीक्षक मिहिन गाम्बो और एसडीपीओ ऋषि लोंगडो की कड़ी निगरानी में की गई।

## जंगलराज से भी बदतर कानून व्यवस्था में अब पुलिस थाने में भी सुरक्षित नहीं पुलिस : पटवारी

**भोपाल,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य के दो जिलों के दो अलग-अलग मामलों को लेकर प्रदेश सरकार को घेरा है। पटवारी ने सतना जिले के जैतवारा थाने में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक पर अज्ञात आरोपी द्वारा जानलेवा हमले को लेकर सरकार से सवाल किए हैं। उन्होंने इससे जुड़ा एक वीडियो पोस्ट करते हुए आरोप लगाया कि जंगलराज से भी बदतर हुई प्रदेश की कानून व्यवस्था में अब तो पुलिस पुलिस थाने में भी सुरक्षित नहीं है। पुलिस की पिटाई के बाद अब तो पुलिस पर ही गोलियां चलने लगी है। जिस समय राज्य की कानून व्यवस्था रसातल में पहुंच चुकी हो, पुलिस खुद अपराधियों के निशाने पर हो, ऐसे समय में राज्य सरकार पुलिस



को न्याय दिलाने की बजाय सत्ता के प्रतीकों के सामने झुकने का फरमान सुना रही है। इस दुखद घटनाक्रम के लिए जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

वहीं श्योपुर जिले के विजयपुर में कथित तौर पर एक दलित के अंतिम संस्कार रोके जाने के मामले को लेकर पटवारी ने अपने बयान में कहा कि विजयपुर में भारतीय जनता पार्टी नेता रामनिवास रावत के इशारे पर दलित जाटव समाज के लोगों को अपने स्वजन का अंत्येष्टि संस्कार

■ **दो जिलों में कानून व्यवस्था को लेकर मध्य प्रदेश सरकार को घेरा**

करने से जबरन रोका गया। यह कृत्य न केवल भारतीय संविधान का घोर अपमान है बल्कि मानवता के खिलाफ भी एक शर्मनाक अपराध है। विजयपुर में जो हुआ, वह कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश है, जिसके पीछे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए नेता रामनिवास रावत का सीधा हाथ है। सवाल ये है कि प्रशासन रामनिवास रावत जैसे नेताओं के सामने इतना लाचार क्यों है। विजयपुर के वीरपुर थाना इलाके के लीलधा गांव के निवासी मजदूर जगदीश की मौत के बाद कल उसका शव गांव में अंतिम संस्कार के लिए लाया गया।

## नीतीश ने दानवीर भामाशाह को जयंती पर किया नमन

**पटना,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दानवीर भामाशाह की जयंती पर उन्हें नमन किया। कुमार ने मंगलवार को यहां आयोजित समारोह में पुनाईचक पार्क स्थित शूरवीर दानवीर भामाशाह की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, जदयू के प्रदेश महासचिव कमल नोपानी, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित कई अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## द्रमुक की द्रविड़ मॉडल सरकार का दूसरा संस्करण 2026 में : स्टालिन

**चेन्नई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने राज्य विधानसभा को बताया कि द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की द्रविड़ मॉडल सरकार का दूसरा संस्करण 2026 में आएगा। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि तमिलनाडु को न तो लूटा जा सकता है और न ही इसे गिरवी रखने और हड़पने की कोशिश करने वालों द्वारा लूटा जा सकता है। स्टालिन ने विधानसभा में पुलिस और अग्निशमन विभाग को अनुदान की मांग पर बहस का जवाब देते हुए कहा कि अब तक जो देखा गया है वह द्रविड़ मॉडल सरकार पहला संस्करण है। उन्होंने सत्ता पक्ष के सदस्यों द्वारा मेज थपथपाने के बीच घोषणा की कि दूसरा संस्करण 2026 में लोड हो रहा है जिसमें और अधिक रिकॉर्ड बनेंगे...तमिलनाडु इतिहास रचेगा। मुख्यमंत्री ने बहस का जवाब देते हुए अपने चार साल के द्रमुक शासन की उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि यह अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश करेगा जो बस कुछ ही दिन दूर है। राज्य ने सभी विभागों में रिकॉर्ड बनाए हैं और नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि इस विश्वास और लोगों के विश्वास के साथ मैं कह रहा हूं कि जो लोग तमिलनाडु को गिरवी रखने और छीनने की कोशिश कर रहे हैं वे तमिलनाडु को लूट नहीं सकते। द्रमुक अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत राज्य ने बड़ी ऊंचाइयों को हासिल किया है और 2024-25 में तमिलनाडु 9.69 प्रतिशत की विकास दर के साथ प्रथम स्थान था। उन्होंने कहा कि ऐसी विकास दर अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं।



■ **मुख्यमंत्री ने चार साल के द्रमुक शासन की उपलब्धियों को गिनाया**

**उथल-पुथल** *अजीबो गरीब हैं जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की सीमाएं*

# पाकिस्तान से लगी 1202 किमी लम्बी सीमा सबसे खतरनाक

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर राज्य के दो टुकड़े करने और उसकी पहचान खत्म किए जाने की कवायद से पहले जम्मू-कश्मीर में दो देशों पाकिस्तान तथा चीन की कुल 2062 किमी लम्बी सीमा लगती थी। हालांकि इसमें से 1202 किमी लम्बी सीमा तो सबसे खतरनाक है जो पाकिस्तान के साथ सटी हुई है क्योंकि यह दिन रात आग उगलती रहती है। देश की जनता के लिए सीमा, सीमा ही होती है लेकिन वह यह नहीं समझ पाती है कि आखिर पाकिस्तान के साथ लगने वाली सीमा पर तोपें आग क्यों उगलती रहती हैं।

पाकिस्तान के साथ लगने वाली सीमा तीन किस्म की है। पाकिस्तान के साथ जम्मू-कश्मीर की 264 किमी लम्बी अंतरराष्ट्रीय सीमा भी है जो



■ **जीवित जंग के मैदान के रूप में जानी जाती 814 किमी लम्बी एलओसी**

पंजाब राज्य के पहाड़पुर क्षेत्र से आरंभ होकर अखनूर सैक्टर में मनावर तवी के भूरेचक गांव तक जाती है। इसे अंतरराष्ट्रीय सीमा का नाम इसलिए दिया गया है क्योंकि इस पर संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्ववधान में सीमा बुर्जियों की स्थापना की गई है। अर्थात इस पर निशानदेही की गई है जो यह दर्शाती है कि दोनों देशों की हद यहां तक आकर खत्म होती है। और इस सीमा पर अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए कभी भी गोलीबारी न करने के निर्देश होते हैं जिसकी उल्लंघना पाकिस्तानी सेना की ओर से की जा रही है। पाकिस्तान से सटी 264 किमी लम्बी अंतरराष्ट्रीय सीमा का एक चौंकाने वाला पहलू यह भी है कि इसके भीतर भी कई स्थान ऐसे हैं जिन्हें वर्किंग बार्डर कहा जाता है। ऐसे स्थानों की संख्यां दस के करीब है।

इन्हें वर्किंग बार्डर इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह सभी विवादास्पद क्षेत्र हैं। जिनमें कहीं सीमाबुर्जी का विवाद है तो कहीं कब्रिस्तान का। तो कहीं खेतीबाड़ी करने वाली जमीन का। वर्ष 1949 में पाकिस्तान तथा भारत के बीच हुए कराची समझौते के अंतर्गत युद्ध को रोकने के बाद जो सीमा का निर्धारण किया गया था युद्धक्षेत्रों में उसे युद्धविराम रेखा अर्थात नियंत्रण रेखा के नाम से जाना जाता है। इसके मायने यही होते हैं कि युद्ध विराम के समय जिसका जिस स्थान पर कब्जा था वह वहीं तक रहेगा और इस प्रकार दोनों देशों के बीच इस युद्ध विराम रेखा अर्थात् नियंत्रण रेखा अर्थात मानसिक व अदृश्य रूप से दोनों देशों को बांटने वाली रेखा की लम्बाई 814 किमी है जो अखनूर सेक्टर के मनावर तवी के क्षेत्र के भूरेचक गांव से आरंभ होकर करगिल सेक्टर के उस स्थान पर जाकर समाप्त होती है जहां से सियाचिन हिमखंड की सीमा आरंभ होती है। जिस स्थान पर यह नियंत्रण रेखा समाप्तस होती है उस स्थान को एनजे-9842 का नाम दिया गया है जिसके मतलब हैं-पूर्वी अक्षांश पर 98 डिग्री और उत्तरी अक्षांश पर 42 डिग्री।

टीचर ने गधे के सामने एक दारू की और एक पानी की बाल्टी रख दी। गधा पानी पी गया। टीचर स्टूडेंट से : तुमने इससे क्या सीखा ?
स्टूडेंट्स : जो दारू नहीं पीता वो गधा होता है।



# महिलाओं को 25 सौ रुपए माह वाली गारंटी भी जुमला : आप

■ चुनाव में हर महिला को आर्थिक सहायता के वादे को लेकर रेखा सरकार पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने से पहले चुनाव के दौर में देश के सबसे बड़े पद पर आसीन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की महिलाओं से यह वादा किया था, कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के पश्चात हर महिला को 2500 रुपए आर्थिक सहायता के रूप में दिया जाएगा। वोट लेते समय तो भाजपा ने सभी से वोट मांगा और सबका वोट लिया और अब जब अपना वादा पूरा करने का समय आया है, तो भारतीय जनता पार्टी भिन्न-भिन्न प्रकार की शर्तें लगाकर जनता को बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी की यह गारंटी भारतीय जनता पार्टी के सभी नेताओं ने, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडड्ा ने, देश के गृहमंत्री अमित शाह ने, सभी भाजपा के लोगों ने अपने भाषणों में दोहराया और चिल्ला-चिल्ला कर यह कहा था, कि यह मोदी की गारंटी है, कि हर महिला को 2500 रुपए महीना आर्थिक सहायता के रूप में दिया जाएगा। साथ ही साथ यह वादा भी किया गया था, कि सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट की मीटिंग में यह प्रस्ताव पास किया जाएगा और 8 मार्च से सभी महिलाओं के खाते में 2500 रुपए आना शुरू हो जाएगा। सौरभ भारद्वाज ने कहा, परंतु आज जो खबरें मिल रही है उससे यह पता चलता है, कि मोदी जी की यह गारंटी भी एक झूठ का पुलिंदा निकली। अपनी बात को सत्यापित करते हुए सौरभ भारद्वाज ने कुछ तथ्य मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि यह गारंटी मोदी जी का एक और झूठ का पुलिंदा निकला यह मैं इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि भिन्न-भिन्न माध्यमों से मिल रही खबरों के अनुसार दिल्ली में बनी भाजपा की सरकार का यह कहना है, कि जो महिलाओं को 2500 महीना देने का वादा किया गया था, वह 18 साल से ऊपर वाली महिलाओं को नहीं बल्कि 21 साल से ऊपर वाली महिलाओं को दिया जाएगा।



अब जब अपना वादा पूरा करने का समय आया है, तो भाजपा भिन्न-भिन्न प्रकार की शर्तें लगाकर जनता को बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रही है : सौरभ भारद्वाज

## महिलाओं से वादा कर आंख मिचौली का खेल खेल रही सरकार : देवेन्द्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पहली कैबिनेट में दिल्ली की महिलाओं को महिला समृद्धि योजना के तहत 2500 रुपए मासिक देने के वादे को रेखा गुप्ता सरकार पिछले 3 महीनों से ठंडे बस्ते में डाल दिया है और लगातार अलग-अलग बयान देकर मुख्यमंत्री दिल्ली की लाखों महिलाओं को सिर्फ गुमराह कर रही हैं। यादव ने कहा कि महिला समृद्धि योजना की रूपरेखा तैयार किए बिना फिर एक बार मुख्यमंत्री का बयान कि 2500 रुपए तो देंगे लेकिन महिलाएं पूरा पैसा नही निकाल सकेंगी, जब पूरा पैसा नही निकाल सकते तो 2500 रुपए मासिक की योजना का नाम क्यों दिया जा रहा है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मैं रेखा गुप्ता से पूछना चाहता हूं कि क्या कमरतोड़ महंगाई और बेरोजगारी के दौर में भूख से लड़ने वाले गरीब पूंजी संचित करने की क्षमता रखता है। भाजपा दिल्ली की भोली भाली महिलाओं को भ्रमित बनाना बंद करें कि 2500 रुपए मासिक देंगे जिसका एक हिस्सा ही महिलाएं इस्तेमाल कर सकेंगी और एक हिस्सा आरडी खाते में जमा किया जाएगा। जब सरकार ने योजना का कोई प्रारूप ही तैयार नही किया है और न ही यह सुनिश्चित किया है कि किस स्तर की महिलाओं को 2500 रुपये मासिक मिलेंगे।

## मानसिक दिव्यांगों को गर्मी से राहत की करें मॉनिटरिंग : सिंह



■ समाज कल्याण मंत्री ने आशा होम्स में समर एक्शन प्लान को लेकर की समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली के समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने मंगलवार को मानसिक दिव्यांगों के लिए बने सभी आशा होम्स में समर एक्शन प्लान के तहत गर्मी से बचाव, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं और बुनियादी सुविधाओं के किए गए इंतजामों पर समाज कल्याण और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। रविन्द्र इन्द्राज ने रोहिणी, नरेला, हरि नगर और तिमारपुर में बने होम्स में रह रहे मानसिक दिव्यांगों के लिए एसी, डेजर्ट कूलर, रूम कूलर, पंखों की उपलब्धता, ठंडे और शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कूलर और आरओ की स्थिति जानी।

### स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

साथ ही टॉयलेट्स और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के स्पष्ट आदेश हैं की आशा होम्स में सुविधाओं में कोई लापरवाही न हो। उनके गर्मी से बचाव, भोजन व्यवस्था, बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करें। समाज कल्याण मंत्री ने दिव्यांगों को हीट एक्सपोजर से बचाने के लिए सभी आवश्यक इंतजामों के निर्देश दिए। तेज धूप से बचाने के साथ उन्होंने गर्मियों के हिसाब से भोजन में फ्रेश सलाद, दही, लेमन वाटर शामिल करने की बात कही। अधिकारियों ने गर्मी से राहत के लिए बिल्डिंग मेंटेनेंस, शेड निर्माण और वाटर स्प्रिंगक्लिंग की जानकारी दी।

## सार संक्षेप

### लैंक्सेस ने वित्त वर्ष 2024 में की अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद लैंक्सेस ने वित्त वर्ष 2024 में अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। इस अवधि में कंपनी का एबिटा प्रि-एक्सेप्शनल्स 19.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 614 मिलियन यूरो पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष 512 मिलियन यूरो था। कंपनी ने 20 जनवरी, 2025 को जारी अपने प्रारंभिक आंकड़ों की पुष्टि की है। कमाई में इस बढ़त का प्रमुख कारण उत्पादन क्षमता का बेहतर उपयोग और फॉरवर्ड कार्य योजना के चलते लागत में आई उल्लेखनीय कमी रही। हालाँकि लगभग सभी व्यावसायिक इकाइयों ने बिक्री मात्रा में बढ़त दर्ज की, लेकिन समूह की कुल बिक्री 5.2 प्रतिशत घटकर 6.366 बिलियन यूरो रही, जो पिछले वर्ष 6.714 बिलियन यूरो थी। यह गिरावट मुख्यतः कच्चे माल और ऊर्जा की लागत में कमी के कारण बिक्री कीमतों में आई गिरावट की वजह से हुई।

### भारत में डॉ. रेड्डीज़ और सनोफी ने नई दवा बेफ़ोर्टस की पेश

**नई दिल्ली।** विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर डॉ. रेड्डीज़ लैबोरेट्रीज़ लिमिटेड ने सनोफी हेल्थकेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार किया है ताकि भारत में एक नई दवा, बेफ़ोर्टस निर्सेविमैब को पेश किया जा सके। बेफ़ोर्टस में मोनोक्लोनल एंटीबॉडी, निर्सेविमैब, एक प्रीफिल्ड इंजेक्शन के रूप में शामिल है, जो रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस आरएसवी निचले श्वसन पथ रोग एलआरटीडी की रोकथाम के लिए उपयोग किया जाता है। डॉ. रेड्डीज़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ब्रांडेड मार्केट्स भारत और उभरते बाजार, एम.वी. रमना ने कहा कि हम इस बार भारत में नवजात शिशुओं और बच्चों में आरएसवी के बोझ को संबोधित करने के लिए एक नई दवा को लेकर सनोफी के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार करते हुए काफी खुश हैं। यह साझेदारी रोगियों तक नई, इनोवेटिव और विश्वसनीय दवाएं लाने में पसंदीदा साझेदार बनने के हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

### लाइफ इंडेक्स ने फ्री प्रीमियम मेमोरियल का ऑफर दिया

**नई दिल्ली।** लाइफइंडेक्स ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकी हमले में जान गंवाने वालों के परिवारों, मित्रों व समुदायों के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की है। 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लाइफइंडेक्स ने उनके सम्मान में फ्री प्रीमियम मेमोरियल बनाने का प्रस्ताव रखा है। इस पहल का उद्देश्य शोकाकुल परिवारों को अपने प्रियजनों की यादों को संजोने के लिए एक डिजिटल विकल्प प्रदान करना है। लाइफइंडेक्स के संस्थापक मनोज स्वरूप ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि पहलगाम में इतने लोगों की मृत्यु हृदय विदारक है। लाइफइंडेक्स एक ऐसा डिजिटल स्पेस है, जहां यादों को अगली पीढ़ियों के लिए संजोया जाता है। हम परिवारों को प्रोत्साहित करते हैं कि वे अपने प्रियजनों की यादों को संजोएं। पीड़ितों की यादें संजोते हुए हमारा उद्देश्य एक ऐसा स्पेस तैयार करना है, जो इस त्रासदी की यादें भुला सके।

# डॉ. रति कक्कड़ दिल्ली के नए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक नियुक्त

■ डॉ. कला अय्यर

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी की सरकार बदलने के बाद सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी की रेखा सरकार हर विभाग, हर मंत्रालय के पेंच टाइट करने में लगी है। इसी कड़ी में अब दिल्ली में सरकार बदलने के बाद स्वास्थ्य विभाग में बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। उपराज्यपाल की स्वीकृति पर जारी हुए आदेश के तहत दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल के सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड सीएमओ (मुख्य मेडिकल आफिसर) डॉ. रति मक्कड़ को दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) का नया महानिदेशक बनाया गया है।

जनवरी से एडिशनल डायरेक्टर डॉ. राजेश कुमार, डीजीएचएस का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे। डीडीयू अस्पताल में फोरेंसिक साइंस के निदेशक डॉ. बीएल चौधरी अब लोक नायक अस्पताल के चिकित्सा निदेशक के रूप में काम करेंगे। दिल्ली सरकार ने अपने 28 अस्पतालों के चिकित्सा निर्देशकों (एमडी) और चिकित्सा अधीक्षकों (एमएस) का ट्रांसफर किया है। इनका ट्रांसफर एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में करने के साथ निर्देश दिया गया है कि सभी अधिकारी अपने वर्तमान विभाग से किसी औपचारिक कार्य मुक्ति आदेश की प्रतीक्षा किए बिना अपने नए ट्रांसफर वाले स्थान पर रिपोर्ट करें।

■ दिल्ली सरकार में कई अस्पतालों की जिम्मेदारी संभाल रहे 28 अस्पतालों के एमएस और एमडी बदले

साथ ही किसी को भी एडिशनल चार्ज के संबंध में कोई भी अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा। आदेश में यह भी कहा गया है कि सभी डॉक्टरों और अधिकारियों को उनकी वर्तमान तैनाती से मुक्त किया जाता है और उन्हें निर्देश दिया जाता है कि कार्यभार सौंपने और कार्यभार ग्रहण करने का कार्य तुरंत किया जाना चाहिए। आदेश का पालन न करने को गंभीरता से लिया जाएगा। दक्षिण पूर्वी जिले की मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम को राव तुलाराम अस्पताल का चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है। वहीं लोकनायक अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुरेश कुमार को बाबासाहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज का डायरेक्टर प्रिंसिपल बनाया गया है। डॉ. सुरेश कुमार चार साल से भी अधिक समय से लोकनायक अस्पताल के चिकित्सा निदेशक के पद पर तैनात थे, जबकि दिल्ली सरकार के नियम के अनुसार किसी भी अस्पताल के प्रशासनिक पद पर कोई भी अधिकारी 3 साल से अधिक समय तक नहीं रह सकता है।

दिल्ली में सरकार बदलने के बाद से ही यह तय माना जा रहा था कि इनका ट्रांसफर किया जाएगा। उन्हें 2020 के अंत में लोकनायक अस्पताल का चिकित्सा निदेशक नियुक्त किया गया था। उस समय वह लोकनायक अस्पताल के ही मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष थे, जिन्हें प्रोन्नति देकर चिकित्सा निदेशक बनाया गया था।



■ नई दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच पानी की कमी के चलते एनडीएमसी के जल टैंकरों के माध्यम से लाइन में लगकर पानी भरते स्थानीय लोग। गर्मी के मौसम में राजधानी के कई इलाकों में पानी की समस्या बढ़ जाती है। फोटो इम्तियाज खान

# दिल्ली रत्न अवॉर्ड सेरेमनी का किया गया भव्य आयोजन



■ प्रतिष्ठित लोगों को किया गया सम्मानित

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। देश की प्रतिष्ठित संस्था भारत मंच ट्रस्ट द्वारा 11 वे दिल्ली रत्न सम्मान समारोह का आयोजन महाराष्ट्र सदन नई दिल्ली में किया गया। भारत वंश संस्था द्वारा 2013 से ही लगातार दिल्ली रत्न सम्मान समारोह आयोजन का कार्यक्रम किया जाता है जिसमें देश भर के प्रतिष्ठित लोगों को उनके अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया जाता है। इसमें पद्मश्री, पद्म भूषण आईएएस, आईपीएस के साथ-साथ देश के चुनिंदा लोग होते हैं जो समाज सेवा में लगातार बेहतर कार्य कर रहे होते हैं। भारत मंच संस्था के अध्यक्ष डॉ.प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि हर साल के बाद इस साल भी 11वे दिल्ली रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर 37 वे चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस केजी बालाकृष्णन व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रही। भारत मंच के चेयरपरसन डॉक्टर एमए खान ने बताया कि हर साल की भांति जुडिशरी ब्यूरोक्रेसी व दिल्ली पुलिस को मुख्य तौर पर उनके अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

# भाजपा ने कई निर्णय लेकर रचा इतिहास : वीरेन्द्र सचदेवा



**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की जहां अन्य राजनीतिक दल सत्ता में आने पर जैसटेशन पीरियड मांगते हैं वहीं दिल्ली वालों ने 8 फरवरी को भाजपा को चुना और भाजपा सरकार ने जीत के 3 महीने से कम में दिल्ली स्कूल एजुकेशन विधेयक 2025, आयुष्मान भारत कार्ड एवं महिला सम्मान राशि निर्णय लेकर इतिहास रच दिया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की गत 25 साल से दिल्ली वाले स्कूल फीस पर नियंत्रण के लिए कानून चाहते थे पर पहले कांग्रेस फिर अरविंद केजरीवाल सरकार ने शिक्षा सुधार के खोखले दावे एवं घोषणाएं तो की पर शिक्षा माफिया से सांठ-गांठ के चलते फीस नियंत्रण नियमों को कानून का रूप देने से बचते रहे पर आज भाजपा सरकार ने जन आकांक्षाओं की पूर्ति की है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की गत सप्ताह दिल्ली सरकार ने स्कूलों के प्रशासन से राजनीतिक हस्तक्षेप खत्म करते हुए एस.एम.सी. भंग की थीं और अब भाजपा सरकार एक लक्ष्य रहेगा की दो साल में यह सुनिश्चित हो की दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों में छात्रों को विज्ञान एवं कॉमर्स पढ़ने का अवसर मिले।


## उत्तर रेलवे

### (ई–नीलामी सूचना)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु **ई–नीलामी, IREPS** पोर्टल **(https://ireps.gov.in/)** पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है:–

| ई–कैटलॉग संख्या E-Catalogue No. | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/ स्थान/ पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking 14-2025 | दिनांक 14.05.2025 को 11.00 बजे | नई दिल्ली (AGS Side) (PCCV), मेरठकैंट (कंकनखेड़ा), आदर्श नगर (पी आर एस), कुरुक्षेत्र 1st Entry, दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW Parking), बरेटा, मुरादनगर, खतौली, कुरुक्षेत्र Site-1, कुरुक्षेत्र Site-2, करनाल (375 वर्गमीटर), शाहाबाद मारकंडा = कुल 12 साइटें |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |

**ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ:**
**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**
•इच्छुक बोलीदाताओ को आई.आर.ई.पी.एस. (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई.आर.ई.पी.एस. खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित कने में सक्षम होगी। •एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान •भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता •आई.आर.ई.पी.एस. खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण •फण्ड का लियन मार्किंग •टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) •जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नही है, वे आई.आर.ई.पी.एस. होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 **Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084** |

**संख्या. No. 23AC/393/E Auction/Pkg/2025 दिनांक: 28.04.2025** **1256/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# 'आप' ने दिल्ली नगर निगम में अंकुश नारंग को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने रणजीत नगर से पार्षद अंकुश नारंग को दिल्ली नगर निगम में विपक्ष का नेता नियुक्त किया है। मंगलवार को एमसीडी सचिव को लिखे पत्र में 'आप' की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने लिखा, "मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वार्ड नंबर 87 रणजीत नगर से पार्षद अंकुश नारंग को दिल्ली नगर निगम में विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया है।" यह घटनाक्रम एमसीडी में भारतीय जनता पार्टी भाजपा के फिर से सत्ता में आने के कुछ दिनों बाद हुआ है। महापौर चुनाव के नतीजे 25 अप्रैल को घोषित किए गए थे। राजा इकबाल सिंह महापौर चुने गए। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार मंदीप सिंह को 125 मतों के अंतर से हराया। 'आप' ने महापौर चुनाव का बहिष्कार किया था। वर्तमान में, 250 सदस्यीय नगर निकाय में भाजपा के 117 सदस्य हैं। 'आप' के 113 और कांग्रेस के आठ पार्षद हैं।

# कंटीन्यूअस मेडिकल एजुकेशन का आयोजन कराने पर बल

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने आज बोर्ड आफ एथिक्स एंड रजिस्ट्रेशन कमेटी एनसीआईएसएम भारत सरकार के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. आर के शर्मा से खास मुलाकात की हैं। इस मुलाकात में इस बात पर चर्चा हुई कि भविष्य में सभी राज्यों के बोर्ड और काउंसिल को यह निर्देश दिया जाए की प्रांतीय स्तर पर कंटीन्यूअस मेडिकल एजुकेशन सीएमई का आयोजन किया जाए। जिसमें पॉइंट्स मिलेंगे और इसके आधार पर रिनिवल और नया रजिस्ट्रेशन होगा।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

निविदा सं. **46245075A** के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Supply of Electrical Intervehicular Coupler Spares for AT-BT MEMU (ICF Rakes) & 8 Car Conversion to 12 Car Formation |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | 99,23,800/- |
| 3. | मात्रा | 01 set |
| 4. | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय | 27.05.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा दस्तावेज़ों को खोलने की तिथि एवं समय | 27.05.2025 (11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

**टिप्पणी :** (i) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्राप्ण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं।
**एनआईटी सं.–46245075A दिनांक : 24.04.2025** **1262/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर के स्थान को 02 वर्षो के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि एवं समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 07.05.2025 को 10:30 बजे | 12034 (F1), 12191 (F1 & F2) , 12215 (F1), 12428 (F1) (मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार, और रविवार), 12444 (F1), 12457 (F1 , F2 & R1), 12562 (F1), 12874 (F1), 12963 (F1), 14041 (R1) (रविवार), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20806 (F1), 20958 (F1), 22421 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1), 22806 (F1). |
| 2. | 08.05.2025 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060 (F1) (सोमवार & मंगलवार), 12191 (R1), 14331 (F1, F2 & R1), 12425 (F1), 12816 (F1), 14206 (F1), 14714 (F1), 15058 (F1), 20452 (F1), 22168 (R1), 22421 (F2 & R1), 22858 (F1), 22986 (F1). |
| 3. | 09.05.2025 को 10:30 बजे | 12002 (F1), 12011 (F1), 12013 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12045 (F1), 12066 (F1), 12148 (F1, F2), 12428 (F1) (सोमवार), 12448 (F1), 12455 (F1), 12481 (F1), 14041 (F1), 14053 (F2), 14212 (F1), 14305 (F1, F2, R1), 14731 (F1), 20938 (F1), 20946 (F1), 22454 (F1, F2, R1). |
| 4. | 13.05.2025 को 10:30 बजे | 12015 (F1), 12050 (F1), 14041 (F2), 14087 (F1, F2, R1), 14089 (F1, F2, R1), 14303 (F1, F2, R1), 14316 (F2), 14679 (F1), 15035 (F2), 15060 (F1, F2, R1), 20156 (F1), 20473 (F2), 22472 (F1, F2, R1), 54076 (F1, R1). |
| 5. | 14.05.2025 को 10:30 बजे | 12430 (F1), 12463 (F1), 12584 (F1), 12754 (F1), 12876 (F1), 14035 (F1, F2, R1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14521 (F1, F2, R1), 14681 (F1), 20473 (F1, R1), 20914 (F1), 22168 (F1, F2), 22438 (F1). |

**महत्वपूर्ण सूचना: 1.** ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2.** निम्नलिखित एस्सेट्स जिन्हें पुनः संशोधित रिज़र्व प्राइस (RP) पर आमंत्रित किया जा रहा है: **a.** 14041 (F1, R1). **b.** 54076 (F1, F2, R1). **c.** 22454 (F1, F2, R1). **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। **1265/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

जल भराव की समस्या से निपटने के लिए औद्योगिक क्षेत्र का सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश झा को निर्देश दिए। एक शिकायत पर मयूर माहेश्वरी ने एक भूखंड का बारिश न होने की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय प्रबंधक को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। साथी उन्होंने प्रशासनिक भवन की खराब स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की और जल्द से जल्द इसमें सुधार लाने को कहा: **मयूर माहेश्वरी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी।**

## मूर्ति आर्टिकल बनाने वाली कंपनी में लगी आग

**नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-2 स्थित एक कंपनी में आग लग गई। कंपनी में मूर्ति आर्टिकल बनाने का काम होता है। गनीमत रही कि आग फैलने से पहले ही बुझा दी गई। आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग में कोई फंसा नहीं है। आग लगते ही सभी कर्मचारी बाहर आ गए थे। आस पास की कंपनियों तक आग न फैले इसलिए उन पर पानी का छिड़काव किया गया। आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि थाना फेज-1 क्षेत्र के सेक्टर-2 में रविसेंट प्राइवेट लिमिटेड नाम एक कंपनी है। कंपनी में मूर्ति आर्टिकल बनाने का काम होता है। इस कंपनी के सेकेंड फ्लोर पर आग लगी थी। धुंआ उठते ही सभी लोग बाहर आ गए। कंपनी के गार्ड ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी। मौके पर दमकल की दो गाड़ियों को रवाना किया गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझा दिया गया। प्राथमिक जांच में आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई ‌। गनीमत रही की आग फैली नहीं अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।



■ **दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, 30 मिनट में पाया गया काबू**

## औद्योगिक क्षेत्र में तमाम बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं : मयूर माहेश्वरी

**गाजियाबाद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा)के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने मंगलवार को मसूरी गुलावठी रोड औद्योगिक क्षेत्र के उद्योग संघ के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं को सुना। इस मौके पर मयूर माहेश्वरी ने औद्योगिक क्षेत्र में तमाम बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जल भराव की समस्या से निपटने के लिए औद्योगिक क्षेत्र का सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश झा को निर्देश दिए। एक शिकायत पर मयूर माहेश्वरी ने एक भूखंड का बारिश न होने की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय प्रबंधक को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। साथी उन्होंने प्रशासनिक भवन की खराब स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की और जल्द से जल्द इसमें सुधार लाने को कहा।



■ **यूपीसीडा के सीईओ ने मसूरी गुलावठी रोड औद्योगिक क्षेत्र के उद्योग संघ के साथ बैठक की**

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र में के पार्कों में अंडरग्राउंड हाइड्रेंट लगाने का सुझाव पर परीक्षण करने को कहा। साथ ही उन्होंने पार्कों में हो रही खेती को रोकने और जल भराव की समस्या का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आवंटियों को निर्देश दिए कि वह अपनी फैक्ट्री के सामने व पीछे हरित क्षेत्र विकसित करें और उसे डस्ट प्रूफ बनाएं। साथ ही रैंप को भी तोड़ा जाए। उन्होंने वेंडिंग जोन में केवल अधिकृत वेंडर्स को ही अपनी गतिविधि करने को निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जो अनाधिकृत वेंडर हैं उनको तत्काल हटाया जाए।

उन्होंने अवंतियों को सेट बैक में नियमों का पालन करने को कहा। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टिगत औद्योगिक क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा की संख्या बढ़ाने साथ ही भूखंडों को ट्रेस करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में कचरा निस्तारण के इंतजाम करने को भी कहा। इस बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश झा समेत तमाम औद्योगिक संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए।



## सीकरी खुर्द में काटी जा रही दो अवैध कॉलोनी जीडीए ने तोड़ी

**गाजियाबाद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए, का बुलडोजर मंगलवार को संजीवनी स्टेट कॉलोनी के पास मोदीनगर में चला और वहां पर 30 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में विकम सिंह, विपिन कुमार व संजीव कुमार द्वारा खसरा संख्या-835, ग्राम सीकरी खुर्द, निकट संजीवनी स्टेट कॉलोनी के पास मोदीनगर पर लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लॉटिंग हेतु सड़क पर टाइल्स लगाने का कार्य पूर्व में किया गया था। विकम सिंह, विपिन कुमार व सजीव कुमार द्वारा लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लॉटिंग हेतु सड़क पर टाइल्स लगाने का कार्य पूर्व में किया गया है। इन अवैध कालोनियों में कालोनाईजर द्वारा बनायी जा रही सड़क, बाउन्ड्रीवॉल, आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हें नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गई। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगो को सख्त निर्देश दिए गए कि बिना अनुमति किए गए किसी भी निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा।

## मेरठ निवासी युवक से मारपीट, कार तोड़ी

**नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटरनोएडा में विप्रो कंपनी के सामने तीन लोगों के साथ मारपीट व कार तोड़ने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी कार भी पुलिस ने जब्त कर ली है। ये झगड़ा दोनों पक्षों में एक महिला मित्र को लेकर हुआ था। पीड़ित मेरठ निवासी अभिनव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वो अपने दोस्त सचिन नागर निवासी ग्रेटरनोएडा के यहां आया था। 27 अप्रैल की रात करीब डेढ़ बजे हम दोनों अपने तीसरे दोस्त सुशांत नागर को लिया और खाना खाने जा रहे थे। इस दौरान रेड कारपेट गोलचक्कर के पास तीन कार हमारा पीछा करने लगी। हमने कार ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण की ओर मोड़ दिया। यहां विप्रो कंपनी के सामने तीनो कार ने हमे रूकवा लिया। इसके बाद उन लोगों हमारे साथ जमकर मारपीट की। हमे लाठी डंडो से पीटा और बंदूक की बट भी मारी। किसी तरह जान बचाने के लिए डायल-112 नंबर पर फोन किया। आरोपी वहां से भाग गए। मारपीट करने वालों में सुमित, अंशुल और प्रिंस यादव नोएडा के एक गांव रहने वाले थे। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच की। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसके बाद तीनों आरोपी अंशुल यादव, सुमित यादव और प्रिंस यादव को हिरासत में लिया। साथ ही घटना में प्रयोग की गई काले रंग की फार्च्यूनर कार भी बरामद की गई। पूछताछ में बताया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट एक महिला मित्र के लिए की गई थी।

## सार संक्षेप

### भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया



**खोड़ा।** विष्णु भगवान के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पूजन हवन करके भंडारे का आयोजन किया गया। नेहरू गार्डेन स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और ज्योति जलाने के बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सभासद सी पी शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने धरती पर व्याप्त आतंक अन्याय और पापचार से मुक्ति दिलाने के लिए परशु धारण किया था। मंदिर में भगवान परशुराम का पूजन हवन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभासद सी पी शर्मा जितेंद्र शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा खोड़ा इकाई के तत्वाधान में बालाजी हवन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर पंडित रूपचंद तिवारी, रंजीत पाण्डेय, अंकित दुबे, शेखर लक्ष्मण चौधरी, परविंदर शर्मा ललित झा, संतोष मिश्रा सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### तमंचे के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** अलग-अलग थानाक्षेत्र से तीन बदमाशों को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया है। सेक्टर-20 पुलिस ने चेकिंग के दौरान दिल्ली के कल्याणपुरी निवासी सन्नी सिंह को सेक्टर-29 के पीछे नाले की पुलिया के पास से दबोचा। उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। जिस समय सन्नी की गिरफ्तारी हुई वह वारदात की फिराक में घूम रहा था। 26 वर्षीय सनी के खिलाफ दिल्ली और नोएडा के अलग-अलग थानों में चोरी और आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में सात केस दर्ज हैं। इसके अलावा सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने दिल्ली के त्रिलोकपुरी निवासी मोहम्मद शारिफ को सेक्टर-26 स्थित पार्क के पास से तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। बदमाश के खिलाफ दिल्ली और नोएडा के अलग-अलग थानों में तीन केस दर्ज हैं। साथ ही सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने राजस्थान के चुरु निवासी दीनदयाल को तमंचे के साथ दबोचा। पुलिस दीनदयाल का आपराधिक इतिहास पता कर रही है।

### रेकी कर दो पहिया वाहनों की चोरी करने वाले लिटिल गैंग का पर्दाफाश

**नोएडा।** रेकी करने के बाद दो पहिया वाहनों की चोरी करने वाले लिटिल गैंग का पर्दाफाश फेज दो थाने की पुलिस ने मंगलवार को किया। बदमाशों में दो नाबालिग भी शामिल हैं। बदमाशों की निशानदेही पर चोरी की चार बाइक बरामद हुई है। गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। फेज दो थाना प्रभारी ने बताया कि उप निरीक्षक आस्था चौधरी की अगुवाई में पुलिस टीम सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मेट्रो स्टेशन के पिलर संख्या 190 की तरफ से एक बाइक पर सवार होकर तीन लोग आते हुए दिखे।

## नगर आयुक्त की सख्ती का असर, सीवर समस्याओं के समाधान हेतु बढ़ी कार्यो की रफ्तार

**गाजियाबाद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के द्वारा सीवर समस्याओं के समाधान को लेकर जलकल विभाग तथा वबैग टीम के प्रति सख्त रवैया अपनाया जा रहा है। जिसके चलते नगर आयुक्त द्वारा न केवल अधिकारियों के ट्रांसफर किए हैं बल्कि वबैग टीम के प्रोजेक्ट मैनेजर को भी बदल गया है। जिसके उपरांत देखने में आ रहा है 24 घंटे कार्य करने पर सीवर समस्याओं के समाधान का सकारात्मक रिजल्ट निकल रहा है। पेंडिंग शिकायत का भी समाधान किया जा रहा है, अधिकारियों द्वारा की जा रही मॉनिटरिंग पर भी पल-पल की खबर नगर आयुक्त द्वारा ली जा रही है। नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग द्वारा भी रात्रि में सीवर मैन हाल की सफाई का कार्य टीम से लिया जा रहा है। क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा भी कड़ी मेहनत करते हुए रात्रि में कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन 1 वार्ड संख्या 80, प्रताप विहार सेक्टर 11 विजय नगर वार्ड संख्या 55 तथा वार्ड संख्या 26, पटेल नगर वार्ड संख्या 88, नेहरू नगर थर्ड, वार्ड संख्या 8 कलका गड़ी चौक, घुकना व अन्य क्षेत्रों से प्राप्त समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है रात्रि में भी प्रबल मॉनिटरिंग में समस्याओं का समाधान वाबेग टीम के द्वारा किया जा रहा है।



## 30 जून तक गोदावरी मार्केट का पूरा किया जाए नवीनीकरण कार्य

**नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-37 स्थित गोदावरी मार्केट का नवीनीकरण किया जा रहा है। मंगलवार को इसका निरीक्षण सीईओ लोकेश एम ने किया। इस मौके पर प्राधिकरण डीजीएम सिविल विजय रावल, वरिष्ठ प्रबंधक और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मार्केट में लाइट को बढ़ाया जाए। कुछ स्थानों पर अंधेरा लग रहा है यहां अधिक लाइट लगाई जाए। निरीक्षण के दौरान मार्केट के पीछे की ओर खाली स्थान पर गंदगी पाई गई। इसे साफ करने और स्टोर के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। मार्केट के नवीनीकरण का काम 30 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए। बता दे सेक्टर-37 गोदावरी मार्केट करीब 40 साल पुरानी है। यहां भूतल पर 38 दुकान और 5 कियोस्क है। इस मार्केट के प्रथम तल पर पांच हॉल है। यहां रोजाना हजारों की संख्या में फुटफॉल है। यहां प्राधिकरण द्वारा नवीनीकरण और फसाड लाइट लगाई जा रही है। जिस पर करीब 2.34 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है।



## नोएडा ग्रेटर नोएडा में 70 हजार बायर्स को नहीं मिला फ्लैट

■ **कथित सांठगांठ की जांच सीबीआई करेगी**
■ **बिल्डर के सबवेंशन स्कीम का हुए शिकार**

**नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। एनसीआर में बिल्डरों और बैंकों और एनबीएफसी के बीच कथित सांठगांठ की जांच सीबीआई करेगी। ये आदेश सुप्रीम कोर्ट ने बायर्स की याचिका पर दिया है। यह निर्णय उन हजारों घर खरीदारों की शिकायतों के बाद आया है, जो सालों से अपने फ्लैटों का कब्जा नहीं पा सके हैं, जबकि बैंकों द्वारा उन्हें ईएमआई चुकाने के लिए बाध्य किया जा रहा है। इसमें से हजारों की संख्या में ऐसे बायर्स है जो अब डिफाल्टर की श्रेणी में आ चुके है। नोएडा ग्रेटरनोएडा में ऐसे करीब 70 हजार फ्लैट बायर्स है जिनको अब तक पजेशन नहीं मिला है।

नेफोमा के अध्यक्ष अन्नू खान ने बताया कि यहां हजारो फ्लैट बायर्स हैं जिन्होंने बिल्डर को पूरा पैसा दिया। बिल्डर पर ईएमआई पर ब्याज बैंक में जमा नहीं किया। ऐसे बायर्स डिफाल्टर हो गए।

**क्या है कोर्ट का आदेश इसे जाने**

सुप्रीम कोर्ट के अपने आदेश में कहा कि एनसीआर में बिल्डर-बैंकों के गठजोड़ की सीबीआई जांच होगी। इस मामले में सीबीआई निदेशक को एसआईटी बनाने के निर्देश दिए गए है। यूपी और हरियाणा डीजीपी को सीबीआई को पुलिस अफसर मुहैया कराने के आदेश दिया गया है। मामले की मॉनिटरिंग खुद सुप्रीम कोर्ट करेगा। इस मामले में सीबीआई से मांगी अंतरिम स्टेटस रिपोर्ट मांगी गई है। इस मामले में हर महीने सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा।

**बायर्स को फंसाने के लिए बिल्डर लेकर आया सबवेंशन स्कीम क्या है?**

सबवेंशन स्कीम रियल एस्टेट डेवलपर्स द्वारा बैंकों के सहयोग से शुरू की गई एक भुगतान योजना थी। जिसका उद्देश्य घर खरीदने वालों के लिए संपत्ति खरीदना अधिक आसान और आकर्षक बनाना था। इस योजना के तहत खरीदार एक छोटे से शुरुआती निवेश के साथ घर बुक कर सकते थे। जबकि बिल्डर ने कब्जा मिलने तक लोन ब्याज (प्री-ईएमआई) का भुगतान करने की जिम्मेदारी ली थी।

**सबवेंशन स्कीम कैसे काम करती है**

घर खरीदने वाला व्यक्ति एक अग्रिम राशि का भुगतान करता था, जो आमतौर पर कुल संपत्ति लागत का 5 प्रतिशत से 20 प्रतिशत होता था।

बैंक शेष राशि के लिए होम लोन स्वीकृत करता था और कुल लागत का 80-95 प्रतिशत सीधे डेवलपर को वितरित करता था।

बिल्डर परियोजना पूरी होने और कब्जा सौंपे जाने तक लोन पर केवल ब्याज (प्री-ईएमआई) का भुगतान करने के लिए सहमत हुआ।

जब खरीदार को संपत्ति का कब्जा मिल गया, तो उसने शेष राशि का भुगतान किया और लोन पर पूरी ईएमआई का भुगतान करना शुरू कर दिया।

**कैसे बायर्स हो गए डिफॉल्टर**

बिल्डर की योजना में बायर्स आ गए। उन्होंने कुल लागत का 5 से 20 प्रतिशत तक पैसा बिल्डर को देकर फ्लैट बुक कराया। इसके बाद बिल्डर ने बैंक से प्रॉपर्टी पर 80 प्रतिशत का लोन दिलाया। ये लोन बिल्डर के पास गया। योजना के तहत बिल्डर को लोन की ईएमआई पर लगने वाले ब्याज का भुगतान बैंक को करना था। कुछ किस्ते भरने के बाद बिल्डर ने ब्याज देना बंद कर दिया। ये पैसा अन्य परियोजना में डायवर्ट किया। साथ ही निर्माण कार्य भी बंद कर दिया। ऐसे में बायर्स को न तो फ्लैट मिला ब्याज और किस्त जमा नहीं होने पर वो डिफाल्टर हो गया।

## अक्षय तृतीया पर सोनाटा ने पेश की 'सोनाटा गोल्ड' घड़ी

**गाजियाबाद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। अक्षय तृतीया का त्योहार आ रहा है, जिसे समृद्धि एवं सकारात्मक शुरूआत का प्रतीक माना जाता है, इसी के मद्देनजर पेश किया गया कलेक्शन सोनाटा गोल्ड, सोने के उपहार को नया दृष्टिकोण प्रदान करता है। इस कलेक्शन की हर घड़ी के डायल में 0.15 ग्राम का 22 कैरट तनिष्क गोल्ड कॉयन है, एक शानदार डीटेल जो कारीगरी, विरासत एवं डिजाइनिंग को दर्शाता है। यह कलेक्शन उन लोगों के लिए बेहतरीन है, जिन्हें बारीकी से तैयार किए गए डिज़ाइन खूब लुभाते हैं। इन घड़ियों का स्लीक केस डिज़ाइन, गोल्ड कॉयन से युक्त लैकर्ड हाई-पॉलिश ब्लैक डायल और असली लैदर का स्ट्रैप इसे बेहद आकर्षक और खास बनाता है।



इस नई पेशकश पर बात करते हुए श्री प्रतीक गुप्ता, ब्राण्ड हैड, सोनाटा ने कहा कि सोनाटा गोल्ड सिर्फ एक घड़ी नहीं बल्कि एक अनुभव है। हम कुछ ऐसा बनाना चाहते थे, जो प्रीमियम अहसास दे, सदाबहार होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी हो। ये घड़ियां उन लोगों के लिए हैं जो डिज़ाइन को महत्व देते हैं- ये आपके और आपके प्रियजनों के लिए सोने की सशक्त अभिव्यक्ति है। इस कलेक्शन में पुरुषों एवं महिलाओं के लिए डिज़ाइन किए गए बेहद भव्य दो वेरिएन्ट हैं, जिनकी कीमत रु 5695 से रु 5995 के बीच है। तो सोनाटा गोल्ड त्योहारों के इस सीज़न एक बेहतरीन उपहार है।

## मुस्लिम समाज के गरीब, पिछड़े व महिलाओं को लाभ देगा वक्फ सुधार : बसंत त्यागी

**नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत मंगलवार को भाजपा नोएडा महानगर जिला कार्यालय सेक्टर-116 में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम समाज, गरीब मुस्लिमों, पसमांदा समाज, मुस्लिम बुद्धीजीवियों व मुस्लिम महिलाओं के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसंत त्यागी प्रदेश मंत्री भाजपा उत्तर प्रदेश जिलाध्यक्ष नोएडा महानगर महेश चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक एवं मंच संचालक युद्धवीर चौहान तथा सह संयोजक चमन अवाना उपस्थित रहे। मुस्लिम समाज को संबोधित करते हुए बसंत त्यागी ने कहा कि वक्फ सुधार मुस्लिम समाज के गरीब, पिछड़े एवं महिलाओं के लाभ के लिए हुए है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से वक्फ की वास्तविक संपत्ति का लाभ उन्हें के समाज के लोगों के उत्थान में होगा। उन्होंने बताया कि वक्फ की संपत्तियों से बच्चों के लिए अच्छे स्कूल, अस्पताल इत्यादि जन उपयोगी कार्य भी किए जाने चाहिए जिससे उसका समाज और देश के विकास में भी योगदान हो। जिलाध्यक्ष महेश चौहान ने मुसलमानों को संबोधित करते हुए कहा कि वक्फ की असीमित शक्तियों पर अंकुश लगने से वक्फ में व्याप्त भ्रष्टाचार भी कम होगा और उसका सही उपयोग मुसलमानों के विकास में हो सकेगा। पूरे मुसलमान समाज को विकास की मुख्यधारा से दूर रखा जिससे इनका उपयोग वो लोग समय समय पर वोट बैंक के रूप में कर सकें। उन्होंने कहा कि अब देश का सच्चा मुसलमान जाग रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास की मुख्यधारा से जुड़ भी रहा है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, डिंपल आनंद, प्रज्ञा पाठक एहसान खान हसन, सरताज जीनत, वज़ीहा, जियाउर्रहमान, आदिल, नईम खान, फरमान, मोबिन, सलमान, अनवर, अशफाक, हारून, भूपेश चौधरी राहुल शर्मा अशोक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## आतंकवाद के विरोध में लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर जलाए पुतले

**खोड़ा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलवामा में कायर आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में जनमानस का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गलियों और चौराहों पर घरों से निकलकर लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। आतंकवादियों के पुतले जलाने का सिलसिला लगातार जारी है। आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान के झंडे जलाकर पाकिस्तान के विरोध में नारेबाजी जारी है।




पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ रोष व्यक्त करने के लिए भारी संख्या में लोग घरों से चौराहों पर निकलकर पुतले जला रहे है। जैसे-जैसे दिन बीत रहे हैं लोगों में पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगो का कहना है कि भारत कब तक निर्दोष पर्यटकों की हत्याओं का जघन्य अपराध सहन करता रहेगा। रविवार को साहिल पब्लिक स्कूल के समीप लोगो ने आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक रूप से हवन यज्ञ करके श्रद्धांजलि दी। मौके पर विहिप के वैशाली महानगर अध्यक्ष डॉक्टर ब्रह्मकुमार गुप्ता सभासद रामवीर यादव नामित सभासद देवेंद्र गिरी भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष अवधेश यादव संजय मिश्र अवनीश यादव एस पी यादव अखिलेश दुबे सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इंडिया गठबंधन के तत्वाधान में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को पुलवामा हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए बिहारी कॉलोनी में कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च बिहारी कॉलोनी से शुरू होकर कालू सीमेंट एजेंसी थापर गेट आदि क्षेत्रों में निकालकर पाकिस्तान के विरोध में नारे लगाए गए। लोगो ने मृतक आत्मा की शांति के लिए मौन धारण करके अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश गुप्ता डॉक्टर एच आर बजरंगी अशोक तोमर श्रीकांत गुप्ता उमाशंकर शर्मा विशंभर नेगी पुष्पेंद्र राठौर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने रोष प्रकट करते हुए सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। कालू सीमेंट एजेंसी से चौधरी चरण सिंह गेट अहिल्याबाई द्वार से थापर गेट से गौशाला पर पुतला दहन करके देशविरोधी तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मौके पर शालू सिंह, आकाश ठाकुर, काजल प्रजापति, पूनम गोयल, आशीष पोरवाल, माधव बजरंगी, कृष्ण तोमर, शुभम यादव, पुष्पेंद्र शर्मा, निक्कू सिंह, प्रिंस पंडित, निशु जाटव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस प्रयास किए गए : डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**गाजियाबाद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने मंगलवार को यहां कहा कि महिला सशक्तीकरण और बालिका कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से जब 'नारी शक्ति' के सशक्तीकरण का आह्वान किया था, तभी से यह विषय राष्ट्रीय विकास के केंद्र में आ गया है। उनके इसी विचार को आत्मसात करते हुए उत्तर प्रदेश में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस प्रयास किए गए हैं।



लक्ष्मीकांत आज जीजीआईसी विजयनगर में महिला सशक्तीकरण से सम्बंधित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जीजीआईसी की छात्राओं का विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। उन्होंने बताया कि पहले ओएनजीसी के सहयोग से प्रदेश के दो जिले हापुड़ व मेरठ में 15,000 कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित कर कुपोषण के खिलाफ व्यापक कार्य किया गया। 6 माह के उपरांत इन मशीनों का नियमित रिफिल कार्य उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजनाओं के अंतर्गत सुनिश्चित किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक संजीव शर्मा ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से ईआईएल की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीमती वर्तिका शुक्ला (वर्चुअल माध्यम से), सीएसआर प्रमुख विवेक अवस्थी (वर्चुअल माध्यम से), श्री अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी, कार्यक्रम संयोजक श्री अनमोल खन्ना, बीएसए ओपी यादव, एडीआईओएस, जीजीआईसी प्रधानाचार्या श्रीमती विभा चौहान उपस्थित रहे।

## संतोष हॉस्पिटल शहर के साथ-साथ गांवो में भी सफलतापूर्वक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रहा : डॉ. मनीष

**गाजियाबाद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। संतोष हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. मनीष साबरवाल ने मंगलवार को बताया कि संतोष हॉस्पिटल शहर के साथ-साथ गांवो में भी सफलतापूर्वक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रहा है, और



चिकित्सा क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि संतोष मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पिछले 30 वर्षो से क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के द्वारा न्यूनतम दरों पर इलाज की सुविधा प्रदान कर रहा है। सुपर स्पेशलिटी सेवाओं की विस्तार से चर्चा की, और विभिन्न विभाग कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी गैस्ट्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, पल्मोनरी डिपार्मेंट, के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली एनसीआर में सबसे कम दरों पर संतोष हॉस्पिटल स्वास्थ्य संबंधि सभी सेवाएं प्रदान करा रहा है और चिकित्सा क्षेत्र में तेजी से अपनी चिकित्सय सेवाओं में विस्तार कर रहा है। डीन अकैडमीक (जनरल सर्जरी) डॉक्टर शलभ गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर (इंटरनल मेडिसिन)डॉक्टर नेहा गुप्ता, डॉक्टर पुलकित गुप्ता (यूरोलॉजिस्ट), डॉक्टर सिद्धार्थ वडोला (गैस्ट्रोलॉजिस्ट) ने अपने विभागीय संबंधित बीमारियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

डॉक्टर पुलकित गुप्ता ने कहा कि ब्लैडर कैंसर से बचने के लिए धूम्रपान व शराब का सेवन बिलकुल नहीं करना चाहिए, समय-समय पर अपनी जांच करानी चाहिए, डॉक्टर नेहा गुप्ता ने (जनरल मेडिसिन) मेडिसिन विभाग से संबंधित मौसमी बीमारियों के विषय में जानकारी दी और संदेश दिया बीमारी का समय से इलाज करना चाहिए नहीं तो बीमारियां गंभीर और जानलेवा हो जाती है, समय से बीमारी का इलाज और सही जानकारी जरूरी है। आईएसआर हेड डॉ. श्वेता चौधरी ने कहा कि संतोष हॉस्पिटल एक प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान है, जो मरीज को उच्च गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करता है और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 लाख तक का इलाज मुफ्त प्रदान करता है, अस्पताल में 24 घंटे ब्लड बैंक इमरजेंसी, लैब, रेडियोलॉजी की सुविधा प्रदान कर रहा है।

उवाच

यदि किसी नागरिक को ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में बीमार या चोटिल सामुदायिक पशु की जानकारी मिलती है, तो वह 8860006496 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। सूचना के आधार पर आवश्यक कार्रवाई तत्काल की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पशुओं के प्रति संवेदनशीलता और मानव-पशु सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है : **आरके भारती, गौशाला महाप्रबंधक।**

# ग्रेनो वेस्ट में 45 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण जल्द शुरू करने की तैयारी

- **प्राधिकरण ने कंपनी का चयन किया, 80 करोड़ रुपए किए जाएंगे खर्च**
- **आधुनिक तकनीक से युक्त संयंत्र को सौर ऊर्जा से भी होगा संचालित**
- **ग्रेनो वेस्ट इलाके के इकोटेक-3 में 20 एमएलडी क्षमता का एसटीपी पहले से किया जा रहा संचालित**

**ग्रेटर नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 45 एमएलडी क्षमता के सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) का निर्माण मई माह के पहले सप्ताह में शुरू किए जाने की तैयारी है। इसके लिए प्राधिकरण ने निर्माणकर्ता एजेंसी का चयन कर लिया है। आधुनिक तकनीक पर आधारित इस संयंत्र के निर्माण पर 80 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह सौर ऊर्जा युक्त भी होगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-1 में चार एकड़ में स्थापित होने वाले इस एसटीपी का निर्माण शुरू होने के 15 माह में कंपनी को काम पूरा करना होगा। इसके संचालन और रखरखाव के लिए 120 माह की कार्य अवधि निर्धारित की गई है। प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक संयंत्र का निर्माण शुरू करने से पहले पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इसमें वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण व कचरा प्रबंधन आदि शामिल हैं। निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए विभिन्न मानकों का ध्यान रखा जाएगा। संयंत्र के संचालन के लिए तीन माह का परीक्षण भी निर्धारित किया गया है। वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा ने बताया कि मई माह के पहले सप्ताह में निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। इस संयंत्र को सौर ऊर्जा से भी युक्त किया जाएगा, ताकि बिजली की बचत हो सके।

**भविष्य की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सभी मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। एसटीपी का निर्माण भी उसी दिशा में एक कदम है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 45 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण जल्द शुरू हो जाएगा। इससे भूजल को प्रदूषित होने से बचाने के साथ स्वच्छता में भी मदद मिलेगी। एसटीपी के शोधित जल का पुनरू उपयोग में लाने की योजना पर भी काम चल रहा है। एनजी रवि कुमार, सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

दरअसल सीवर को शोधित करने के बाद ही नालों में छोड़ने के संबंध में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा बार-बार दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। सीवर के शोधित जल को पुनरू उपयोग में लाने पर भी जोर है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अगले 25 साल की योजना के तहत एसटीपी की संख्या 10 से अधिक की जानी है। इसके तहत ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 45 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण करने के साथ चयनित कंपनी 10 साल तक संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी संभालेगी। अधिकारी के मुताबिक द्वारा सभी एसटीपी अत्याधुनिक तकनीक सिक्वेंशियल बैच रिएक्टर (एसबीआर) से युक्त होंगे। इससे सीवेज के संशोधन में पर्यावरण को किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचेगा। बता दें कि मौजूद समय में ग्रेटर नोएडा में 4 एसटीपी चालू स्थिति में हैं।

# नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई के निर्माण कार्यों की समीक्षा आज करेंगे मुख्य सचिव

- **अंतरराष्ट्रीय और घरेलू विमानों की कब से शुरू होगी उड़ान, इस पर हो सकता है फैसला**
- **मुख्यमंत्री ने 10 मार्च को की था एयरपोर्ट के विकास कार्यों की समीक्षा**

**ग्रेटर नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, जेवर से अंतरराष्ट्रीय, घरेलू और कार्गो विमानों का उड़ान भरने के लिए निर्माण कार्य किस स्तर पर पहुंच गया है, उड़ान को लेकर चल रही प्रक्रिया कहां तक पहुंची है, इन सब सवालों का जवाब तलाशने प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह बुधवार जेवर एयरपोर्ट पहुंच रहे हैं। नोएडा एयरपोर्ट के विकास कार्यों से जुड़ी एजेंसियों यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, टाटा प्रोजेक्ट, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। नोएडा एयरपोर्ट से विमानों का उड़ान शुरू करने का अंतिम टाइम लाइन भी निर्धारित किया जा सकता है।

बता दें कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से विमानों का उड़ान अप्रैल तक संभावित था। निर्माण कार्य समय से पूरा न होने पर अप्रैल से विमानों का उड़ान शुरू नहीं हो पाया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने 10 मार्च को एयरपोर्ट के विकास कार्यों की समीक्षा किया था। जिस पर मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट का विकास कार्य समय से पूरा न होने पर नाराजगी जाहिर की थी। सभी स्टेकहोल्डर्स अपने-अपने संगठनों में इस विलंब के लिए उत्तरदायित्व निर्धारित करने के लिए कहा था। 15 मई तक घरेलू यात्री, कार्गो टर्मिनल बिल्डिंग का कार्य पूरा करने, 15 से 25 जून के बीच अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया था।

ईपीसी कांट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट को कैचप प्लान तैयार कर सख्ती से इसकी समीक्षा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया था। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में निर्माण कार्य से जुड़ी सभी एजेंसियों के साथ बैठक कर 15 दिन के अंदर विकास कार्यों की सभी गतिविधियों का रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह बुधवार को नोएडा एयरपोर्ट जेवर में बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक में टाटा संस के चेयरमैन भी मौजूद रहेंगे।

# पशुओं के उपचार व उनके व्यवहार निरीक्षण के लिए पशु चिकित्सक की तैनाती

**ग्रेटर नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में लगातार बढ़ती जनसंख्या के साथ ही लावारिस पशुओं (स्ट्रे डॉग्स, बिल्लियां आदि) की समस्याएं भी सामने आ रही हैं। इन पशुओं के बीमार, चोटिल या हिंसक व्यवहार के कारण जनसुरक्षा



**जलपुरा गौशाला में चोटिल लावारिश पशुओं की होगी चिकित्सा**

से संबंधित शिकायतें प्राधिकरण को प्राप्त हो रही थीं। इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एक अहम कदम उठाया है। ग्राम जलपुरा स्थित गोशाला में एक अनुभवी पशु चिकित्सक की नियुक्ति की है। आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से सेवानिवृत्त पशु चिकित्साधिकारी सत्यपाल सिंह राठी को पशु चिकित्सक के पद पर तैनात किया गया है। राठी गौशाला में गौवंशों के उपचार के साथ ही क्षेत्र में रहने वाले चोटिल, बीमार, अथवा रेबीज प्रभावित सामुदायिक पशुओं के उपचार, पकड़ने एवं उनके व्यवहार के निरीक्षण का कार्य भी देखेंगे। यह पहल जनसुरक्षा के साथ-साथ पशु कल्याण की दिशा में भी एक सराहनीय प्रयास है।

गौशाला के महाप्रबंधक आरके भारती ने बताया कि यदि किसी नागरिक को ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में बीमार या चोटिल सामुदायिक पशु की जानकारी मिलती है, तो वह 8860006496 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। सूचना के आधार पर आवश्यक कार्रवाई तत्काल की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पशुओं के प्रति संवेदनशीलता और मानव-पशु सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राधिकरण का यह प्रयास क्षेत्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पशु कल्याण को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# प्लॉस्टिक मुक्त शहर व पशु कल्याण के लिए ग्रेनो प्राधिकरण में बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बोर्ड रूम में मंगलवार को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पर्यावरण संरक्षण तथा पशु कल्याण से जुड़े मुद्दों पर गहन मंथन किया गया।

बैठक में प्लास्टिक उपयोग को समाप्त कर पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। निर्णय लिया गया कि ग्रेटर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में स्थित दुकानों और बाजारों में पॉलिथीन थैलों के स्थान पर कपड़े अथवा जूट से बने थैलों का उपयोग अनिवार्य किया जाएगा। इसके साथ ही, एकल-उपयोग प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करते हुए, जनजागरूकता अभियानों को और



**सेक्टरों में स्थित दुकानों और बाजारों में कपड़े व जूट से बने थैलों के उपयोग को अनिवार्य करने पर निर्णय**

अधिक प्रभावी ढंग से चलाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्लास्टिक से बनी अन्य वस्तुओ, जैसे डिस्पोजेबल बर्तन, स्ट्रा, चम्मच आदि के स्थान पर बायोडिग्रेडेबल या पुन: उपयोग योग्य विकल्पों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, शहर में बढ़ती आवारा कुत्तों की संख्या को लेकर भी बैठक में गंभीरता से विचार किया गया। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि मोहल्लों में रहने वाले सभी स्ट्रीट डॉग्स की समयबद्ध नसबंदी की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए, ताकि जनसुरक्षा एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। प्राधिकरण द्वारा लिए गए ये निर्णय ग्रेटर नोएडा को एक स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील शहर बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम हैं।

इस बैठक में इंटरनल एनर्जी फाउंडेशन की एमडी जयंती आर अयंगर, इंटरनल एनर्जी फाउंडेशन की एडिशनल सेक्रेट्री सिमरन भाटिया, एडवोकेट मनीष गुप्ता ट्रस्टी इंटरनल एनर्जी फाउंडेशन, एंटी प्लास्टिक वारियर शैल माथुर, अनुराधा डोगरा वशिष्ठ, एनिमल केयर गिवर, रितु सिंह और विधि शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# अवैध नशे के स्रोतों के विरुद्ध जिला प्रशासन चलाएगा अभियान

**ग्रेटर नोएडा,** 29 अप्रैल (देशन्धु)। नशे के कारोबार व युवा पीढ़ी को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई, जिसमें जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार द्वारा नशीले पदार्थों पर अंकुश लगाने की वर्तमान तक की गई कार्रवाई से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती युवाओं को नशे से बचाना है, इसके लिए जनपद में नशा मुक्ति अभियान संचालित करते हुए युवाओं को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के श्रोतों पर रोक लगाने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, विश्वविद्यालयों, अन्य शिक्षण संस्थाओं, आरडब्ल्यूए सोसाइटी, स्वयंसेवी संस्थाओं का अधिक से अधिक सहयोग लेते हुए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके साथ ही साथ जनपद में नशीले पदार्थों के स्रोतों पर रोकथाम लगाने के उद्देश्य संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए वृहद स्तर पर अभियान चलाकर प्रवर्तन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके। जिलाधिकारी संबंधित विभागों का अधिकारियों से कहा कि वह पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनपद में संचालित छात्रावास एवं पीजी में औचक रूप से निरीक्षण करें कि वहां पर कोई भी नशे की एक गतिविधियां संचालित न हो। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारियों/एनजीओ के पदाधिकारियों द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत किए गए प्रचार-प्रसार के संबंध में तथा नशीले पदार्थों के रोकथाम पर चर्चा करते हुए कैसे जन सामान्य एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाया जा सकता है अपने-अपने सुझावों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ डॉ. श्वेता खुराना, पुलिस तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।




**शिक्षण संस्थानों व पीजी संचालकों पर रहेगी विशेष नजर, युवाओं को किया जाएगा जागरूक**




# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर हरित योग का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 को लेकर भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के समर्थन से होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन्स ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने अपने हॉस्पिटैलिटी संस्थान में एक विशिष्ट कार्यक्रम 'हरित योग' का आयोजन किया। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन्स ऑफ इंडिया ने अपने हॉस्पिटैलिटी संस्थान के इस कार्यक्रम में छात्रों, हॉस्पिटैलिटी पेशेवरों और वेलनेस विशेषज्ञों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य योग को एक सशक्त माध्यम के रूप में प्रस्तुत करना था, जो शांति, संतुलन और पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा देता है। इस योग सत्र का नेतृत्व नोएडा के मोक्षायतन योग संस्थान के प्रशिक्षकों योगाचार्य मुक्ता शर्मा और योगाचार्य दिव्या शर्मा ने किया। उनके साथ योगी वैभव, योगी राहुल, योगिनी निक्की और योगिनी कविता ने भी सहयोग दिया। कार्यक्रम के दौरान, एस.सी. सुनेजा और डॉ. नरेंद्र कुमार द्वारा प्रतिभागियों को पौधे वितरित किए गए, जो पर्यावरणीय जिम्मेदारी के सामूहिक संकल्प का प्रतीक थे।

# शीतल जल मुहैया कराने को लेकर रोटरी क्लब ऑफ ग्रीन ने वाटर कूलर किया भेंट

**ग्रेटर नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ऑफ ग्रीन ग्रेटर नोएडा ने राम जानकी मंदिर, बीटा-1, ग्रेटर नोएडा में भक्तजनों व राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराने हेतु मंगलवार को नवीनतम तकनीक से युक्त वाटर कूलर की स्थापना कराई गई। वार्ता प्रभारी विनोद कसाना ने बताया कि रोटरी क्लब ने सेवा भावना के अंतर्गत एक सराहनीय पहल करते हुए भीषण गर्मी में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को ताजगी प्रदान करने हेतु तथा सामाजिक सेवा के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने हेतु यह वाटर कूलर लगवाया है। रोटरी क्लब का यह प्रयास न केवल जनसुविधा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का एक प्रेरणास्पद उदाहरण भी है। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर उपस्थित रहकर सभी से जल संरक्षण व स्वच्छता बनाए रखने की भी अपील की। क्लब भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित में अन्य सेवाभावी कार्यों के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष शैलेश चन्द्र वार्ष्णेय, क्लब ट्रेजरर निखिल गर्ग, सी.पी. बागला, डॉ. के. के. शर्मा, प्रवीण गर्ग, अमित राठी, अमित गोयल, विक्रमादित्य सैनी, अंकुर गर्ग, राहुल शर्मा व कुलदीप शर्मा उपस्थित रहे।




# महिला के साथ की हाथापाई का पुलिस का वीडियो वायरल, हुई कार्रवाई

**ग्रेटर नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिसकर्मी के द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिसमें पीआरवी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने महिला के साथ हाथापाई की और उसको थप्पड़ भी जड़ दिया। इस दौरान पास में खड़े एक युवक को भी उस पुलिसकर्मी के द्वारा थप्पड़ जड़ा गया, वहीं पास में मौजूद किसी व्यक्ति ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तत्काल प्रभाव से इस मामले में आला अधिकारियों ने संज्ञान लिया और पीआर वी पर तैनात पुलिस कर्मी को सस्पेंड कर दिया गया। वहीं पीआरवी पर तैनात होमगार्ड के खिलाफ उसके कमांडेंट को कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। दरसअल यह पूरा मामला 27 अप्रैल की रात्रि का है, बताया जा रहा है कि एक्सीडेंट को लेकर कोई कॉल आई थी, जिस पर पीआरवी बीटा टू थाना क्षेत्र के होली पब्लिक स्कूल के पास पहुंची। इस दौरान पीआरबी पर भूपेंद्र मलिक नाम का सिपाही मौजूद था,उसके साथ एक चालक होमगार्ड भी मौजूद था। वही पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीआरबी पर तैनात एक पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें तत्काल प्रभाव से संज्ञान लिया गया है। जिसके आधार पर भूपेंद्र मलिक के नाम की सिपाही को सस्पेंड कर दिया, उसके खिलाफ बिभागीय जांच के भी आदेश दे दिए गए हैं, वही पीआरवी पर तैनात होमगार्ड के खिलाफ भी उनके कमांडेंट को लेकर उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है।



**प्रबन्ध समिति की कार्यकारणी के चुनाव हेतु संशोधित कार्यक्रम**


**चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा सम्बद्ध नये संस्थान जी. एल. बजाज इन्स्टीट्यूट ऑफ लॉ, ग्रेटर नोएडा** की प्रबंध समिति के सभी साधारण सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय की प्रबंध समिति की कार्यकारिणी का चुनाव दिनांक 12/05/2025. सोमवार को होना निश्चिंत हुआ है। सभी माननीय सदस्यों को सूचना पंजीकृत डाक द्वारा भेजी जा चुकी है। **सदस्यों की सूची का प्रकाशन-महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर दिनांक 10/05/2025. शनिवार को सायं 5 बजे चस्पा कर दिया जायेगा।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | नामांकन भरने की तिथि | – | 10/05/2025. दिन शनिवार<br>समय प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक |
| 2 | नामांकन वापस लेने की तिथि | – | 11/05/2025. दिन रविवार<br>समय प्रातः 11:30 बजे से 12:00 बजे तक |
| 3 | चुनाव की तिथि | – | 12/05/2025. दिन सोमवार<br>समय दोपहरः 01:00 बजे से 02:00 बजे तक |
| 4 | परिणामो की घोषणा | – | 12/05/2025. दिन सोमवार<br>समय सायं 04:00 बजे। |

यदि किसी व्यक्ति/सदस्य को इस संबंध में कोई आपत्ति है तो दिनांक 10/05/2025. (शनिवार) सांय 4 बजे तक निम्नलिखित के समक्ष लिखित रूप से अवगत करायें।

(चुनाव अधिकारी)
डॉ0 ऋषि कुमार अग्रवाल, प्रौफेसर
डी.पी.बी.एस. डिग्री कॉलिज अनूपशहर, बुलन्दशहर।
मो0-9897447811

# बीकेयू लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान की शवयात्रा निकालकर किया दाह संस्कार




- **भारी संख्या में मुस्लिम कार्यकर्ता भी हुए शामिल**
- **पहलगाम के आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग**


**जेवर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कस्बे में पाकिस्तान की शवयात्रा निकाली तथा श्मशान घाट पहुंचकर दाह संस्कार किया। कार्यकर्ताओं ने पहलगाम हमले के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के तहसील मीडिया प्रभारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह के नेतृत्व में मंगलवार दोपहर को झाझर रोड़ स्थित कैम्प कार्यालय पर सैकड़ों कार्यकर्ता इकट्ठे हुए। जहां पर कार्यकर्ताओं द्वारा पहलगाम हमले की निंदा करते हुए मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी। कार्यकर्ताओं ने आक्रोश का इजहार करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आतंकवादियों तथा उनके सरपरस्त पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग की। उसके बाद पाकिस्तान का पुतला बनाकर उसकी शव यात्रा निकाली। जो झाझर रोड, मुख्य चौराहा व खुर्जा रोड़ होते हुए खुर्जा रोड स्थित श्मशान घाट पहुंची। जहां पर कार्यकर्ताओं द्वारा पाकिस्तान के पुतला का दाह संस्कार किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरा देश गुस्से में है। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति का प्रत्येक कार्यकर्ता भारत सरकार के साथ है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पाकिस्तान को नेस्तनाबूद कर बदला लेने की मांग की।

मुस्लिम कार्यकर्ता भी शवयात्रा में हुए शरीकरू संगठन के मुस्लिम कार्यकर्ताओ ने पाकिस्तान की शवयात्रा में बढ़चढ़कर भाग लिया तथा आतंकवादियों व उसके सरपरस्त पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग की। इस मौके पर विनोद चौधरी, अजय तालान, जयकुमार नेताजी, कयामुद्दीन, आमिर, कर्म इलाही, नरसिंह पाल, सौरभ बिधूड़ी, अरुण अत्री, मोहित प्रधान, विनीत शर्मा, अशोक, विकल व अनिल शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जताया विरोध

**ग्रेटर नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम में आतंकियों द्वारा हुए कायराना हमले के विरोध में ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन साइट-4 द्वारा एक संवेदना रैली व कैंडल मार्च वेनिस मॉल से चलकर रामलीला मैदान साइट 4 गोल चक्कर तक निकाला गया। एसोसिएशन के व्यापारियों द्वारा हमले में मारे गए हिंदुस्तानी साथियों की आत्मा को शांति प्रदान करने और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। कैंडल मार्च में रविदत्त शर्मा, मुकुल गोयल, राजेंद्र सिंघल, अरुण गुप्ता, शैलेंद्र सिंघल, शिवकुमार शर्मा, ओमप्रकाश अग्रवाल, अतुल जैन, सुरेंद्र कुमार, डी के गर्ग, नवनीत गुप्ता, पवन शर्मा, गौरव गर्ग, संजीव मांगलिक, सुरेश गुप्ता, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं इंडस्ट्रियल बिजनेस एसोसिएशन के सदस्यों ने इकोटेक-3 के उद्यमियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर पहलगाम हमले के पीड़ितों के लिए कैंडल मार्च निकाला। आईबीए के अध्यक्ष अमित उपाध्याय के साथ सभी उपस्थित सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रधांजलि देने हेतु कैंडल मार्च निकालकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कैंडल मार्च करते हुए देशभक्ति और पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए, प्रतिभागियों ने इस जघन्य अपराध की निन्दा की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कठिनतम कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। श्रद्धांजलि देने वालो में आईबीए के अध्यक्ष अमित उपाध्याय, महासचिव सुनील दत्त, सुधीर त्यागी, राकेश अग्रवाल, डॉ खुशबू सिंह, नरेश चौहान, एस के शर्मा, श्रीओम पुण्डीर, मोहित चौहान, दिनेश कुमार, हिमांशु चौहान, आकाश चौहान, लोकपति, अरविंद भाटी, संजय पांचाल, दर्शन शर्मा, सौरभ एवं सैकड़ो की संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने हिस्सा लिया।




यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कामर्शियल काम्पलेक्स, ब्लाक-पी 2, सैक्टर-ओमेगा 1, ग्रेटर नोएडा, सिटी-201315 गौतमबुद्धनगर उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवंटित भूखण्ड संख्या-362, पॉकेट-सी, सैक्टर-17, क्षेत्रफल-120 वर्गमीटर, आवंटन सख्या-RPS031700, के आवंटी/अंतरिकी LATE. SHASHI SAXENA (पत्नी) की मृत्यु के उपरांत उनके पति AWADHESH CHANDAR SAXENA द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण वारिसान के आधार पर अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है।
अतः इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी/अंतरिकी LATE. SHASHI SAXENA (पत्नी) की मृत्यु के उपरांत उनके पति AWADHESH CHANDRA SAXENA का नाम दर्ज कर दिया जायेंगा।

विशेष कार्याधिकारी-(सम्पत्ति)

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लॉक-पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा सिटी-201 308 गौतमबुद्धनगर (उ०प्र०) फोन न0-0120-2395151, फैक्स नं0-0120-2395150

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवंटित आवासीय भवन योजना RPS03 के अन्तर्गत आवंटित भूखण्ड संख्या-942, क्षेत्रफल-120 वर्गमी०, ब्लॉक-सी, सैक्टर-17, आवंटन संख्या-RPS03-1679 के आवंटी Late. SH. ROSHAN LAL & SMT. KELA DEVI की मृत्यु के उपरांत मृतक की पुत्र SH. LOKESH KUMAR KEN & JITENDER KUMAR KEN द्वारा उक्त भवन का नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है।
अतः इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Late. SH. ROSHAN LAL & SMT. KELA DEVI की मृत्यु के उपरांत SH. LOKESH KUMAR KEN & JITENDER KUMAR KEN का नाम दर्ज कर दिया जायेंगा।

विशेष कार्याधिकारी
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 30 अप्रैल 2025

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## दुष्प्रचार साबित हुआ सीडब्ल्यूजी घोटाला

2010 में दिल्ली में आयोजित हुए राष्ट्रमंडल खेल (कॉमनवेल्थ गेम- सीडब्ल्यूजी) से जुड़े कथित मनी लॉड्रिंग के मामले को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निवेदन पर दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने बन्द कर दिया। इस मामले में कांग्रेस के दिग्गज नेता सुरेश कलमाड़ी समेत 14 लोगों को आरोपी बनाया गया था तथा तब के प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने शक की ऊंगलियां तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की ओर भी उठाई थी। मामले के करीब एक वर्ष बाद अस्तित्व में आई आम आदमी पार्टी ने भी इसे लेकर शीला दीक्षित की घेराबन्दी की थी जिसका लाभ उसे 2015 के विधानसभा चुनाव में मिला था। दीक्षित के नेतृत्व में शानदार काम कर रही कांग्रेस सरकार की हार हुई थी। उसके बाद हुए 2020 एवं 2025 के चुनावों में कांग्रेस का विधानसभा में नामलेवा तक न रहा।

सीडब्ल्यूजी के शानदार आयोजन ने चाहे दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा को ऊंचा किया हो, लेकिन इस झूठे मामले की बड़ी कीमत कांग्रेस को चुकानी पड़ी थी। कह सकते हैं कि 2014 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार को जिन झूठे आरोपों के कारण 2014 के आम चुनावों में हार का मुंह देखना पड़ा था, उनमें कथित 2जी घोटाले और कोयला घोटाले के साथ यह आरोप भी था। भाजपा द्वारा कोल ब्लॉक की नीलामी में लगाये गये बड़े भ्रष्टाचार का आरोप भी ईडी या केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) साबित नहीं कर पाई तथा वह मामला भी बन्द हो गया। सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत पांच लोगों के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामला हो या प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा का हरियाणा में कथित जमीन खरीद घोटाला, सरकार की जांच एजेंसियां अब तक पूछताछ ही कर रही हैं। साफ है कि कांग्रेस को इन घोटालों द्वारा भाजपा द्वारा बदनाम किया गया। टूजी स्पेक्ट्रम और कोयला खानों के आवंटन के मामले में विनोद राय ने तो माफी भी मांगी थी जो भारत के महालेखाकार थे और जिनकी रिपोर्ट में ही यह आरोप लगा था। बाद में जब उन्हें भाजपा सरकार ने राज्यसभा सदस्य बनाया था, तभी साबित हो गया था कि पूरी रणनीति बनाकर मनमोहन सिंह सरकार को बदनाम कर कांग्रेस को हराया गया था।

सीबीआई का आरोप था कि कॉमनवेल्थ गेम्स- 2010 के लिए दो अनुबंधों के अवैध आवंटन से आयोजन समिति को 30 करोड़ रुपयों की हानि हुई थी। सीबीआई ने इस कथित घोटाले को लेकर 19 एफआईआर दर्ज की थीं और जनवरी 2014 में सबूतों के अभाव में अपनी क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी थी, वहीं ईडी की जांच में भी किसी भी मामले में 'घोटाले' का कोई भी जिम्मेदार पकड़ा नहीं जा सका। इसे देखते हुए राउज़ एवेन्यू अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की क्लोज़र रिपोर्ट स्वीकृत कर ली। इस फैसले के साथ मनी लॉन्ड्रिंग के सारे आरोप भी खत्म हो गये। इस तरह कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजन समिति के प्रमुख सुरेश कलमाड़ी, महासचिव ललित भनोत और अन्य आरोपियों के खिलाफ जारी जांच भी समाप्त हो गयीं। कोर्ट ने स्वीकार किया कि जांच से हेराफेरी का कोई गुनाह साबित नहीं होता इसलिये ईडी द्वारा प्रस्तुत की गई समापन रिपोर्ट को उसने स्वीकार कर लिया। स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने टिप्पणी की कि सीबीआई पहले ही आरोपियों को बरी कर चुकी है, जिसके आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। कोर्ट ने ईडी के इस तर्क को मान लिया कि जब मनी लॉन्ड्रिंग की पुष्टि नहीं होती तो मामले को आगे बढ़ाने का कोई कारण नहीं है। सीबीआई ने पहले ही इस मामले में समापन रिपोर्ट दायर की थी जिसमें उसने कहा था कि मामले में कोई भी विश्वसनीय सबूत सामने नहीं आए हैं जिनके बल पर आरोप साबित हो सकें।

उल्लेखनीय है कि 3 से 14 अक्टूबर, 2010 तक नयी दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन हुआ था लेकिन उसकी शुरुआत के पहले ही उसके मुख्य स्थल जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के निकट नए बने पैदल यात्री पुल ढह जाने से इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी इस पर खूब चर्चा हुई थी। वैसे सीडब्ल्यूजी के आयोजन से दिल्ली की सूरत काफी बदल गयी थी। विश्व के सामने देश की छवि को संवारने के लिये, जिसमें आयोजकों को सफलता व प्रशंसा दोनों ही मिली थी, अनेक नागरिक सुविधाएं विकसित हुई थीं। अनेक नवनिर्माण हुए और पुराने भवनों व स्टेडियमों का जीर्णोद्धार किया गया। शहर का नये सिरे से सौंदर्यीकरण किया गया था तथा उसे दुनिया भर से आने वाले खिलाड़ियों, दर्शकों एवं मेहमानों को प्रभावित करने वाला विश्वस्तरीय काम हुआ था; परन्तु अनियमितताओं के अनेक आरोपों के कारण दिल्ली सरकार तथा देश की बदनामी भी बहुत हुई थी। शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार को तो इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा था। इसके चलते सुरेश कलमाड़ी का एक तरह से राजनैतिक कैरियर ही खत्म हो गया और आप ने बहती गंगा में हाथ धोते हुए इसका भरपूर सियासी लाभ उठाया था। उन्होंने शीला दीक्षित को 'देश की सर्वाधिक भ्रष्ट सीएम' तक कह डाला था। वैसे जिस भाजपा ने इस मामले को लेकर शीला दीक्षित तथा मनमोहन सिंह को बदनाम किया था, उसे भी चुनावी सफलता नहीं मिल पाई थी। लाभ तो आप ले गयी। हालांकि अब भी दिल्लीवासियों का मानना है कि दिल्ली का असली कायाकल्प करने वाली शीला दीक्षित थीं जिन्होंने इसी खेल आयोजन के अवसर पर देश की राजधानी में व्यापक सुधार किये थे।

सवाल है कि क्या भाजपा अच्छे-भले कामों में कोई घोटाला न होने के बावजूद बदनाम करने की अपनी प्रवृत्ति समाप्त करेगी या नहीं और क्या जनता वास्तविक भ्रष्टाचार और दुष्प्रचार के बीच अंतर करना सीखेगी?

# राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा बन गई है टीवी पत्रकारिता

भारतीय मीडिया, खास कर टेलीविजन के राष्ट्रीय न्यूज़ चैनल इस वक्त अपने अल्प इतिहास में सार्वकालिक पतन के दौर से गुजर रहे हैं। ताजा मामला है कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले को लेकर उसका रवैया। कश्मीर घाटी के बाशिंदों को पिछले एक दशक में जितना बदनाम और भावनात्मक रूप से जितना आहत भाजपा की प्रोपेगेंडा मशीनरी ने नहीं किया है, उससे ज्यादा उन्हें बदनाम करने और उनके जख्मों को कुरेदने का काम देश के इन राष्ट्रीय टीवी चैनलों ने किया है। इसीलिए आम तौर पर इन टीवी चैनलों को भी अब भाजपा के प्रचार तंत्र का हिस्सा ही माना जाने लगा है।

इस समय पहलगाम में आतंकवादियों के हाथों हुए भीषण नरसंहार का मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। हमले के दौरान कई पर्यटकों की जान बचाने में कश्मीर के स्थानीय बांशिदों ने अहम भूमिका निभाई। हमले में मारे गए लोगों के शोक स्वरूप और आतंकवादियों के खिलाफ अपने गुस्से का इजहार करने के लिए समूचे कश्मीर के लोगों ने ऐतिहासिक रूप से एक दिन के लिए 'कश्मीर बंद' रखा। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर अपने पास कोई अधिकार न होने के बावजूद विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आतंकवादी हमले के लिए पूरे देश से माफी मांगी। इस सबके बावजूद टीवी चैनलों का रवैया कतई सकारात्मक नहीं है। उनका पूरा जोर आतंकवादियों के बहाने कश्मीरियों और पूरे देश के मुसलमानों को अपमानित करने और उनके खिलाफ नफ़रत का वातावरण तैयार करने और युद्धोन्माद पैदा करने पर है।

टीवी चैनलों का यह रवैया छह साल पुराने उस दौर की याद ताजा कर रहा है जब केंद्र सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को प्राप्त विशेष राज्य का दर्जा खत्म कर दिया था और उसका विभाजन कर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया था। तब भी इन टीवी चैनलों ने अपने संवाददाताओं को कश्मीर भेजे बगैर ही कश्मीर के बारे में खूब मनगढ़ंत और बेसिर-पैर की खबरें अपने दर्शकों को परोसी थीं। उस समय विशेष दर्जा खत्म करने के केंद्र सरकार के फैसले से कश्मीर घाटी के लोग बेहद क्षुब्ध और निराश थे। अपना विरोध जताने के लिए उन्होंने कई दिनों तक अपना काम-काज बंद रखा था। समूची कश्मीर घाटी में लॉकडाउन जैसे हालात थे। उसी दौरान इन पंक्तियों के लेखक ने अपने साथी पत्रकार महेंद्र मिश्र के साथ हालात का जायजा लेने के लिए कश्मीर घाटी की यात्रा की थी। हम लोग वहां एक सप्ताह तक रहे थे।

उस समय तमाम टीवी चैनल कश्मीर को लेकर ऐसी तस्वीर पेश कर रहे थे मानो वह किसी दूसरे देश का हिस्सा था, जिसे भारत सरकार ने हमला कर जीत लिया हो और अपना हिस्सा बना लिया है। यह बात बार-बार जोर देकर बताई जा रही थी कि अब कोई भी भारतीय वहां आसानी से जमीन खरीद सकेगा, वहां बस सकेगा। यही नहीं, भाजपा के कुछ नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों ने तो ऐसे भी बयान दिए थे कि अब भारत के दूसरे प्रदेशों के नौजवान कश्मीर से अपने लिए दुल्हन भी ला सकेंगे। ऐसे बेहूदा बयानों को तमाम टीवी चैनल बढ़-चढ़कर दिखा रहे थे। इसी बात को सोशल मीडिया पर भाजपा का समर्थक वर्ग और भी ज्यादा भद्दे तरीके से प्रचारित कर रहा था, जिससे हर कश्मीरी बुरी तरह आहत और दुखी था, वह अपने को अपमानित महसूस कर रहा था। ऐसा महसूस करते हुए उसका दुखी होना स्वाभाविक भी था।



अनिल जैन

इस समय पहलगाम में आतंकवादियों के हाथों हुए भीषण नरसंहार का मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। हमले के दौरान कई पर्यटकों की जान बचाने में कश्मीर के स्थानीय बांशिदों ने अहम भूमिका निभाई। हमले में मारे गए लोगों के शोक स्वरूप और आतंकवादियों के खिलाफ अपने गुस्से का इजहार करने के लिए समूचे कश्मीर के लोगों ने ऐतिहासिक रूप से एक दिन के लिए 'कश्मीर बंद' रखा।

उस समय तमाम बेखबरी टीवी चैनल रोजाना पुराने फुटेज और सरकारी दावों के आधार पर बता रहे थे कि कश्मीर घाटी में जनजीवन लगातार सामान्य हो रहा है, लेकिन श्रीनगर पहुंचकर हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही हमने पाया था कि कहीं कुछ सामान्य नहीं है। उस दिन कश्मीर में जनता द्वारा लागू लॉकडाउन का 32वां दिन था। डिजिटल इंडिया में उस 'नए कश्मीर' का जनजीवन बगैर मोबाइल फोन और इंटरनेट के पूरे 33 दिन से अपाहिज बना हुआ था।

हमने एक हफ्ते वहां रहते हुए देखा था कि सरकारी स्कूल-कॉलेज खुल रहे हैं लेकिन वहां पढ़ने वाले बच्चे नदारद हैं। सरकारी परिवहन के साधन बंद थे। सरकारी दफ्तर, बैंक आदि भी खुलते थे लेकिन उनमें सन्नाटा पसरा रहता था। होटलें, रेस्टोरेंट, दुकानें पूरी तरह बंद थे। देशी-विदेशी पर्यटकों का आना पूरी तरह बंद था। डल झील में तमाम शिकारे खामोश और उदास खड़े थे। पूरे श्रीनगर में हर दस कदम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात थे।

हमने देखा था कि सुबह के वक्त दो घंटे के लिए खाने-पीने के सामानों की दुकानें खुलती थीं, ताकि लोग अपनी रोजमर्रा की जरुरतों का सामान खरीद सकें। बस उन्हीं दो घंटों की लड़खड़ाती और उदास चहल-पहल के बाद पूरे दिन घाटी में सन्नाटा पसरा रहता था। यही माहौल बाद में दो महीने तक और रहा था। फिर भी टीवी चैनलों की खबरों में इन सब बातों का कोई ज़िक्र नहीं हो रहा था। जो कुछ बताया जा रहा था, वह हकीकत से एकदम उलट यानी सरासर बकवास था। इसी वजह से घाटी के बाशिंदों में जबरदस्त गुस्सा था। उनका कहना था कि ये सारे चैनल कश्मीर के मौजूदा हालात की लगातार गलत तस्वीरें पेश कर रहे हैं।

बहरहाल, इस समय पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर भी टीवी चैनलों का रोल बेहद आपत्तिजनक और गंदा है। उनकी खबरों के प्रस्तुतिकरण में वस्तुनिष्ठता सिरे से नदारद है। हमले के दौरान और हमले के बाद श्रीनगर, पहलगाम और आसपास के इलाकों के बांशिदों ने पीड़ित पर्यटकों की जिस तरह मदद की, उसे सिरे से नजरअंदाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आतंकवादियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा और फिर उन्हें मारा। अगर यह बात सही है तो जाहिर है कि उनका मकसद इस नरसंहार के जरिये देश के हिंदुओं और मुसलमानों के बीच अलगाव व नफ़रत की खाई को और ज्यादा गहरा व चौड़ा करना था। तमाम टीवी चैनल आतंकवादियों के इसी मकसद को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

किसी भी टीवी चैनल की ओर से सरकार से यह सवाल नहीं पूछा जा रहा है कि जब पूरे जम्मू-कश्मीर में विभिन्न सुरक्षा बलों के ढाई लाख से ज्यादा जवान तैनात हैं तो जिस जगह हमला हुआ वहां सुरक्षा बल का एक भी जवान क्यों नहीं तैनात था? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के एक बार नहीं, कई मर्तबा किए गए इस दावे पर कोई सवाल नहीं उठा रहा है कि नोटबंदी और जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद आतंकवाद की कमर टूट गई है।

सबसे खतरनाक बात तो यह है कि देश में युद्धोन्माद फैलाने के मकसद से कुछ चैनलों पर भारतीय सेना की संभावित रणनीतियों और पाकिस्तान की संभावित चालों पर भी खुली बहस हो रही है। जिस जानकारी तक दुश्मन देश को पहुंचने में समय लगता है, उसे टीवी चैनलों के स्टूडियो से मुफ्त में परोसा जा रहा है। सवाल है कि ऐसे चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े पहलुओं को सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा बनाने की इजाजत किसने दी है? राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम और ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट भी इस सिद्धांत को मजबूती से स्थापित करते हैं कि किसी भी परिस्थिति में संवेदनशील सूचनाएं सार्वजनिक नहीं की जा सकतीं। हालांकि केंद्र सरकार की ओर से मीडिया के लिए एक एडवाइज़री जारी की गई है, लेकिन लगता नहीं है कि सरकार में बैठे राष्ट्रवाद और देशभक्ति के झंडाबरदार भी उस एडवाइज़री को लेकर गंभीर हैं।

कुछ टीवी चैनल तो टीआरपी बटोरने की अंधी दौड़ में इस कदर बदहवास हो चुके हैं कि देश के पूर्व सैन्य अधिकारियों को नाटकीय तौर पर भारतीय और पाकिस्तानी खेमों में बांटकर काल्पनिक युद्ध में भिड़ाने का तमाशा भी करवा रहे हैं। यह सिर्फ पत्रकारिता का ही पतन नहीं है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांत की भी आपराधिक अनदेखी है। कोई भी सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी इस तरह टीवी कैमरों के सामने बैठकर ऐसे आपराधिक तमाशे का हिस्सा कैसे बन सकता है? कहने की आवश्यकता नहीं कि इन टीवी चैनलों ने राष्ट्र की सुरक्षा को लोगों के मनोरंजन और अपने धंधे का साधन बना लिया है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# अमेरिका से व्यापार समझौते करने वाले देशों को चीन की चेतावनी बेतुकी

**■ नन्तू बनर्जी**

अमेरिका द्वारा लगाये गये भारी आयात शुल्क से प्रभावित, निर्यात-आधारित चीन बेचैन हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन पर लगाये गये निषेधात्मक आयात शुल्क के बाद उसका नंबर 1 निर्यात गंतव्य, संयुक्त राज्य अमेरिका, अचानक उसकी पहुंच से बाहर हो गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि चीन ने अपने खर्च पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापक आर्थिक समझौता करने की कोशिश करने वाले देशों के खिलाफ चेतावनी जारी की है, जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध में उसकी बयानबाजी और तेज हो गयी है।

विशेष रूप से, भारत, जो अमेरिका के बाद चीन का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष गंतव्य है, वर्तमान में एक नये व्यापार सौदे के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। 2024-25 में भारत का अमेरिका को निर्यात और चीन से आयात अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के साथ, चीन स्पष्ट रूप से इस बात से चिंतित है कि भारत का चीन से आयात अमेरिका की ओर खिसक सकता है। अमेरिका के साथ, भारत का पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 41.18 अरब डॉलर का व्यापारिक व्यापार अधिशेष था, जबकि चीन के साथ इसका व्यापार घाटा 99अरब डॉलर से अधिक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका का भारत के कुल निर्यात में लगभग 19.78 प्रतिशत और कुल आयात में 6.29 प्रतिशत हिस्सा था।

भारत अब दोनों देशों के बीच नये व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। चीन ने वाशिंगटन पर दुनिया के सबसे बड़े निर्यातक को अपने कब्ज़े में लेने के लिए अपने आयात शुल्क तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। बीजिंग चीन की कीमत पर कोई भी सौदा करने वाले किसी भी पक्ष का दृढ़ता से विरोध करेगा और 'दृढ़ और पारस्परिक तरीके से जवाबी कार्रवाई करेगा।

चीन भारत के लिए विदेशी मुद्रा निकासी का सबसे बड़ा जरिया साबित हुआ क्योंकि 2024-25 में चीन के साथ देश का व्यापार घाटा अब तक के उच्चतम स्तर 99.2अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारत की ओर चीन के बड़े पैमाने पर व्यापारिक निर्यात ने पिछले वर्ष की तुलना में चीन के निर्यात में 17 प्रतिशत की वृद्धि देखी, जबकि देश ने भारत से अपने आयात को और कम कर दिया। पिछले वित्त वर्ष के दौरान, चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर मात्र 14.25अरब डॉलर रह गया, जो पिछले वर्ष के 16.66अरब डॉलर से कम है।

भारत अब दोनों देशों के बीच नये व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। चीन ने वाशिंगटन पर दुनिया के सबसे बड़े निर्यातक को अपने कब्ज़े में लेने के लिए अपने आयात शुल्क तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। बीजिंग चीन की कीमत पर कोई भी सौदा करने वाले किसी भी पक्ष का दृढ़ता से विरोध करेगा और 'दृढ़ और पारस्परिक तरीके से जवाबी कार्रवाई करेगा,' उसके वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा। विडंबना यह है कि अगर चीन इसके कार्यान्वयन के बारे में गंभीर है, तो इस खतरे से भारत को बहुत लाभ होने की उम्मीद है। वास्तव में, भारत को अपने उद्योग और स्थानीय रोजगार की रक्षा के लिए चीन के खिलाफ़ एक बड़ा आयात व्यापार अवरोध खड़ा करना चाहिए, जब तक कि चीन बड़े व्यापार अंतर को पाटने के लिए पारस्परिक आधार पर भारत से माल के पर्याप्त आयात की अनुमति नहीं देता।

माना जाता है कि ट्रम्प प्रशासन चीन के साथ व्यापार को रोकने के लिए अमेरिका से शुल्क में कटौती या छूट की मांग करने वाले देशों पर दबाव डाल रहा है, जिसमें मौद्रिक प्रतिबंध लगाना भी शामिल है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 2 अप्रैल को चीन को छोड़कर दर्जनों देशों पर लगाये गये व्यापक टैरिफ को रोक दिया है, जिसमें दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को सबसे बड़े व्यापारिक आयात शुल्क के लिए चुना गया है। पिछले कुछ वर्षों में, चीन से बढ़ते आयात ने अमेरिका में घरेलू उद्योग और रोजगार के विकास को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। अब, अमेरिका इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह राष्ट्रपति ट्रम्प के चीनी आयात पर टैरिफ को 145 प्रतिशत तक बढ़ाने के कदम की व्याख्या करता है, जिससे बीजिंग को अमेरिकी वस्तुओं पर 125 प्रतिशत का प्रतिशोधी शुल्क लगाने के लिए प्रेरित किया है, जो प्रभावी रूप से एक दूसरे के खिलाफ व्यापार दीवारें खड़ी करता है।

चीनी वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'संयुक्त राज्य अमेरिका ने तथाकथित 'समतुल्यता' के बैनर तले सभी व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ का दुरुपयोग किया है, साथ ही सभी पक्षों को उनके साथ तथाकथित 'पारस्परिक टैरिफ' वार्ता शुरू करने के लिए मजबूर किया है।' चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका को चीन के निर्यात घाटे को आंशिक रूप से कवर करने के इरादे से प्रमुख आसियान देशों में घूमना शुरू कर दिया। हालांकि, बहुत से आसियान देश इस बात से सहमत नहीं हैं क्योंकि वे चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे से भी पीड़ित हैं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने क्षेत्रीय संबंधों को मजबूत करने के लिए कुछ दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का दौरा किया, और अपने आसियान व्यापार भागीदारों से अमेरिका द्वारा एकतरफा बदमाशी का विरोध करने का आह्वान किया। आसियान में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम सहित 10 सदस्य देश हैं। दिलचस्प बात यह है कि थाईलैंड और इंडोनेशिया के आर्थिक मंत्री हाल ही में अमेरिका में थे, और मलेशिया पिछले सप्ताह बाद में शामिल होने वाला देश है, और सभी अमेरिकी प्रशासन के साथ व्यापार वार्ता की मांग कर रहे हैं। अमेरिकी अनुमानों के अनुसार, 2024 में आसियान और अमेरिका के बीच व्यापार कुल मिलाकर लगभग 476.8अरब डॉलर का था, जिससे वाशिंगटन क्षेत्रीय ब्लॉक का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया।

वास्तव में, आसियान चीन का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। पिछले साल, आसियान को चीन का निर्यात 586.52 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12 प्रतिशत की वृद्धि है। इस वृद्धि के कारण कुछ आसियान देशों के लिए व्यापार घाटा बढ़ गया है और चीनी वस्तुओं के आने से स्थानीय उद्योगों और रोजगार पर दबाव पड़ा है। चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे ने भारत जैसे प्रमुख आसियान देशों को परेशान कर रखा है। पिछले साल, आसियान को चीनी निर्यात 586.52अरब डॉलर था जबकि आसियान से चीनी आयात केवल 395.81अरब डॉलर रहा। चीन को आसियान के निर्यात में बमुश्किल दो प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी।

व्यापार के मामले में बहुत से आसियान देश चीन पर भरोसा नहीं करते। वे अमेरिका को एक बहुत विश्वसनीय व्यापारिक साझेदार मानते हैं। पिछले साल, अमेरिका और आसियान देशों के बीच कुल व्यापार 476.8अरब डॉलर था। आसियान से अमेरिका का आयात 352.3अरब डॉलर था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.3 प्रतिशत की वृद्धि है, जिसके कारण आसियान के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा 227.7अरब डॉलर हो गया है, जो 2023 की तुलना में 11.6 प्रतिशत की वृद्धि है।

ऐसी परिस्थितियों में, बहुत कम देश चीन की इस धमकी को गंभीरता से लेने के लिए तैयार हैं कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सौदे करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जायेगी। भारत सहित अधिकांश देश अमेरिका को चीन की तुलना में अधिक विश्वसनीय व्यापारिक साझेदार मानते हैं। जहां तक भारत का सवाल है, चीन के साथ देश का व्यापार घाटा बढ़ गया है, जो रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, चीन से आयात भारत से उसे निर्यात से बहुत अधिक है। चीन लगातार भारत से आयात को रोक रहा है। वह नेपाल का उपयोग करके सभी प्रकार के चीनी सामानों को भारत में धकेल रहा है। चीन विभिन्न औद्योगिक उत्पाद श्रेणियों में भारत का शीर्ष आयात स्रोत बन गया है। अमेरिका-चीन व्यापार संबंध अपने निम्नतम स्तर पर पहुंच गये हैं, ऐसे में इस बात की प्रबल चिंता है कि चीनी निर्यातक अमेरिकी टैरिफ के कारण उत्पादन को भारत की ओर मोड़ रहे हैं और आगे भी डंपिंग का सहारा लेंगे।

सौभाग्य से, भारत और अमेरिका ने पहले ही द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चल रही वार्ता की शर्तों को अंतिम रूप दे दिया है, जिसका उद्देश्य व्यापार संबंधों में संतुलन और पारस्परिकता लाना है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट के अनुसार, भारत ट्रम्प प्रशासन के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला पहला देश हो सकता है। व्यापार समझौते से बाजार तक पहुंच बढ़ाने, टैरिफ कम करने और आपसी लाभ के लिए व्यापार घाटे को पाटने की उम्मीद है।

## आपके पत्र

### 'रोटी' से ज़्यादा 'रील' जरूरी हो गई है

सोचिए, सुबह की पहली किरण नहीं, बल्कि मोबाइल की स्क्रीन आपकी नींद खोलती है। दिन भर की चहल-पहल नहीं, बल्कि नोटिफिकेशन की गूंज आपके दिल की धड़कनों को दिशा देती है। अब तो रिश्तों की ऊष्मा भी स्क्रीन की रोशनी में घुलती जा रही है। हम इंसान, जो कभी संवाद में जिया करते थे, अब सिग्नल में सांस लेते हैं। हाल ही में ज़ी-5 पर रिलीज़ हुई फिल्म 'लॉगआउट' ने न सिर्फ इस भयानक आदत की ओर इशारा किया है, बल्कि सीधे-सीधे गाल पर एक करारा तमाचा जड़ा है, जो अब तक स्मार्टफोन को अपना सबसे अच्छा दोस्त मान बैठे थे। फिल्म खत्म होने के बाद सिनेमा हॉल में चुप बैठे रहे शायद वे अपने ही अंदर किसी खामोश चीख को सुन रहे थे। वर्तमान समय में एक औसत भारतीय दिन के 7 घंटे से अधिक मोबाइल स्क्रीन पर बिताता है। अगर इसमें लैपटॉप, टीवी और अन्य डिजिटल उपकरण जोड़ दें, तो आंकड़ा 10 घंटे के पार जा पहुंचता है। यानी एक व्यक्ति अपनी ज़िंदगी का लगभग आधा हिस्सा वर्चुअल दुनिया में गवां देता है। ये वही समय है, जब वह अपने बच्चे को कहानी सुना सकता था, मां का हालचाल पूछ सकता था या खुद से कोई पुरानी किताब निकाल कर मन के कोनों को साफ कर सकता था।

मोबाइल की लत को हम 'स्मार्ट' होने का प्रतीक मान बैठे हैं। अजीब विडंबना है, जिस यंत्र ने हमें पूरी दुनिया की जानकारी देने का वादा किया था, उसने हमें अपनों से ही बेखबर कर दिया है। अब खाना खाते समय 'रोटी' से ज़्यादा 'रील' जरूरी हो गई है। बच्चों की पहली चाल की तस्वीर भी अब कैमरे के लिए होती है, यादों के लिए नहीं। अध्ययन बताते हैं कि स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से न सिर्फ नींद कम होती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ता है। डिजिटल डिप्रेशन, सोशल मीडिया एंग्जायटी, और फोमो आज फीयर ऑफ मिसिंग आउट जैसे नए विकारों ने शहरी युवाओं के मन-मस्तिष्क पर हमला बोल दिया है। इंसान अब 'अकेले' नहीं रह सकता, क्योंकि उसे हमेशा 'ऑनलाइन' रहना है। एक क्लिक से दुनिया बदलने की शक्ति रखने वाला आज खुद एक क्लिक का गुलाम बन चुका है।

यहां यह भी समझना दिलचस्प होगा कि सोशल मीडिया कंपनियां जानबूझ कर इन प्लेटफॉर्म्स को डोपामिन ट्रिगर के अनुसार डिजाइन करती हैं। आपको एक नोटिफिकेशन मिलेगा, दिमाग खुश होगा, और आप फिर बार-बार उसी प्रतिक्रिया की तलाश में वहां लौटेंगे। यह कोई संयोग नहीं है कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक जैसी कंपनियां आपको 'स्क्रॉलिंग के नशे' में बांधने के लिए मनोवैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल करती हैं। मगर दोष सिर्फ तकनीक का नहीं, हम खुद भी तैयार बैठे हैं अपने समय, ध्यान और जीवन को दांव पर लगाने के लिए। डिजिटल डिटॉक्स की बात करने वाले लोग भी एक तस्वीर अपलोड करने के बाद 50 बार चेक करते हैं कि कितने लाइक आए। आत्ममुग्धता और दिखावे की इस दौड़ में हम न सिर्फ खुद को खो चुके हैं, बल्कि अगली पीढ़ी को भी 'डिजिटल नशा' की लत लगा चुके हैं। 'लॉगआउट' जैसी फिल्में हमें सिर्फ एक कहानी नहीं दिखातीं, वे हमें आईना दिखाती हैं, वो आईना जिसमें हमारा चेहरा नहीं, बल्कि एक झुकी हुई गर्दन, थकी आंखें, और हमेशा व्यस्त रहने का भ्रम दिखाई देता है।

**-सोनम लववंशी**



## ललित सुरजन की कलम से

### स्वच्छ प्रशासन की चिंता-2

*'सर्वोच्च न्यायालय ने अभी हाल में टीएसआर सुब्रह्मण्यम और 83 अन्य की जनहित याचिका पर प्रशासनिक सेवाओं के बारे में जो निर्देश दिए हैं उनमें एक यह भी है कि प्रशासनिक अधिकारी मंत्री के मौखिक आदेश पर कोई काम न करें। इस निर्देश की जरूरत क्यों पड़ी? इससे यह प्रतिध्वनित होता है कि मंत्रीगण मनमाने आदेश करते हैं और अधिकारी आंख मूंदकर उनका पालन करते हैं। यह कोई राजशाही या तानाशाही का जमाना तो है नहीं कि अधिकारी सिर झुकाकर राजनेता की हर बात मान ले। मंत्री अगर अधिकारी से नाखुश है तो वह मुख्यमंत्री से शिकायत कर सकता है और मुख्यमंत्री के पास ज्यादा से ज्यादा ऐसे अधिकारी के तबादला करने का ही अधिकार है। बीच-बीच में अधिकारियों के निलंबित करने के प्रकरण भी हुए हैं, लेकिन वैसा सामान्यत: नहीं होता। ध्यान रहे कि हम यह चर्चा उच्च प्रशासनिक अधिकारियों विशेषकर आईएएस इत्यादि के संबंध में कर रहे हैं। जिनका चयन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा किया जाता है। कुछ माह पूर्व ही उत्तर प्रदेश की आईएएस अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल के प्रकरण में हमने देखा कि अखिलेश सरकार को निलंबन आदेश वापिस लेना पड़ा।'*

**(देशबंधु में 14 नवम्बर 2013 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/11/2.html

## परशुराम जन्मोत्सव आज

### नेपथ्य में रहने वाले महायोद्धा हैं : परशुराम

विप्र समुदाय अपने आदिदेव भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव को लेकर पूरी तैयारी में खड़ा दिखाई पड़ रहा है। रामायण से लेकर महाभारत तक में परशुराम जी के चरित्र को अत्यंत क्रोधित रूप में प्रकट किया गया है। उनका एक दूसरा स्वरूप भी समाज के सम्मुख आता है, जिसमें हमें यह संदेश मिलता है कि भगवान परशुराम जी ने सदैव अदम्य धैर्य, साहस, पराक्रम, त्याग और विरक्ति से भरे भाव के द्वारा अन्याय का प्रतिरोध किया। हम प्रतिवर्ष उनके जन्मोत्सव अवसर पर उनके द्वारा बताए गए सिद्धांतों को स्मरण करते हैं साथ ही उनके संदेशों पर चलते हुए समाज की बेहतरी के लिए काम करना चाहते हैं। परशुरामजी के विषय में हमें शास्त्रों से जानकारी मिलती है कि उन्होंने 21 बार इस पृथ्वी को क्षत्रियों से मुक्त कराया। सवाल यह उठता है कि उन्होंने किन क्षत्रियों का संहार किया और क्यों? भगवान परशुराम का पराक्रम ऐसा था कि इस पृथ्वी पर उनका विरोध करने वाला कोई नहीं था। कश्यप मुनि को उन्होंने 7 द्वीपों सहित पूरी पृथ्वी दान कर दी। कश्यप मुनि ने उन्हें इस पृथ्वी को छोड़ने का आदेश दिया। उन्होंने कश्यप मुनि के कहने पर सब कुछ त्याग दिया किंतु उनका ज्ञान और अदम्य साहस उनके पास सुरक्षित रहा।

परशुराम जी का जन्म ब्रह्मकुल में हुआ था। युद्ध में विजय प्राप्त करने के उपरांत वे स्वयं तो सत्ता से दूर रहे, अपने प्रियजनों, परिजनों को भी सत्ता नहीं सौंपी। वे सत्ता, पद, प्रतिष्ठा, सुख - वैभव और भौतिक महत्वाकांक्षाओं से कोसों दूर रहने वाले सच्चे तपस्वी ब्राह्मण थे। दीर्घकाल तक तपस्या में लीन रहने के बाद भगवान परशुराम दृश्यपटल पर लंबे अंतराल बाद तब अवतरित होते हैं जब अत्याचारी राक्षसों का संहार करने के लिए पुन: एक युग प्रवर्तक इस धरती पर अवतार लेता है। ऐसा माना जा सकता है मानों वे किसी युगनायक की प्रतीक्षा में महेंद्र पर्वत पर तपश्चर्या में लीन थे। चिंतन की बात यह है कि सहस्त्रबाहु अर्जुन के वध में ऐसी क्या विशेष बात है जो इस निमित्त भगवान विष्णु को अवतार लेना पड़ा? वस्तुत: कार्तवीर्य अर्जुन को दो भुजाओं से हजार भुजाओं वाला होने का वरदान भी भगवान विष्णु के ही अवतार दत्तात्रेय ने दिया था। दत्तात्रेय जी, परशुराम के पूर्ववर्ती अवतार कहे गए हैं:

तेन हैहयराजस्य कार्तवीरस्य धीनत:।
वरदेन वरो दत्तो दत्तात्रेयेण धीनता।।
एतद बाहु द्वयां यत्ते मृधे मम कृतेअनघा।
शताधिक दश बाहुनाम भविष्यंति न संशय:।।

इस प्रकार सहस्त्रार्जुन ने वरदान की अमोघ शक्ति पाकर प्रजा का भयंकर उत्पीड़न किया। हर इच्छित वस्तु की लूट-खसोट करते हुए जमदग्नि जैसे तपस्वी की हत्या कर दी। उसने अपनी शक्ति के दर्प में चूर होकर अपनी दूरदम्य हजार भुजाओं से एक बार मां नर्मदा के जल प्रवाह तक को रोक दिया। ऐसे वर प्राप्त महाबली का वध करने हेतु विष्णु जी को ही पुन: अवतार ग्रहण करना पड़ा। भगवान परशुराम जी ने मर्यादा पुरुषोत्तम की भी परीक्षा ली। अपने रौद्र रूप और पराक्रम से वे श्रीं राम को भयभीत करने की चेष्टा भी करते रहे। जब उन्हें भलीभांति यह अहसास हो गया कि यह सर्वगुण संपन्न धर्म रक्षक क्षत्रिय राजकुमार ही वर्तमान में दुष्टों का संहार करने में समर्थ हैं, तो बिना युद्ध किए उन्होंने पराजय स्वीकार कर ली। विनम्रतापूर्वक अपनी दिव्य शक्तियां प्रभु श्री राम को अर्पित कर पुन: नेपथ्य में चले गए। आज के समय में भगवान परशुराम जी का चरित्र मार्गदर्शक और प्रेरणास्पद है।

**- डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*


*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## काला सागर क्षेत्र में अस्थिरता की मुख्य वजह यूक्रेन : रूस

**मॉस्को।** रूस ने काला सागर क्षेत्र में अस्थिरता के लिए यूक्रेन को दोषी ठहराया है। रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी और समुद्री बोर्ड के अध्यक्ष निकोले पेत्रुशेव ने मंगलवार को कहा कि मॉस्को और वाशिंगटन दोनों ही समुद्री यातायात की सुरक्षा सुनिश्चित करने में दिलचस्पी रखते हैं, अगला कदम कीव को उठाना चाहिए। रूसी सरकारी समाचार एजेंसी तास को दिए एक इंटरव्यू में पात्रुशेव ने कहा कि स्पष्ट रूप से, यूक्रेन के सशस्त्र बलों और भाड़े के सैनिकों की गतिविधियां काला सागर क्षेत्र में अस्थिरता की मुख्य वजह हैं। उन्होंने कहा कि कीव शासन ने बार-बार यह दिखाया है कि उसके साथ बातचीत करना असंभव है। रूसी अधिकारी ने कहा कि जैसा कि हम पहले ही अनुभव से सीख चुके हैं।

# भारत अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने वाला पहला देश बन सकता है : स्कॉट बेसेंट



■ उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पिछले हफ्ते भारत गए थे और उन्होंने वहां हुई अच्छी प्रगति की बात की

> यह राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह हमारे देशों के बीच अंतिम समझौते की ओर एक रास्ता तैयार करता है : जेडी वेंस, उपराष्ट्रपति

**न्यूयॉर्क,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि टैरिफ (आयात-निर्यात पर लगने वाला शुल्क) के बीच देशों के साथ नए सिरे से आर्थिक रिश्ते बनाए जाएं। इसी वजह से भारत शायद अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने वाला पहला देश बन सकता है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पिछले हफ्ते भारत गए थे और उन्होंने वहां हुई अच्छी प्रगति की बात की। उन्होंने सीएनबीसी से कहा कि मुझे लगता है कि भारत उन शुरुआती देशों में होगा, जिनके साथ हम व्यापार समझौता करेंगे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि पहला व्यापार समझौता पिछले हफ्ते ही हो सकता था।

ट्रंप के चुनाव अभियान का एक बड़ा वादा व्यापार संबंधों को नए तरीके से तय करना था। अब जब वह राष्ट्रपति बनने के 100वें दिन में पहुंच रहे हैं, तो ऐसे समय में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत के साथ समझौता उनके लिए बड़ी कामयाबी मानी जाएगी। पिछले हफ्ते बेसेंट ने पत्रकारों से कहा था कि भारत के साथ समझौता जल्दी ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत में टैक्स के अलावा व्यापार में रुकावटें कम हैं, वहां मुद्रा में कोई गड़बड़ी नहीं होती और सरकारी सब्सिडी भी बहुत कम है, इसलिए भारत के साथ समझौता करना काफी आसान है। पिछले हफ्ते भारत दौरे के दौरान वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से व्यापार को लेकर बातचीत की थी। दोनों देशों ने कहा कि बातचीत आगे बढ़ाने के लिए एक योजना तैयार कर ली गई है। वेंस ने कहा कि हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका और भारत ने व्यापार बातचीत के नियमों को आधिकारिक रूप से तय कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह हमारे देशों के बीच अंतिम समझौते की ओर एक रास्ता तैयार करता है। मुझे लगता है कि अमेरिका और भारत मिलकर बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। अगर कोई द्विपक्षीय समझौता नहीं होता है, तो जुलाई में ट्रंप की टैरिफ व्यवस्था लागू होने पर भारत को 26 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। बेसेन्ट ने यह भी कहा कि दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत 'बहुत अच्छी रही है' और जापान के साथ भी 'कुछ बहुत महत्वपूर्ण बातचीत हुई' हैं। इस महीने की शुरुआत में जब ट्रंप जापान के साथ व्यापार वार्ता में शामिल हुए थे, तो शुरुआत में जल्दी समझौते की उम्मीद थी, लेकिन ये उम्मीदें खत्म हो गईं। दक्षिण कोरियाई अधिकारियों का कहना है कि 3 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले समझौता होने की संभावना नहीं है।

# कनाडा में भारतीय छात्रा का मिला शव, 25 अप्रैल से थी लापता



■ पंजाब के डेरा बस्सी निवासी आप नेता देविंदर सिंह की बेटी वंशिका उच्च शिक्षा के लिए ढाई साल पहले ओटावा गई थी

**ओटावा,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। कनाडा में चार दिनों से लापता एक भारतीय छात्रा रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत पाई गई। यह जानकारी ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने दी। पंजाब के डेरा बस्सी निवासी आप नेता देविंदर सिंह की बेटी वंशिका उच्च शिक्षा के लिए ढाई साल पहले ओटावा गई थी। कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि ओटावा में भारतीय छात्रा वंशिका की मौत की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। मामले को स्थानीय अधिकारियों के सामने उठाया गया और पुलिस के अनुसार वह जांच कर रही है। उच्चायोग ने कहा कि वह हर संभव मदद प्रदान करने के लिए शोक संतप्त परिजनों और स्थानीय सामुदायिक संघों के साथ निकट संपर्क में हैं। ओटावा के हिंदू समुदाय की ओर से ओटावा पुलिस सर्विस को लिखे पत्र के मुताबिक वंशिका 25 अप्रैल को लापता हुई थी। इसके बाद ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि वह एक भारतीय छात्रा के लापता होने की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय अधिकारियों और भारतीय-कनाडाई समुदाय के संगठनों के संपर्क में है। पत्र के अनुसार वंशिका शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025 की शाम से लापता है। वह रात 8 से 9 बजे के बीच किराये का कमरा देखने के लिए 7 मैजेस्टिक ड्राइव से अपने घर से निकली थी। उसी रात करीब 11:40 बजे उसका फोन बंद हो गया। अगली सुबह वह एक जरूरी परीक्षा में भी शामिल नहीं हुई। परिवार और दोस्तों ने उसे ढूंढ़ने की बहुत कोशिश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पत्र में लिखा गया कि हम बहुत चिंतित हैं और सच कहें तो सबसे बुरा होने का डर लग रहा है। ओटावा का हिंदू समुदाय बहुत परेशान है और हर घंटे चिंता बढ़ती जा रही है। हम आपसे इस मामले में खास ध्यान देने और मदद करने की अपील करते हैं।

## सुडोकू 6898

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 7 | | 2 | |
| 1 | | | | | 9 | 7 | | |
| 2 | 5 | | 8 | | 6 | | | |
| | | 5 | | | | 9 | | 8 |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| 6 | | 8 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 9 | 3 |
| | | 4 | 9 | | | | | 1 |
| | 3 | | 4 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 30 अप्रैल, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 2**

## राशिफल

मेष - आज आपके तन और मन का स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खर्च की चिंता से मन अशांत रह सकता है। वाणी पर संयम रखना अति आवश्यक है। बाहर का खाना-पीना संभवत: टालें। कार्यालय में सहकर्मियों से आपको लाभ होगा।

वृषभ - शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। उत्साह से किसी भी काम को बेहतर कर पाने में सक्षम रहेंगे। आप के लिए काम के प्रति एकाग्र होना सरल रहेगा।

मिथुन - आज तन-मन की अस्वस्थता और बेचैनी रहेगी, इस कारण आपको वाणी और व्यवहार में खूब सावधानी बरतने की जरुरत है। आंखों में दर्द होने की भी संभावना है।

कर्क - आज आपका मन चिंता के भार से मुक्त होगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। स्त्री मित्रों से विशेष लाभ होगा। नियमित आय में वृद्धि होने के साथ अन्य तरीके से आर्थिक लाभ होगा। शादी के इच्छुक व्यक्तियों का लग्न योग आएगा।

सिंह - विलंब से ही सही, लेकिन कामों में सफलता मिलेगी। ऑफिस या घर में उत्तरदायित्व का बोझ बढ़ेगा। जीवन को अधिक गंभीरता से लेंगे। नए संबंध स्थापित करने या काम के संबंध में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

कन्या - शरीर में थकान, आलस और चिंता का अनुभव होगा। संतान के साथ मतभेद या मनमुटाव होगा। उनके स्वास्थ्य की चिंता सताएगी। ऑफिस में उच्च अधिकारियों के साथ आपका वाद-विवाद होगा।

तुला - स्वास्थ्य का ध्यान रखनें। कटु वचन या खराब व्यवहार के कारण झगड़े-विवाद होंगे। क्रोध और कामवृत्ति पर संयम आवश्यक होगा। हितशत्रु अधिक प्रवृत्त होंगे। आकस्मिक धनलाभ होगा।

वृश्चिक - नौकरी- धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ ही लाभ है। इसके साथ मित्रों, सगे संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ प्राप्ति का संकेत है। सामाजिक समारोह, पर्यटन आदि के लिए जा सकते हैं।

धनु - नौकरी करने वालों के लिए लाभ का दिन है। आर्थिक लाभ की संभावना है। घर में आनंद का वातावरण रहेगा। नौकर और सहकर्मी आपके सहायक बनेंगे। काम में सफलता और यश प्राप्ति होगी।

मकर - कला तथा साहित्य के क्षेत्र में रुचि रखने वाले व्यक्ति आज अपने कार्य क्षेत्र में विशेष योगदान दे सकेंगे। अपनी रचनात्मक और सृजनात्मक शक्तियों का परिचय करा सकेंगे। प्रेमी परस्पर घनिष्ठता का अनुभव करेंगे।

कुंभ - स्वभाव में भावुकता अधिक होने से मानसिक बेचैनी रहेगी। आर्थिक विषयों का आयोजन होगा। माता से अधिक प्रेम का अनुभव होगा। महिलाएं सौंदर्य प्रसाधन, वस्त्र या आभूषणों की खरीदी के पीछे खर्च होगा।

मीन - काम में सफलता पाने के लिए और महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज उत्तम दिन है। आपके विचारों में आज स्थिरता रहेगी, इससे कोई भी काम अच्छी तरह हल कर सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# पीयूष गोयल का ब्रिटेन दौरा, शीर्ष व्यापारिक नेताओं के साथ की चर्चा



■ गोयल ने रेवोल्यूट के अध्यक्ष मार्टिन गिल्बर्ट से भी मुलाकात की

**लंदन,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिटेन में भारतीय व्यापार प्रतिनिधियों और बड़े उद्योगपतियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत और ब्रिटेन के काम करने और साथ में तरक्की करने के नए अवसरों पर बातचीत की। वाणिज्य मंत्री ब्रिटेन, नॉर्वे और यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के लिए इस सप्ताह लंदन, ओस्लो और ब्रुसेल्स की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं।


गोयल ने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, भारतीय व्यापार प्रतिनिधियों के साथ रात के खाने पर मुलाकात की। बातचीत में हमारे उद्योग के मजबूत विकास और आपसी समृद्धि के लिए यूके के साथ अधिक सहयोग के अवसरों पर चर्चा की गई। उन्होंने रत्न और आभूषण के क्षेत्र में दुनिया भर के नए रुझान जानने के लिए डी बीयर्स कंपनी के सीईओ अल कुक और उनकी टीम से भी मुलाकात की। मंत्री ने कहा कि हमने भारत में हीरा उद्योग में मौजूद अवसरों इसे टिकाऊ बनाने के तरीकों और आगे बढ़ने की संभावनाओं पर बात की। गोयल ने रेवोल्यूट के अध्यक्ष मार्टिन गिल्बर्ट से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत के फिनटेक सेक्टर में मौजूद बड़े मौके, इनोवेशन व विकास को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ मिलकर काम करने की अहमियत पर बात की। इससे पहले, गोयल ने ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जे. रेनॉल्ड्स से मुलाकात की। उन्होंने भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

भारतीय मंत्री ने अपने ब्रिटिश समकक्ष के साथ बैठक को भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों को गहरा करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा बताया। बैठक के बाद गोयल ने एक्स पर लिखा कि द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से दो दिवसीय गहन चर्चा के लिए लंदन पहुंचा हूं। अपने पहले कार्यक्रम में, मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिटेन के बिजनेस और ट्रेड मंत्री जे. रेनॉल्ड्स के साथ एक सार्थक बैठक की, जिससे भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों की हमारी प्रतिबद्धता मजबूत हुई। इस यात्रा का मकसद भारत और ब्रिटेन के बीच होने वाले प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत को अंतिम रूप देना है, क्योंकि यह बातचीत अब अपने आखिरी दौर में है।

## शेख हसीना की बेटी का फ्लैट होगा जब्त अदालत ने दिया आदेश

**ढाका,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश की एक अदालत ने मंगलवार को ढाका के गुलशन इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की बेटी साइमा वाजेद पुतुल के फ्लैट को जब्त करने का आदेश पारित किया। अदालत ने फ्लैट की देखभाल के लिए एक रिसीवर नियुक्त करने के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी। ढाका मेट्रोपॉलिटन के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन गालिब ने देश के भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) की अपील पर यह आदेश पारित किया। एसीसी ने याचिका में कहा कि गुलशन फ्लैट की कीमत 5.7 मिलियन बांग्लादेशी टका है। स्थानीय मीडिया के अनुसार याचिका में कहा गया, सायमा वाजेद पुतुल अचल संपत्ति को हस्तांतरित या निपटाने की कोशिश कर रही हैं। यदि मामले के निपटारे से पहले संपत्ति हस्तांतरित की जाती है, तो इससे जांच कमजोर हो सकती है। पिछले वर्ष अगस्त में सत्ता में आने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री, उनके परिवार के सदस्यों और अवामी लीग समर्थकों के खिलाफ कई गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

## वर्ग पहेली 6898



**बाये से दायें:-**

१. अनुशंसा (उर्दू)
३. कोंपल, नवपल्लव
५. गर्भ (उर्दू)
६. रसीला
७. किसी पद पर बने रहने का या कार्य करने का समय
८. पक्षपात (उर्दू)
१३ अच्छा-बुरा
१५. एक पशु (उर्दू)
१६. तकलीफ, झंझट (उर्दू)
१७. भेद, फर्क, फासला
१८. अनुचर, नौकर, खिदमतगार
२०. देखने योग्य
२२. पथिक, पटोही (उर्दू)
२३. ओस (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. राजनीति (उर्दू)
२. रईस की हुकूमत, छोटा राज्य (उर्दू)
३. बच्चों या बंदरों के मुंह से निकलने वाली आवाज
४. प्रतिपक्षी को लड़ने के लिए दी जानी चुनौती
५. शरथ ((उर्दू)
९. श्रृंगार रस, पारा
१०. विदेश (उर्दू)
११. स्वयं, निज (उर्दू)
१२. टीकने लासा, धारा के मध्य में स्थित वृक्ष या चट्टान
१४. आय (उर्दू)
१७. अंधकार
१९. वाणी, वादा
२०. द्वार, दरवाजा
२१. कीर्ति

## वर्ग पहेली-6897



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## पाकिस्तानी हैकर्स का राजस्थान में साइबर अटैक, राज्य सरकार की तीन वेबसाइट्स हैक

**जयपुर,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तानी हैकर्स ने राजस्थान सरकार की तीन वेबसाइटों को निशाना बनाया और उन पर भारत विरोधी संदेश लिख दिए। पाकिस्तानी साइबर अपराधियों ने राज्य में कई सरकारी वेबसाइटों को निशाना बना चुके हैं, जिनमें नवीनतम निशाना शिक्षा विभाग के आधिकारिक पोर्टल है। मंगलवार को राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस घटना का संज्ञान लिया और विभाग की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा को सक्रिय कर दिया। हैक की गई वेबसाइट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, जबकि रिकवरी ऑपरेशन चल रहा है। साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी सूचित कर दिया गया है। जिम्मेदार हैकिंग समूह की पहचान करने और किसी भी संभावित डाटा उल्लंघन का आकलन करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक किसी भी संवेदनशील डेटा लीक की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी विभागीय प्रणालियों का व्यापक ऑडिट जारी है। यह घटना सोमवार को हुए एक ऐसे ही साइबर हमले के बाद हुई, जिसमें हैकरों ने स्थानीय स्वशासन विभाग और जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइटों पर हमला किया था और उन पर पाकिस्तान समर्थक प्रचार सामग्री लगा दी थी।

# चीन : रेस्तरां में लगी भीषण आग, 22 लोगों की मौत



■ आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया

**बीजिंग,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन के पूर्वोत्तर लियाओनिंग प्रांत के लियाओयांग शहर में मंगलवार दोपहर एक रेस्तरां में भीषण आग लग गई। हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह जानकारी सरकारी मीडिया ने दी। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के अनुसार, आग स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:25 बजे एक आवासीय क्षेत्र में स्थित रेस्तरां में लगी। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घायलों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा देखभाल देने के लिए 'सभी संभव प्रयास' करने की अपील की। उन्होंन अधिकारियों को देश भर में अग्नि सुरक्षा उपायों को मजबूत करने का निर्देश दिया। यह इस महीने चीन में दूसरी बड़ी आग त्रासदी है। 9 अप्रैल को उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत के चेंगडे शहर के लोंगहुआ काउंटी में एक नर्सिंग होम में लगी आग में 20 बुजुर्गों की मौत हो गई थी। आग लगने के समय इमारत के अंदर कुल 39 लोग मौजूद थे। हाल के वर्षों में चीन में कई घातक दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनके लिए प्राय: गैस रिसाव, पुराने बुनियादी ढांचे या खराब सुरक्षा प्रवर्तन को जिम्मेदार ठहराया जाता है। पिछले साल मार्च में, हेबेई प्रांत के एक रेस्तरां में गैस रिसाव की वजह से हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और 26 लोग घायल हो गए।

## आज का इतिहास

1492 – स्पेन की रानी इसाबेला ने क्रिस्टोबल कोलंबो को भारत के लिए एक समुद्री मार्ग खोजने की अनुमति दी।

1657 – शिवाजी महाराज ने मुगलों के कब्जे वाले शहर जुन्नार पर आक्रमण किया और लूटपाट की।

1789 – जॉर्ज वाशिंगटन संयुक्त राज्य अमेरिका के पहले राष्ट्रपति चुने गए।

1936 – महात्मा गांधी ने वर्धा के पास सेवाग्राम आश्रम की स्थापना की।

1945 – द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी की हार के बाद हिटलर की क्रूर आत्महत्या अपरिहार्य है। सोवियत सैनिकों ने बर्लिन में जर्मन संसद (रीचस्टैग) पर विजय ध्वज फहराया।

1975 – साम्यवादी ताकतों ने साइगांव पर अधिकार कर लिया। वियतनाम युद्ध का अंत।

1977 – 9 राज्यों में विधान सभाओं को भंग कर दिया गया और जनसंघ, समाजवादी पार्टी, संगठन कांग्रेस और भारतीय लोक दल ने जनता पार्टी बनाने का फैसला किया।

1982 – कलकत्ता में बिजन सेतु नरसंहार।

1995 – बिल क्लिंटन उत्तरी आयरलैंड का दौरा करने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बने।

1996 – थेउर में श्री चिंतामणि मंदिर के परिसर में माधवराव पेशवा स्मारक का उद्घाटन।

2009 – क्रिसलर कंपनी दिवालिया हो गई।


2010 – बेल्जियम सरकार के सार्वजनिक स्थानों पर बुर्के पर पाबंदी लगाने संबंधी विधेयक के एक कानूनी मसौदे को संसद के निचले सदन ने मंजूरी दे दी।

**तैयारी** — *इस वर्ष चीन-भारत राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ*

# 'भारत के साथ आगे बढ़ा रहे कैलाश मानसरोवर यात्रा की तैयारी'

**बीजिंग, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन ने कहा कि वह भारत के साथ मिलकर कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए संबंधित तैयारियों को आगे बढ़ा रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने इसे दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और जनसंपर्क आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि पवित्र पर्वत और झील तिब्बती बौद्ध धर्म और हिंदू धर्म सहित कई धर्मों के श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। बीजिंग में एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान प्रवक्ता ने कहा कि चीन और भारत के बीच हुए समझौते के अनुसार, कैलाश मानसरोवर यात्रा इस गर्मी में फिर से शुरू होगी।**

■ 2015 से ही ऑनलाइन आवेदन से लेकर यात्रियों के चयन तक की पूरी प्रक्रिया कम्प्यूटरीकृत



दोनों पक्ष फिलहाल आवश्यक तैयारियों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष चीन-भारत राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है। चीन, भारत के साथ मिलकर नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण साझा समझ को ईमानदारी से लागू करने और द्विपक्षीय संबंधों को अच्छा और स्थिर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।

पिछले सप्ताह भारत के विदेश मंत्रालय ने भी घोषणा की थी कि लंबे समय से प्रतीक्षित कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष जून से अगस्त के बीच आयोजित की जाएगी। विदेश मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार, इस वर्ष पांच दल, प्रत्येक में 50 यात्री, उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से और 10 दल, प्रत्येक में 50 यात्री, सिक्किम के नाथू ला दर्रे से यात्रा करेंगे। बताया गया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए आवेदन स्वीकार करने के लिए वेबसाइट kmy.gov.in शुरू कर दी गई है। 2015 से ही ऑनलाइन आवेदन से लेकर यात्रियों के चयन तक की पूरी प्रक्रिया कम्प्यूटरीकृत कर दी गई है। विदेश मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि आवेदकों को जानकारी पाने के लिए पत्र या फैक्स भेजने की आवश्यकता नहीं है। वेबसाइट पर उपलब्ध फीडबैक विकल्प के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा सकती है या सुझाव दर्ज किए जा सकते हैं। भारत और चीन इस वर्ष की शुरुआत से ही यात्रा को फिर से शुरू करने की प्रक्रिया और नियम तय करने में जुटे हुए थे। बता दें कि कैलाश मानसरोवर यात्रा 2020 में कोविड-19 महामारी के फैलने के बाद और चीन द्वारा यात्रा व्यवस्थाओं का नवीनीकरण न करने के कारण स्थगित कर दी गई थी।

## दुनिया को जानें

# चीन श्रम के नाम पर नए युग की गरिमा और गौरव लिखता है

**बीजिंग,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। 1 मई को हम एक ऐसा त्योहार मनाते हैं, जो सभी श्रमिकों का है। 1886 में शिकागो के श्रमिकों की आठ घंटे के कार्यदिवस की मांग से लेकर 1949 में चीन द्वारा '1 मई' को कानूनी श्रम दिवस के रूप में स्थापित करने तक, यह त्योहार हमेशा मानव जाति द्वारा श्रम के मूल्य की खोज से जुड़ा रहा है। समकालीन चीन में, श्रमिक न केवल उत्सव की प्रशंसा का आनंद लेते हैं बल्कि संस्थागत गारंटी और मूल्य पुनर्निर्माण के माध्यम से वास्तव में सामाजिक विकास में मुख्य निकाय बन गए हैं। श्रमिकों के लिए यह सम्मान न केवल चीनी सभ्यता की परंपराओं की निरंतरता है बल्कि नए युग में चीन के आधुनिकीकरण पथ का एक ज्वलंत उदाहरण भी है। पहला, संस्थागत नींव ने श्रमिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए एक नेटवर्क बनाया है। चीन ने हमेशा श्रमिकों के अधिकारों और हितों की सुरक्षा को सामाजिक शासन के मूल में रखा है। नए संशोधित श्रम कानून ने श्रम अनुबंधों, मजदूरी भुगतान और आराम और अवकाश को कवर करते हुए एक पूर्ण-चक्र सुरक्षा प्रणाली स्थापित की है। चीन भर में 31 प्रांतों ने मजदूरी भुगतान निगरानी मंच स्थापित किए हैं, जो 28 करोड़ किसान श्रमिकों के लिए 'मजदूरी सुरक्षा' प्रदान करते हैं।

# प्रादेशिकी

## रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज वर्ष 2026 में काम करना शुरू कर देगा : डा. रावत

**नैनीताल।** उच्च शिक्षा और चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने मंगलवार को हल्द्वानी में कुमाऊं मंडल के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की बैठक ली और डेंगू, मलेरिया जैसे संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा सुधार के संबंध में लगातार अहम प्रयास कर रही है। डा. रावत ने कहा कि रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य वर्ष 2026 तक पूरा कर आम जनता के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा। आपातकालीन 108 एम्बुलेंस सेवा का रिस्पॉन्स टाइम 15 मिनट निर्धारित किया जाएगा और सभी जिला तथा उपजिला चिकित्सालयों में भर्ती मरीजों के लिए प्रत्येक दिन बेड पर नये रंग की चादर बिछाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में तीमारदारों के रुकने की भी व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान में कुमाऊं क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 18 से 20 हजार ओपीडी पर्चियां बनाई जा रही हैं।

### आज से होगा उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा का आगाज

# गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के लिए आज रवाना हुआ श्रद्धालुओं का पहला जत्था

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 2025 कल यानी 30 अप्रैल से शुरू हो रही है। धर्मनगरी हरिद्वार को चारधाम यात्रा का प्रवेश द्वार कहा जाता जाता है। इसलिए चारधाम यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले हरिद्वार से श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हो गया है। बदरी केदार के जयकारों का उद्घोष करते हुए श्रद्धालु काफी उत्साहित नजर आए। उधर, रुद्रप्रयाग और चमोली में तमाम व्यवस्थाओं को मुकम्मल किया जा रहा है। अक्षय तृतीया यानी 30 अप्रैल से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलते ही उत्तराखंड की चारधाम यात्रा की शुरू हो जाएगी। जिसके लिए आज 29 अप्रैल को हरिद्वार की अधिष्ठात्री देवी मां माया देवी की पूजा के बाद चारधाम यात्रा को जाने वाले यात्रियों का पहला जत्था रवाना हुआ। यात्रियों के पहले जत्थे की गाड़ियों को पर्यटन निदेशक वाईएस गंगवार ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

केदारनाथ धाम यात्रा के कपाट खुलने में अब कम समय रह गया है। सरकार और जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग यात्रा को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। इस बार यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम में अतिरिक्त पर्यावरण मित्र ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, जिससे लगातार स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रहे। केदारनाथ



### केदारनाथ यात्रा मार्ग पर हर किलोमीटर पर औसतन 20 पर्यावरण मित्र होंगे तैनात

नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी नीरज कुमार कुकरेती ने बताया कि केदार मंदिर परिसर, हेलीपैड, आस्था पथ, मंदिर मार्ग समेत भैरवनाथ मार्ग पर 55 पर्यावरण मित्र तैनात रहेंगे। इस तरह से औसतन हर किलोमीटर पर 20 पर्यावरण मित्र तैनात होंगे। उधर, सुलभ इंटरनेशनल की तरफ से भी करीब 550 पर्यावरण मित्रों की तैनाती की जा रही है। चमोली जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समय से सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। साथ ही धाम, यात्रा मार्ग, होल्डिंग प्वाइंट और मेडिकल हेल्थ पोस्ट पर बिजली पानी समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू करने के निर्देश दिए। दूरसंचार विभाग को यात्रा मार्ग के साथ ही बदरीनाथ और घांघरिया में नेटवर्क कनेक्टिविटी सुचारु करने को कहा है।

### खाद्य प्रतिष्ठानों में रेट लिस्ट चस्पा करने सख्त निर्देश

**देहरादून।** खाद्य संरक्षा अधिकारी को सभी खाद्य प्रतिष्ठानों में रेट लिस्ट चस्पा करने सख्त निर्देश दिए हैं। यात्रा के मद्देनजर कमेड़ा से बदरीनाथ तक सेक्टरों में बांटा गया है। जहां सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। वहीं, माणा में 12 सालों बाद 14 मई से 25 मई तक आयोजित होने वाले पुष्कर कुंभ को लेकर पीडब्ल्यूडी को भीम पुल से केशव प्रयाग तक रेलिंग लगाने व संगम पर जंजीरे लगाने एवं बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

### चारधाम यात्रियों को मिलेगी आधुनिक सुविधा : ऋतु खंडूड़ी

**देहरादून।** नैनीताल पहुंची उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है, जो भी यात्री देश-विदेश से पहुंचेंगे, उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। कुमाऊं में भी व्यवस्थित तरीके से धार्मिक पर्यटन चल रहा है। भीड़ के बावजूद भी तमाम मंदिरों में आने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है।

### बद्रीनाथ धाम के कपाट खोलने से पूर्व मुख्य रावल ने की गंगा पूजा

**टिहरी।** 30 अप्रैल को गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुलने के साथ ही प्रदेश में चारधाम यात्रा शुरू हो जायेगी। इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मंगलमय यात्रा की कामना को लेकर बदरीनाथ के रावल ने देवप्रयाग में गंगा की पूजा अर्चना की। चार मई को बदरीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। कपाट खोलने से पहले मुख्य रावल ने देवप्रयाग में मां गंगा की आशीष लिया। मंगलवार को परंपरा का निर्वाह करते हुए बदरीनाथ रावल ने देवप्रयाग में गोमुख से आने वाली भागरथी और अलकापुरी बदरिनाथ से आने वाली अलकनन्दा नदी के मिलन के बाद गंगा नदी और श्री रघुनाथ जी का पूजन किया। इस दौरान तीर्थ नगरी देवप्रयाग में गंगा और रघुनाथ जी की जयकारों से गूंज उठी। मुख्य रावल ने मां गंगा से सभी की सुरक्षित यात्रा की मंगलकामना की प्रार्थना की।

# धामी ने रेल मंत्री से की मुलाकात

**देहरादून,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट की। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाईन परियोजना के अन्तर्गत भारत के सबसे लम्बे रेल टनल (देवप्रयाग-जनासू) के सफल ब्रेक थरू के लिए रेल मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि इससे भारत के प्रौद्योगिकी विकास को नई पहचान मिली है। उन्होंने रूडकी-देवबंद रेलवे लाईन के सीआरएस जारी करने पर भी उत्तराखंड की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना में अपनायी जा रही टनल प्रणाली के समान ही देहरादून से सहारनपुर को मोहण्ड होते हुए रेलवे से जोड़ने के लिए टनल आधारित रेल लाईन परियोजना की संभाव्यता का



परीक्षण कराकर परियोजना की स्वीकृति देने का रेल मंत्री से अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश-उत्तरकाशी रेल लाईन परियोजना के त्वरित क्रियान्वयन किए जाने, जिला चम्पावत के टनकपुर से नई दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन शुरू करने और टनकपुर से देहरादून ट्रेन के फेरे बढ़ाए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री से टनकपुर-बागेश्वर रेल परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करते हुए इस परियोजना पर होने वाले व्यय का पूर्ण वहन भारत सरकार द्वारा किये जाने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश के पुराने रेलवे स्टेशन की भूमि के समस्त अधिकार राज्य सरकार को हस्तांतरित किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस भूमि का प्रयोग ऋषिकेश-गंगा कोरिडोर में हो रहे बहुद्देशीय विकास कार्यो जैसे सडक चौडीकरण, यातायात सुदृढीकरण, तीर्थ यात्रिया व श्रद्धालुओं के लिए अध्यात्मिक सुविधाओं को बढावा देने के लिए उपयोग में लाया जायेगा। साथ ही पुराने रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक को सडक में परिवर्तित करते हुए यातायात को और सुविधाजनक बनाया जाएगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### चारधाम यात्रा मार्ग पर सेवा देंगे 43 सौ से अधिक घोड़ा- खच्चर

**देहरादून,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। गंगोत्री ओर यमुनोत्री जी के कपाट खुलने के साथ ही बुधवार से पवित्र चारधाम यात्रा, शुरु होने जा रही है। चारधाम यात्रा, उत्तराखंड की आर्थिकी में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। यात्रा से होटल- लॉज संचालक, परिवहन कारोबारियों से लेकर घोड़े खच्चर संचालकों तक की आजीविका चलती है। इसी क्रम में केदारनाथ और यमुनोत्री पैदल मार्ग पर इस बार 4300 से अधिक घोड़े खच्चर संचालक अपनी सेवा देंगे। केदारनाथ धाम जाने के लिए तीर्थयात्रियों को गौरीकुंड से करीब 18 किमी लंबा पैदल रास्ता तय करना पड़ता है। इस कारण बड़ी संख्या में यात्री घोड़े- खच्चरों की सेवा लेते हैं। इस बार केदारनाथ धाम के लिए अब तक 2493 संचालकों ने पांच हजार से अधिक घोड़े खच्चरों का पंजीकरण करवा लिया है। पशुपालन विभाग ने स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर घोड़े खच्चरों का फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किए हैं। विभाग की ओर से सोनप्रयाग, गौरीकुंड, लिंचौली और केदारनाथ में पशु चिकित्सालय बनाए जाने के साथ ही पांच डॉक्टर और सात पैरावेट भी नियुक्त किए गए हैं, पैदल मार्ग के 13 जगहों पर गरमपानी की भी व्यवस्था की गई है। यमुनोत्री धाम के लिए 3700 से अधिक घोड़े खच्चरों का पंजीकरण किया गया है। यमुनोत्री यात्रा में इस्तेमाल होने वाले घोड़े खच्चरों की जांच, टीकाकरण, चिकित्सकीय सहायता एवं उपचार की व्यवस्था के लिए जानकीचट्टी में अस्थाई पशु चिकित्सालय की स्थापना की गई है। जहां चार पशु चिकित्सकों के साथ ही चार पशुधन प्रसार अधिकारी एवं दो पशुधन सहायकों को तैनात किया गया है।

**सार संक्षेप**

### एक मई से फिर उत्तराखण्ड का मौसम बदलने के आसार

**देहरादून।** मई के महीने की शुरुआत से ही मौसम करवट लेने के प्रबल आसार बन रहे है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि राज्य के अधिकतर जिलों में आने वाले दिनों में बारिश, तेज हवाएं और बिजली गिरने जैसी मौसमी गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। मौसम में यह बदलाव प्रदेश में एक मई से लेकर छह मई तक दिखाई देगा। उत्तराखंड में 30 अप्रैल से चारधाम यात्रा 2025 का आगाज होने जा रहा है। चारों धामों के कपाट तय कार्यक्रम के अनुसार खुलेंगे। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को, केदारनाथ धाम के कपाट दो मई को और बद्रीनाथ धाम के कपाट चार मई को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोले जाएंगे। यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी बीच मौसम विभाग ने भी राज्य में मौसम बदलने की चेतावनी जारी की है। एक मई से छह मई तक कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है। खासकर चारधाम यात्रा मार्गों पर मौसम की यह गतिविधि यात्रियों के लिए चुनौती बन सकती है।

### अनाज मंडियों से गेहूं की लिफ्टिंग करवाए केंद्र सरकार : बरसट

**चंडीगढ़।** पंजाब मंडी बोर्ड के अध्यक्ष हरचंद सिंह बरसट ने मंगलवार को कहा कि राज्य की अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य तेजी से चल रहा है और किसानों को भुगतान भी समय पर किया जा रहा है, लेकिन केंद्र सरकार और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से नहीं निभा रहे हैं और लिफ्टिंग के कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं।
श्री बरसट ने कहा कि मंडियों से खरीदी गई फसल की लिफ्टिंग की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है, लेकिन हर बार केंद्र सरकार इस कार्य में लापरवाही करती है, जिसका नुकसान पंजाब और पंजाब के किसानों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल मौसम ठीक है, लेकिन अगर मौसम खराब हो गया और गेहूं भीग गया, तो उसकी जिम्मेदारी भी केंद्र सरकार की ही होगी। उन्होंने कहा कि लोगों तक सही किस्म का अनाज पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार और एफसीआई को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए । उन्होंने बताया कि मंडी बोर्ड द्वारा गेहूं की खरीद के लिए कुल 1865 पक्की मंडियों की घोषणा की गई है।

### सुडोकू 6898 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 4 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 2 |

# नशे के खिलाफ मुहिम : माउंट एवरेस्ट बेस कैंप की चढ़ाई पर निकले पंचकूला के दो नन्हे बच्चे, सीएम सैनी से की मुलाकात

■ आर्यन और एनाया भाई-बहन हैं। दोनों माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक की कठिन चढ़ाई कर नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लेकर निकले हैं

**चंडीगढ़,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को एक नई दिशा देते हुए पंचकूला के दो छोटे बच्चे, आर्यन और एनाया, राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलने राजधानी चंडीगढ़ पहुंचे। मुख्यमंत्री ने इन दोनों बच्चों की साहसिक पहल की सराहना करते हुए उन्हें प्रदेश में नशे के खिलाफ लड़ाई का प्रतीक बताया। आर्यन और एनाया भाई-बहन हैं। दोनों माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक की कठिन चढ़ाई कर नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लेकर निकले हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संत कबीर कुटीर में इन दोनों बच्चों से मुलाकात की और उनकी इस मुहिम को समर्थन दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि हरियाणा का बच्चा, जवान और बुजुर्ग अब नशे के खिलाफ एकजुट होकर काम कर रहा है, जो एक बहुत ही सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि इतनी छोटी उम्र में आर्यन और एनाया जैसे बच्चे समाज के लिए सोच रहे हैं और ऐसा प्रेरणादायक कदम उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री



ने इस मुलाकात की जानकारी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी साझा की। उन्होंने लिखा, नशे को खत्म करने के लिए हरियाणा के बच्चे-बुजुर्ग व जवान एक जुट हो गए हैं, यह बड़ी खुशी की बात है। आज संत कबीर कुटीर पर पंचकूला के दो नन्हे बच्चे आर्यन और एनाया मिलने आए, ये दोनों भाई-बहन नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक कठिन चढ़ाई करने जा रहे हैं। बता दें कि इससे पहले 25 अप्रैल को जींद में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लिए 'साइक्लोथॉन 2.0 ड्रग फ्री हरियाणा यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस मौके पर हजारों युवा और आम लोग शामिल हुए थे।

### कांग्रेस किस मजबूरी में बोल रही पाकिस्तान के बोल : अनुराग

**शिमला,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व केंद्रीय मंत्री हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस व उनके नेताओं की ऐसी क्या मजबूरी है, कि पाकिस्तान के बोल बोलना ज़रूरी है आख़िर क्यों भारतीयों के खून बहने पर कांग्रेस का खून नहीं खौलता है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान दुनिया का एक ऐसा देश है जिसकी स्टेट पॉलिसी में टेररिस्ट फंडिंग है। पाकिस्तान को का खून बहाने में जिसको आनंद आता है। भारत में बार बार आतंकवादी हमले कराने का जो काम करता है उसका नाम पाकिस्तान है। कांग्रेस और उनके नेताओं की क्या मजबूरी है कि उन्हें पाकिस्तान की भाषा बोलनी पड़ रही है? क्या उन्हें भारत के खिलाफ हुए आतंकी हमलों में निर्दोष नागरिकों का खून नजर नहीं आता? आखिर कांग्रेस बार-बार पाकिस्तान का बचाव क्यों कर रही है?

### सुक्खू सरकार का हिंदू विरोधी कारनामा, धार्मिक यात्रा पर लगाया शुल्क : जयराम ठाकुर

■ अपने इष्ट देव के पास जाने के लिए अब हिंदुओं को देना पड़ रहा है शुल्क

■ औरंगजेब के बाद धर्म कर्म में शुल्क लगाने वाले मुख्यमंत्री बने सुक्खू

**शिमला,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार अपने हिंदू विरोधी रवैये से बाज नहीं आ रही है। मुख्यमंत्री कभी हिंदू विरोधी बयान तो कभी हिंदुओं के खिलाफ कोई न कोई योजना लेकर आते हैं। अब सुक्खू सरकार ने हिंदुओं की धार्मिक यात्रा पर ही शुल्क लगा दिया है। चूड़धार की यात्रा करने वाले हिंदू धर्मावलंबियों से सरकार शुल्क वसूल रही हैं। अब शिरगुल महाराज के यहाँ माथा टेकने पर भी सरकार लोगों से पैसे वसूल रही है। जिसका स्थानीय लोगों द्वारा भारी विरोध किया जा रहा है। अपने प्रदेश के अंदर ही धार्मिक यात्रा पर लोगों से शुल्क वसूल करना कांग्रेस सरकार की मंशा साफ़ दिखाता है। सुख की सरकार के शुल्क लगाने की लत लग गई है। सुख की सरकार मात्र दो सालों में ही 'शुल्क की सरकार' बन गई है। अब तो सरकार ने नवजातों के जन्म प्रमाण पत्र में सुधारने के लिए भी पाँच गुना पैसा वसूल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि अब चूड़धार की धार्मिक यात्रा करने वाले श्रद्धालु यात्रा करने के बदले सरकार को शुल्क दें। इसी तरह का शुल्क मुग़ल बादशाह औरंगज़ेब ने भी हिंदुओं के तीर्थ यात्रा पर लगाया था जिसे 'तीर्थ यात्रा महशूल' यानी 'ज़ज़िया कर' कहा जाता था। मुख्यमंत्री ने इंसानों ही नहीं बल्कि घोड़े और खच्चरों पर भी शुल्क लगा दिया है। जिससे श्रद्धालु से लेकर घोड़े चलाने वाले भी परेशान हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार का यह कदम बहुत दुर्भावनापूर्ण है। चूड़धार की यात्रा करने वाले श्रद्धालु भगवान शिरगुल महाराज के दर्शन करने लिए वहाँ जाते हैं। शिरगुल महाराज के प्रति हिमाचल समेत देश भर के श्रद्धालुओं में बड़ी आस्था है।

## किसानों के खातों में गड़बड़ झाला कर लाखों के घोटाले का आरोपी गिरफ्तार

**चम्पावत,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। किसानों के खातों में गड़बड़ी कर 81 लाख 8 हजार 948 रूपयों का घोटाला करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार चम्पावत के थाना पाटी क्षेत्रांन्तर्गत बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति दुबड चम्पावत पाटी में स्थित है, जिसमे पाटी ब्लाक क्षेत्र के किसानों ने समिति के माध्यम से रबी एवं खरीफ की फसलों के लिये ऋण लिया जाता था। इस समिति में जय राम नामक व्यक्ति वर्ष 2012 से मई 2024 तक सचिव के पद पर तैनात था। उस दौरान सचिव जयराम ने किसानों के खातों में गडबडी की गई जिसकी शिकायत किसानों ने की थी। जिसके क्रम में सदस्य सचिव जिला प्रशासनिक कमेटी, प्रा, ऋण सह.समितियां केन्द्रियन सेवा जिला सहकारी समितियां उत्तराखण्ड चम्पावत ने पाँच सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया। जाँच समिति ने अपनी जाँच पूर्ण करने के उपरान्त अपनी जाँच में तत्कालीन निलंबित सचिव जयराम के समिति व काश्तकारों का कुल 81 ,08,948 रुपये का गबन करना तथा समिति के दस्तावेजों में कूट रचना करने का दोषी पाया गया। इस जांच के आधार पर जाँच समिति के सदस्य अनिल जोशी सहायक विकास अधिकारी विकासखण्ड पाटी की तहरीर पर थाना पाटी में मुकदमा दर्ज किया गया। मामला स्थानीय किसानों व ग्रामीणों की भावनाओं से जुडा होने तथा गम्भीर प्रवृत्ति का होने के कारण पुलिस ने फरार आरोपी निलम्बित सचिव जय राम को पाटी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली राज्य विरोधी और विघ्न संतोषी: भट्ट

■ 30 मई का होने वाली कांग्रेस की रैली को लेकर जमकर बरसे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**देहरादून,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा ने चार धाम यात्रा शुरुआत के दिन, कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को, राज्य विरोधी और पावन कार्यों में विघ्न संतोषी रवैया बताया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस का इस मुद्दे को उठाना, बिल्ली के सौ चूहे खाकर हज करने जैसा है। लिहाजा उनमें थोड़ी सी भी नैतिकता शेष है तो राज्यहित और देशहित में उन्हें इस कार्यक्रम को रद्द करना चाहिए और यात्रा में सहयोग के लिए आगे आना




चाहिए। उन्होंने कांग्रेस के अभियान की टाइमिंग और औचित्य पर कई गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सभी जानते हैं कि चार धाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिक रीढ़ का काम करती है। लिहाजा जब कल से इस पावन यात्रा का शुभारंभ हो रहा है तो ऐसे में मुख्य विपक्षी पार्टी का राजनैतिक कार्यक्रम करना उनके नकारात्मक रुख को स्पष्ट करता है। कांग्रेस पार्टी नहीं चाहती है कि राज्य का विकास जारी रहे और उसकी देवभूमि छवि की कीर्ति में वृद्धि हो। इसलिए वह यात्रा व्यवस्था में जुटे प्रशासन और आम लोगों के प्रयासों में विघ्न डालने के लिए यह कार्यक्रम करना चाहते हैं। विगत वर्ष में भी यात्रा प्रभावित करने के लिए कांग्रेस ने इसी तरह के अनेकों राजनैतिक प्रपंच किए थे। जो यात्रा के अंतिम दिनों तक केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा के रूप में जारी रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह प्रयास और भी दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हो जाता है कि ये सब उस समय किया जा रहा हो जब देश पहलगाम हमले से दुख और आक्रोश में है। वो पीएम मोदी के नेतृत्व में दुश्मनों को करारा जवाब देने की तैयारी में जुटा हुआ है। लेकिन कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति नॉन स्टॉप जारी है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नेताओं से आग्रह किया कि यदि उनमें थोड़ी सी भी नैतिकता बची हो तो वह यात्रा को देखते हुए प्रदेश हित में अपने राजनैतिक कार्यक्रम को स्थगित कर दे। बेहतर हो कि उनके कार्यकर्ता भी यात्रा प्रबंधन में सहयोग और तीर्थयात्रियों की मदद के लिए आगे आएं।

# हरिद्वार सिडकुल थाने को मिला अपना भवन, डीपीजी ने किया उद्घाटन

■ दीपम सेठ को मौके पर सेरिमोनियल गार्द की ओर से सलामी दी गई

**हरिद्वार,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। औद्योगिक क्षेत्र सिडकुल को लंबे इंतजार के बाद आखिरकार नए थाने की सौगात मिल गई। अभी तक पुलिस चौकी के भवन में चल रहे सिडकुल थाने को अब अपना नया भवन मिलने जा रहा है। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने मंगलवार को सिडकुल स्थित आईएमसी चौक पर प्रस्तावित थाना भवन का विधिवत शिलान्यास किया। नया भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। औद्योगिक क्षेत्र के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल की इस शानदार पहल से सिडकुल के




उद्यमियों के अलावा आम जनता को भी लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल सहित पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। दीपम सेठ को मौके पर सेरिमोनियल गार्द की ओर से सलामी दी गई। इसके उपरांत उन्होंने वैदिक रीति से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से नए थाना भवन की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी होती दिख रही है। नया थाना भवन औद्योगिक क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा। पुलिस प्रशासन के अनुसार भवन का स्वरूप वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। वर्तमान में संचालित थाना सिडकुल को इसी भवन में स्थानांतरित किया जाएगा।शिलान्यास कार्यक्रम में अपराध निरीक्षक जितेन्द्र मेहरा, नगर क्षेत्राधिकारी पंकज गैरोला, क्षेत्राधिकारी सदर जितेंद्र चौधरी, सिडकुल थाना प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी, वरिष्ठ उप निरीक्षक नंदकिशोर ग्वाड़ी सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि नया भवन न केवल पुलिस बल की कार्यक्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि उद्यमियों व आमजन को बेहतर सुरक्षा और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

### पंजाब सरकार को देना ही पड़ेगा हरियाणा के हिस्से का पानी : हुड्डा

**चंडीगढ़,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को पंजाब सरकार के हरियाणा का पानी रोके जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हरियाणा कोई भीख नहीं मांग रहा है बल्कि यह प्रदेश के हिस्से का पानी है, जो पंजाब सरकार को देना ही पड़ेगा। श्री हुड्डा ने कहा कि पंजाब को हरियाणा के पानी में कटौती करने का कोई अधिकार नहीं है। यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की बड़ी विसफलता है कि वो लगातार हरियाणा की हिस्सेदारी में लगातार हो रही कटौती के बावजूद चुपी साधे बैठी है। एकदम से पंजाब में 9500 क्यूसेक पानी को घटकर 4000 क्यूसेक कर डाला। बावजूद इसके हरियाणा सरकार द्वारा कड़ी आपत्ति दर्ज नहीं करवाई गई। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार के इस असंवैधानिक कदम से हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, रोहतक और महेंद्रगढ़ समेत कई जिलों में पानी का संकट पैदा हो जाएगा और आने वाली फसल की सिंचाई भी मुश्किल हो जाएगी। बावजूद इसके भाजपा हाथ पर हाथ धरे बैठी है।उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने के बाद से ही हरियाणा के हितों की पैरवी किसी भी मंच पर मुखरता से नहीं की। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा एसवाईएल पर हरियाणा के पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बावजूद आज तक सरकार पानी नहीं ले पाई। जबकि प्रदेश और केंद्र दोनों जगह तीसरे टर्म से भाजपा की सरकार है।

# प्रादेशिकी

## भगवान परशुराम पूजन और कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भगवान परशुराम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में देर शाम समर्पण सेवा फाउंडेशन ने भगवान परशुराम पूजन और कवि सम्मेलन का आयोजन हिंदी भवन नूनहाई में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्वासा ऋषि आश्रम के प्रमुख महंत ईश्वर दास ने की, जिन्होंने भगवान परशुराम के शस्त्रधारण और धर्म की रक्षा की महिमा पर प्रकाश डाला महंत ईश्वर दास ने कहा कि जब धरती पर अत्याचार और अनाचार बढ़ता है, तब भगवान परशुराम का अवतार होता है। उन्होंने कश्मीर के पहलगांव में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा, आतंकवादियों ने धर्म नहीं बल्कि केवल जाति पूछी। यह समय है कि पूरे सनातन धर्म को संगठित होकर एकजुट होना होगा।

# उत्तर प्रदेश में पूर्व की सरकारों के एजेंडे में था सिर्फ वोट बैंक : योगी

■ चरगांवां में नगर निगम के गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का किया लोकार्पण



किसी कार्य को करने के लिए विजन चाहिए। विजन को धरातल पर उतारने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और ईमानदारी से कार्य करने की प्रवृत्ति चाहिए : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ/गोरखपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में 2014 के पहले की सरकार के एजेंडे में देश नहीं था। इसी तरह 2017 के पहले उत्तर प्रदेश की सरकार के एजेंडे में आम जनता नहीं थी। इन सरकारों के एजेंडे में सिर्फ वोट बैंक था। वोट बैंक के एजेंडे को लेकर पूर्व की इन सरकारों ने देश और प्रदेश की जो दुर्गति की वह सबके सामने है। योगी मंगलवार को चरगांवां में नगर निगम के गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन (जीटीएस) का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम के अंतर्गत नगर निगम के इस गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण पर कुल 9.89 करोड़ रुपए की लागत आई है। जीटीएस के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हर व्यक्ति को क्वालिटी ऑफ लाइफ देने के लिए देश में 2014 से प्रदेश में 2017 से जो कार्य हो रहे हैं, वे पहले भी हो सकते थे। पर, तब सत्ता में ऐसे लोग थे जो कुछ नहीं कर पाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी कार्य को करने के लिए विजन चाहिए। विजन को धरातल पर उतारने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और ईमानदारी से कार्य करने की प्रवृत्ति चाहिए। परिकल्पना को परिणाम में बदलने के लिए टीमवर्क चाहिए। पर, जहां परिवार को ही सबकुछ मान लिया जाता हो, वहां सत्ता में बैठे लोगों से कोई उम्मीद करनी बेमानी है।

उन्होंने कहा कि 2017 से पूर्व प्रदेश में सपा और 2014 से पूर्व केंद्र में कांग्रेस और उसके सहयोगी दल यही बेमानी करते रहे। योगी ने कहा कि पहले सड़क पर और नालियों में कूड़ा फेंक देने के कारण जलनिकासी नहीं हो पाती थी। सड़क पर गंदगी पसरी रहती थी। गंदगी से मच्छर पनपते थे, इंसेफेलाइटिस, डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां होती थीं। जब मच्छर, बीमारी और माफिया बढ़ेंगी तो माफिया भी पनपेंगे। 2017 के पूर्व गंदगी, मच्छर, बीमारी और माफिया गोरखपुर की पहचान से जुड़ गए थे। जबकि आज का गोरखपुर स्मार्ट सिटी के रूप में स्वच्छता के लिए सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के नए मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि 1977-78 से लेकर चार दशकों में 50 हजार मासूमों की मौत इंसेफेलाइटिस का चलते हुई थी।

### गोरखपुर में वेस्ट मैनेजमेंट के बेहतरीन काम हो रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में वेस्ट मैनेजमेंट के बेहतरीन काम हो रहे हैं। यहां कंस्ट्रक्शन वेस्ट से टाइल्स बन रहा है। सुथनी में 500 टन प्रतिदिन की क्षमता का वेस्ट टू चारकोल प्लांट लग रहा है। इसी क्रम में चरगांवां में 200 टन प्रतिदिन की क्षमता का गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन बना है। यहां चालीस वार्डों का कूड़ा निस्तारित होगा। इसी तरह का गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन लालडिग्गी में भी बनाया गया है। गोरखपुर में प्राकृतिक विधि से जलशोधन का भी नया मॉडल खड़ा किया गया है।

## सफाई मजदूर कांग्रेस शाखा मवाना में नामांकन प्रक्रिया संपन्न

**मवाना**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद मवाना की ट्रेड यूनियन शाखा अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस शाखा मवाना में मंगलवार को अध्यक्ष एवं महामंत्री पद के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। अध्यक्ष पद के लिए मनोज कुमार, सुभाष और देवेंद्र सूद ने नामांकन किया, जबकि महामंत्री पद के लिए राकेश कुमार और राजू सूद ने पर्चा दाखिल किया था। मंगलवार को नामांकन वापसी तथा चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया के दौरान देवेंद्र सूद (अध्यक्ष पद) और राजू सूद (महामंत्री पद) ने अपना नामांकन वापस ले लिया।



■ अध्यक्ष पद के लिए मनोज और सुभाष के बीच मुकाबला

इसके बाद अब अध्यक्ष पद पर मनोज कुमार और सुभाष के बीच सीधा मुकाबला होगा। चुनाव कमेटी ने सूक्ष्मता से नामांकन पत्रों की जांच की और चुनाव चिन्ह आवंटित किए। मनोज कुमार को शेर, जबकि सुभाष को सूरज चुनाव चिन्ह मिला है। महामंत्री पद पर राकेश कुमार अब निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं, क्योंकि उनके प्रतिद्वंद्वी राजू सूद ने नाम वापस ले लिया है। अध्यक्ष पद के लिए मतदान 5 मई को होगा, जबकि उसी दिन राकेश कुमार की निर्विरोध जीत की औपचारिक घोषणा की जाएगी।

## उत्कृष्ट सेवाओं व अनुशासन के लिए एनसीसी कैडेट्स सम्मानित



■ कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज मैग्गो ने की शिरकत

**मेरठ**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के लिए गौरव और उत्सव का विशेष अवसर रहा जब 70 यूपी बटालियन एनसीसी मुख्यालय, मेरठ में आयोजित सी सर्टिफिकेट वितरण समारोह में विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और अनुशासन के लिए सम्मानित किया गया।

इस गरिमामय समारोह में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज मैग्गो ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सफल कैडेट्स को सी सर्टिफिकेट प्रदान किए। कर्नल मैग्गो की उपस्थिति और उनके प्रेरणादायी उद्बोधन ने कार्यक्रम में एक नई ऊर्जा का संचार किया और सभी उपस्थितजनों के लिए यह क्षण अविस्मरणीय बन गया। यह अवसर उन सभी कैडेट्स के कठिन परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्रीय सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा, जिन्होंने एनसीसी की गरिमामयी परंपराओं को आत्मसात करते हुए अपने अद्भुत प्रदर्शन से गौरव प्राप्त किया है।

कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र ने सभी सफल कैडेट्स को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि हमारे युवा कैडेट्स का यह प्रदर्शन न केवल विश्वविद्यालय के लिए बल्कि राष्ट्र के भविष्य के लिए भी प्रेरणास्रोत है। शोभित विश्वविद्यालय सदैव ऐसे ही नेतृत्व, अनुशासन और देशभक्ति के मूल्यों को प्रोत्साहित करता रहेगा। छात्रों की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे विश्वविद्यालय के एनसीसी समन्वयक लेफ्टिनेंट डॉ. कुलदीप कुमार का विशेष सहयोग रहा।

## सार संक्षेप

### परशुराम जयंती पर पाण्डेयश्वर मन्दिर में हुआ दिव्य यज्ञ

**मवाना।** अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर युवा ब्राह्मण समाज उत्तर प्रदेश द्वारा प्राचीन पाण्डेश्वर मन्दिर, विवेक विहार मवाना में एक दिव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में यजमान के रूप में अमित शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी प्रियंका शर्मा उपस्थित रहे। वेद मंत्रों के साथ यज्ञ संपन्न कराने का कार्य आचार्य पंडित विष्णु दयाल शौनक ने किया। युवा ब्राह्मण समाज के बिजनौर लोकसभा सहप्रभारी पंडित अजीत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पाण्डेश्वर मन्दिर मवाना नगर का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां भगवान परशुराम की प्रतिमा विद्यमान है। इस अवसर पर प्रतीक शर्मा ने अक्षय तृतीया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन अत्यंत पुण्यकारी होता है, जिस पर बिना मुहूर्त के भी विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्य सम्पन्न किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में पंडित लक्ष्मेन्द्र शर्मा ने भगवान परशुराम की आरती उतारकर श्रद्धालुओं को प्रसाद रूप में ठंडी खीर वितरित की।

### महिलाओं को दी गई सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

**मवाना।** पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक सराहनीय पहल करते हुए एंटी रोमियो टीम ने मंगलवार को स्थानीय क्षेत्रों में जागरुकता अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व इंस्पेक्टर विशाल श्रीवास्तव ने किया। अभियान के दौरान टीम ने महिलाओं और छात्राओं को विभिन्न सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। टीम ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं 1090 (वुमेन पावर लाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) नंबरों पर कॉल कर तुरंत मदद प्राप्त कर सकती हैं।

### झूठा शपथ पत्र देने वाले कंसल्टेंट को बचाने में लगा प्रबंधन

**मेरठ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर झूठा शपथ पत्र देने वाले ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट को बचाने के लिए टालमटोल करने का आरोप लगाया है। संघर्ष समिति ने टेंडर मूल्यांकन समिति की बैठक तत्काल बुलाकर कंसल्टेंट की नियुक्ति रद्द करने की मांग की है। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष पर निजीकरण के बाद बिजली कर्मचारियों की सेवा शर्तों में कोई बदलाव न होने के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि अध्यक्ष गुमराह कर रहे हैं।

### शामली में अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**शामली।** शामली जिले के झिंझाना क्षेत्र में पुलिस ने वेल्डिंग की दुकान में चल रही अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से अधबने तमंचे, कारतूस व हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए। पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने कस्बा ऊन के मौहल्ला सुभाषनगर निवासी शफीक की दुकान में वेल्डिंग की आड में अवैध हथियार बनाए जाने की सूचना पर छापा मारा और फैक्ट्री संचालक समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

## सुभारती पत्रकारिता विभाग में बहिरंग का आगाज

**मेरठ**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रम बहिरंग का आगाज हो गया। विश्वविद्यालय के कुलपति मेज.जन. जी.के. थपलियाल, एसएम (से.नि.) ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता एक ऐसी पेशेवर गतिविधि है जिसमें समाचार और जानकारी को जनता तक पहुंचाने का काम निष्पक्षता से किया जाना चाहिए।



उन्होंने कहा कि निष्पक्षता पत्रकारिता का एक मूलभूत सिद्धांत है जो पत्रकारों को अपने काम में ईमानदारी और विश्वसनीयता बनाए रखने में मदद करता है। कुलपति ने कहा कि निष्पक्षता पत्रकारों को सत्यनिष्ठा बनाए रखने में मदद करती है। पत्रकारों को निष्पक्ष रिपोर्टिंग करने से उनके प्रति समाज का दृष्टिकोण आदर का बन जाता है। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस चेयर के अध्यक्ष डा. मेजर देशराज सिंह, विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अशोक चौबे, प्रोफे. अशोक त्यागी, डा. सीमा शर्मा, डा. प्रीति सिंह, राम प्रकाश तिवारी, शैली शर्मा, शिकेब मजीद तथा अन्य विभागों के संकाय सदस्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने वक्फ की संपत्ति कबजाने का काम किया



■ वक्फसुधार जन जागरण अभियान पर कार्यशाला में बोले राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर

■ वक्फ बिल को धार्मिक स्वतंत्रता देने वाला कानून बताया

**मेरठ**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर वक्फ सुधार जन जागरण अभियान पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिले के यशस्वी जिला अध्यक्ष ठाकुर शिवकुमार राणा ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष विनोद चौधरी एवं राजकुमार शर्मा ने किया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कांग्रेस ने आज तक मुसलमानों के हितों की चिंता क्यों नहीं कि कांग्रेस ने वक्फ की संपत्ति कबजाने का काम किया है। कांग्रेस ने संविधान से ऊपर वक्फ को रखा है। वक्फ के द्वारा कोई भी कार्य मुसलमानों के हित में आज तक नहीं किया गया। वक्फसंशोधन अधिनियम 2025 की आवश्यकता क्यों थी? वर्तमान अधिनियम वक्फप्रबंधन में पारदर्शिता और जवाब देही बढ़ाने मनमाने ढंग से संपत्ति अधिग्रहण को रोकने तथा धार्मिक स्वतंत्रता और सामान्य से संबंधित संवैधानिक चिताओं को दूर करने के लिए बनाया गया है। वक्फ परिषद की बड़ी शक्तियों और वक्त संपत्ति लेनदेन पर प्रतिबंध राज्यों पर बोझ और मनमाने भूमि दावे। वक्फबोर्ड की किसी भी संपत्ति पर वक्फ का दावा करने की शक्ति को हटाया जाना। अधिनियम के माध्यम से महिला अधिकारों में वृद्धि। वक्फ निकायों में बेहतर प्रतिनिधित्व और सुशासन। वक्फ दावों के खिलाफ आदिवासी अधिकारों की सुरक्षा। संरक्षित स्मारक वक्फ के दायरे से बाहर रहेंगे। यह जनकल्याण के लिए बना वक्फ, भारत का सबसे बड़ा घोटाला बन चुका है। माल, होटल और व्यावसायिक इमारतें, वक्फकी जमीन पर फल फूल रही है लेकिन गरीब मुसलमान का अभी कुछ नहीं मिल रहा है। धार्मिक नेताओं और राजनेताओं के एक बड़े गुट ने वक्फ की संपत्तियों को लूटकर आम मुसलमान को बुनियादी सुविधा से वंचित कर दिया है B1: मुसलमान आज भी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। जबकि लाखो करोड़ की वक्फ संपत्तियां द्वारा उनके विकास के लिए कुछ भी नहीं किया गया। 2006 कि सच्चर कमेटी रिपोर्ट का चौंकाने वाला खुलासा 80 परसेंट वक्त संपत्तियां भ्रष्टाचार और अतिक्रमण की शिकार हो चुकी है। कर्नाटक में 22000 एकड़ वक्फकी भूमि 2 लाख करोड़ में बेची गई। मुस्लिम कल्याण फंड से करोड़ों की लूट दिल्ली में एक ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ, कि मुस्लिम शिक्षा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए, निर्धारित वक्फ फंड का दुरुपयोग हुआ। जिसमें मस्जिदों और मदरसे जर्जर हालत में पहुंच गए। 70 प्रतिशत वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जा हो चुका है जबकि बाकी संपत्तियां मॉल, होटल और उद्योगों को नाम मात्र किराए पर लीज पर दे रखी दी गई है। कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनिंदर पाल सिंह, पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी, क्षेत्रीय मंत्री इंद्रपाल बजरंगी, जिला महामंत्री समीर चौहान, हरीश चौधरी, भंवर सिंह, अंकुर मुखिया, जिला उपाध्यक्ष पिरेराम धनतला, आशीष प्रताप, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष नईम तोमर,जिला मीडिया प्रभारी संजीव राणा, जिला आईटी संयोजक विनय शर्मा, कार्यालय मंत्री राजकुमार शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेक्रेड हार्ट यूनिवर्सिटी, अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल का शोभित विवि में स्वागत



**मेरठ**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय अकादमिक सहयोग की दिशा में एक और नई उपलब्धि की ओर कदम उठाया है, जब अमेरिका की प्रतिष्ठित संस्था सेक्रेड हार्ट यूनिवर्सिटी का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय के परिसर में पधारा। इस प्रतिनिधिमंडल में सुश्री एडिथ गौटियर, निदेशक दृ अंतरराष्ट्रीय प्रवेश, एवं श्री आशीष राय, वरिष्ठ प्रबंधक दृ अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय साझेदारी, उपस्थित रहे। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के मध्य भावी अकादमिक साझेदारी को लेकर सार्थक और विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। चर्चा का केंद्र बिंदु संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं की संभावनाओं, आधुनिक और वैश्विक मांग के अनुरूप शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के सह-विकास, तथा व्यवसाय प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर विज्ञान जैसे क्षेत्रों में ज्ञानवर्धन के संयुक्त प्रयासों पर रहा। इसके अतिरिक्त, छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय विनिमय कार्यक्रमों, वैश्विक इंटर्नशिप्स और को-क्रिएटिव शिक्षण पद्धतियों पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय की अधोसंरचना, अकादमिक नवाचारों और वैश्विक दृष्टिकोण की सराहना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वी. के. त्यागी ने कहा कि शोभित विश्वविद्यालय का सदैव प्रयास रहा है कि हम अपने छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा, शोध और नवाचार के अवसर प्रदान करें। सेक्रेड हार्ट यूनिवर्सिटी के साथ प्रस्तावित साझेदारी इसी दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह सहयोग न केवल अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा, बल्कि छात्रों को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने हेतु आवश्यक कौशल और दृष्टिकोण भी प्रदान करेगा।

## मार्ग एवं सेतु की कार्य योजना को बैठक आयोजित

**मेरठ**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 की मार्ग एवं सेतु की कार्य योजना अनुमोदन हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक में औद्योगिक लाजिस्टिक पार्क हतु मार्गो के चौडीकरण सुदृढीकरण निर्माण कार्य, शहर में बाईपास रिंग रोड फ्लाईओवर, धमार्थ मार्गो के चौडीकरण सुदृढीकरण विकास हेतु निर्माण कार्य, लघु सेतु निर्माण, रेल उपरिगामी सेतु, दीर्घ सेतु, ब्लैक स्पॉटध्रोड सेफ्टी, केन्द्रीय मार्ग एवं अवसंरचना निधि के अंतर्गत मार्गो का चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण, चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओ हेतु मार्गो का चौडीकरण एवं सुदृढ़करण नवनिर्माण पुनःनिर्माण का कार्य सहित कुल 16 बिन्दुओं पर प्रस्ताव रखते हुए विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा शहर के विकास हेतु अपने सुझाव भी दिए गए।

## जिला न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



■ जेल अधीक्षक को किया आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित

**मेरठ**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन, जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह, एसएसपी विपिन ताडा द्वारा जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, सूरजकुंड बाल गृह व राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन) का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

जिला कारागार में जिला न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने बैरक, महिला वार्ड, पाकशाला, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण किया व जेल अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। महिला बैरक में उन्होंने महिला कैदियो से वार्ता कर उनसे खान-पान, पैरवी हेतु वकील आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी महोदय ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, दवाई, पेशी आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि बच्चो के लिए, योगा की क्लास आयोजित की जाये। सूरजकुंड बालगृह पर जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने बच्चो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, पढाई, दवाई आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारी को शौचालय की साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश दिए।

**आयोजन** — श्री वेंकेटेश्वरा संस्थान में अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा का हुआ शानदार समापन

# गरीबों को मूलभूत सुविधाओं का बराबर मिल रहा लाभ : गुलाबो देवी

**मेरठ**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में पिछले पन्द्रह दिनों से चले आ रहे 'अम्बेडकर जयन्ती पखवाड़ा (14 अप्रैल- 29 अप्रैल)' का शानदार समापन हो गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश शासन गुलाबो देवी, संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी,कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, युवा मोर्चा के अध्यक्ष शुभम चौधरी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया।

■ टॉपर विद्यार्थियों को सम्मान प्रतीक एवं उपहार भेंट कर किया गया सम्मानित



मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने इस पखवाड़े के विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेताओं के साथ-साथ यूपी बोर्ड के दसवीं एवं बारहवीं के प्रदेश की टॉप-टेन सूची एवं जिला टापर विद्यार्थियों को सम्मान प्रतीक एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब द्वारा दुनिया के सबसे शक्तिशाली संविधान के निर्माण से गरीब, शोषित, वंचित एवं देश के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी शिक्षा, स्वास्थ्य, समानता, रोजगार जैसे मौलिक अधिकारों एवं मूलभूत सुविधाओं का बराबर लाभ मिल रहा है। ताकि देश का प्रत्येक व्यक्ति सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सके। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. पीयूष पांडेय, महाकविवित्री डा. मधु चतुर्वेदी, देश के वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार डा. दिनेश रघुवंशी, मशहूर बालीवुड सिंगर सोनू ठकराल, डी.आई.ओ.एस. विष्णु प्रताप सिंह, हिमांशु त्यागी, डा. राजेश सिंह, डा. टी.पी. सिंह, डा. विश्वनाथ झा, डा. एस.एन. साहू, डा. लक्ष्मण सिंह रावत, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. आशुतोष गौतम, डा. एना एरिक ब्राउन, डा. मनीष शर्मा, डा. मंजरी राणा, डा. आशुतोष सिंह, डा. अश्विनी सक्सेना, डा. धीरज दुबे, डा. ओमप्रकाश सिंह, डा. अनिल कुमार जायसवाल, डा. स्नेहलता गोस्वामी, डा. आरती गुप्ता, डा. ज्योति सिंह, डा. शिल्पा रैना, कुमारी स्मिता चंद्रा, डा. विकास पांडे, डा. नीतू पंवार, श्रीमती दीक्षा चौहान, हिमानी गरजोला, कुमारी तनुश्री व्यास, डा. पूर्वा बाला, पूजा ठाकुर, कुमारी अंजलि ठाकुर, डा. अमित कुमार, डा. सहर्ष वाल्टर, हिमानी चौहान, अनुषा कर्णवाल, सुमनदीप कौर, पूजा एरी, हरप्रीत कौर, अखिल कुमार एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## विश्व हिन्दू राष्ट्र सेना ने ज्ञापन सौंपा

**मवाना**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। देशभर में सनातन हिन्दू समाज पर हो रहे अत्याचारों, हमलों और हिंसा की घटनाओं के विरोध में मंगलवार को विश्व हिन्दू राष्ट्र सेना के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी मवाना दीपक माथुर को प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन ने हाल ही में पश्चिम बंगाल में हिन्दू समाज पर हमले, बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार, और 22 अप्रैल को पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में धर्म पूछकर 28 हिन्दू यात्रियों की आतंकवादियों द्वारा की गई सामूहिक हत्या जैसी घटनाओं की कड़ी निंदा की और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। संगठन पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री से मांग की कि इन घटनाओं में संलिप्त हत्यारों और आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और जो भी व्यक्ति या संगठन आतंकियों को पनाह और संरक्षण दे रहे हैं, उनके खिलाफभी सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 30 अप्रैल, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

**मेरे एक्टिंग कॅरियर में 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' सुखद बदलाव वाली फिल्म : अक्षय**

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय ओबेरॉय, वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर अपकमिंग फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में नजर आएंगे। अभिनेता ने अपने अनुभव शेयर करते हुए बताया कि फिल्म में काम करना शानदार और उनके करियर में बदलाव लाने वाला साबित हुआ। 'फाइटर' और 'किसको था पता' जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाले अक्षय ने बताया कि 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' उनके करियर में एक सुखद बदलाव लेकर आया। अक्षय ने बताया कि सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में काम करना मेरे लिए शानदार अनुभव से भरा रहा। पिछले कुछ सालों में मैंने कई तरह के गंभीर, कई तरह के किरदार निभाए हैं।

## नई शुरुआत को खास तारीख तक नहीं रखती सीमित : काम्या पंजाबी



**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। टीवी जगत की लोकप्रिय अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने हिंदू धर्म के पवित्र दिन अक्षय तृतीया को लेकर अपनी राय रखी। काम्या ने बताया कि वह नई शुरुआत को किसी खास तारीख तक सीमित नहीं रखती हैं। अभिनेत्री का मानना है कि किसी भी काम को करने का सबसे सही समय होता है 'अभी।'

काम्या ने नई शुरुआत को लेकर कहा कि अक्षय तृतीया को अक्सर कुछ नया शुरू करने के लिए सबसे शुभ दिनों में से एक माना जाता है। चाहे वह कुछ खास खरीदना हो, नई शुरुआत हो या जीवन का कोई बड़ा फैसला लेना हो। मैं व्यक्तिगत रूप से नई शुरुआत को किसी विशेष तिथि या मुहूर्त तक सीमित नहीं रखती, मैं उन लोगों का बहुत सम्मान करती हूं, जो ऐसी परंपराओं को लेकर चलते हैं और उससे सकारात्मकता पाते हैं। लेकिन मेरा मानना है कि अगर आपके इरादे नेक हैं और आपका दिल नए सफर के लिए तैयार है, तो हर दिन शुरुआत के लिए अच्छा है।उन्होंने बताया कि सबसे खास बात है कि डर या झिझक के कारण अपने सपनों को टालना या इग्नोर करना सही नहीं है। इसके लिए पहला कदम उठाना चाहिए, चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो। यह बहुत मायने रखता है। एक नई शुरुआत के लिए बेहतरीन दिन की नहीं, बल्कि साहस और खुद पर विश्वास की जरूरत होती है।काम्या ने कहा कि मैं साहसिक कदम उठाने में विश्वास रखती हूं। जब भी दिल को कुछ नया करने का मन करे, चाहे वह कितना भी चुनौतीपूर्ण हो, उसके लिए कोशिश जरूर से करनी चाहिए।

# आयुर्वेदिक गुणों का खजाना है देवदारु

- प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध देवदारु
- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और सिक्किम जैसे राज्यों में उगता है देवदारु
- खांसी जैसे कफ विकार रोगों से राहत दिलाने में मदद
- तेल जोड़ों के दर्द, गठिया व मांसपेशियों की अकड़न को कम करने में प्रभावी



**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। देवदारु हिमालय की वादियों में पाया जाने वाला एक विशाल वृक्ष है। यह न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि इसके औषधीय, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ भी इसे अनमोल बनाते हैं। हाल के समय में आयुर्वेद के बढ़ते महत्व के बीच देवदारु ने विशेष तौर पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है।

देवदारु को 'देवताओं की लकड़ी' के रूप में जाना जाता है। इस पौधे के सभी भागों का उपयोग विभिन्न औषधीय लाभों के लिए किया जाता है। भारत में यह हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और सिक्किम जैसे राज्यों में उगता है और इसकी ऊंचाई 40-60 मीटर तक हो सकती है। इसकी शंकुधारी पत्तियां और सुगंधित लकड़ी इसे विशिष्ट बनाती हैं।

हिंदू धर्म में देवदारु को पवित्र माना जाता है। पुराणों में इसे भगवान शिव से जोड़ा जाता है और कई धार्मिक स्थलों पर इसके वृक्ष लगाए जाते हैं। इसकी शीतल छाया और सुगंधित वातावरण ध्यान और योग के लिए बेहतर माहौल प्रदान करते हैं।

आयुर्वेद में देवदारु का विशेष स्थान है। इसकी छाल, पत्तियां, तेल और राल का उपयोग विभिन्न रोगों के उपचार में किया जाता है। आयुर्वेद के अनुसार, देवदारु में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं। इसका तेल जोड़ों के दर्द, गठिया और मांसपेशियों की अकड़न को कम करने में प्रभावी है। इसके अलावा यह त्वचा रोगों में भी उपयोगी है।

देवदारु जुकाम-खांसी के समय शरीर से अतिरिक्त कफ को भी बाहर निकालने में मदद करता है। इस गुण के कारण रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट से बलगम को निकालकर खांसी जैसे कफ विकार रोगों से राहत दिलाने में मदद करता है। देवदारु का सेवन करने कफ को संतुलित करने और फेफड़ों से अतिरिक्त बलगम को बाहर निकालने में मदद मिलती है। जिससे यह अस्थमा के लक्षणों को नियंत्रित करने में मदद करता है और सांस फूलने की स्थिति में राहत देता है। अस्थमा जैसे श्वास रोग में देवदारु का सेवन रामबाण इलाज है।

इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण के कारण गठिया से संबंधित सूजन और दर्द जैसी समस्याओं को ठीक करने के लिए इसे जोड़ों पर लगाया जा सकता है। देवदारु तेल को इसके एंटीसेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण के कारण घाव भरने के लिए घावों पर भी लगाया जा सकता है। अपनी त्वचा पर देवदारु के पत्ते का पेस्ट लगाने से त्वचा के संक्रमण के साथ-साथ इसके एंटीफंगल गुण के कारण खुजली को रोकने में भी मदद मिल सकती है।

देवदारु मधुमेह रोगियों के लिए अच्छा हो सकता है और मन को शांत करने में भी मदद करता है। इसके उपयोग से नींद के पैटर्न को बेहतर बनाने में भी मदद मिलती है, जिससे अनिद्रा की शिकायत दूर होती है। वहीं, झुर्रियां, शुष्क त्वचा को भी देवदारु का तेल नियंत्रित करता है और त्वचा में नमी की मात्रा बढ़ाने में मदद करता है।

## कटिहार के गुल्फराज ने 'मोदी मखाना' ब्रांड से बनाई पहचान




**गांव में सैकड़ों लोगों को दिया रोजगार**

**कटिहार,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के कटिहार जिले के 23 वर्षीय गुल्फराज ने मखाना उद्योग में अपनी मेहनत से एक नई पहचान बनाई है। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने पारंपरिक नौकरी की बजाय स्टार्टअप की राह चुनी और 'मोदी मखाना' नाम से ब्रांड स्थापित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मखाना को लेकर की गई पहल और उनके भाषणों ने उन्हें इस दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया। उनका यह ब्रांड आज देश के कई राज्यों में प्रसिद्ध हो चुका है और वह लाखों का कारोबार कर रहे हैं।

कटिहार के कोढ़ा प्रखंड स्थित चरखी मस्जिद टोला निवासी गुल्फराज ने बताया कि ग्रेजुएशन की पढ़ाई के दूसरे वर्ष में स्टार्टअप से जुड़ा एक कार्यक्रम हुआ था, जिसमें मखाना को लेकर चर्चा हुई। यहीं से उन्हें मखाना उद्योग में संभावनाएं नजर आईं। वर्ष 2019 में उन्होंने स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने छोटे से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती दौर में परिवार ने इस फैसले पर असहमति जताई, लेकिन वह अपने इरादों से पीछे नहीं हटे।

गुल्फराज ने कहा कि जब युवा नौकरी करते हैं तो वे सिर्फ अपने लिए काम करते हैं, लेकिन उद्योग खड़ा करने से अन्य लोगों को भी रोजगार मिलता है। यही सोच उन्हें प्रेरित करती रही।


उन्होंने अपने कारोबार की शुरुआत महज 500 वर्ग फुट से की थी, जो अब एक प्रोसेसिंग यूनिट में बदल चुका है। उनके ब्रांड का नाम 'मोदी मखाना' रखने के पीछे भी खास वजह है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के उस भाषण का उल्लेख किया जिसमें मखाना के बेहतर पैकेजिंग की बात की गई थी। गुल्फराज ने कहा कि मुझे लगा कि जब मखाना को लेकर प्रधानमंत्री खुद इतनी गंभीरता दिखा रहे हैं, तो उन्हें भी इसे वैश्विक पहचान दिलाने की कोशिश करनी चाहिए। इसी सोच के साथ उन्होंने मखाना को बेहतर तरीके से पैकेज कर मोदी मखाना के नाम से बाजार में उतारा।

उन्होंने प्रधानमंत्री की युवाओं, विशेषकर अल्पसंख्यकों के प्रति सकारात्मक सोच को सराहा और कहा कि उनके विचारों से प्रभावित होकर ही यह नाम रखा गया। उनकी प्रोसेसिंग यूनिट में अधिकांश कर्मचारी अल्पसंख्यक समुदाय से हैं, जिन्हें गांव में ही रोजगार मिल रहा है।

उनके साथ काम करने वाले मोहम्मद एजाज आलम ने बताया कि वह पहले मुंबई में स्पोर्ट्स सेक्टर में काम करते थे, लेकिन अब गांव में ही रहकर रोजगार मिलने से बेहद खुश हैं। गुल्फराज ने कहा कि मखाना उद्योग में सुधार और बेहतर पैकेजिंग से किसानों को भी लाभ मिल रहा है। साल 2019 में जहां मखाना की कीमत 500-600 रुपए प्रति किलोग्राम थी, वहीं आज यह 1,200-1,500 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। इससे किसानों की आमदनी में भी कई गुना वृद्धि हुई है।


## आध्यात्मिक व रणनीतिक रूप से समृद्ध भारतीय कैथोलिक संतों के जीवन पर आधारित पुस्तक का अनावरण

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कारगिल युद्ध के दिग्गज, बेस्टसैलिंग लेखक और एशिया पेसिफिक के जाने-माने बिज़नेस लीडर डॉ. जोसेफ के थॉमस एक नई पेशकश इंडियन कैथोलिक सेंट्स, ब्लेस्ड, वेनेरेबल्स एंड सर्वेन्ट्स ऑफ गॉड लेकर आए हैं।




धार्मिक साहित्य की सीमाओं को पार कर, यह पुस्तक आज की खंडित दुनिया में नेतृत्व के अर्थ पर रोशनी डालती है। काव्यात्मक स्पष्टता और प्रभावशाली दृष्टिकोण के साथ डॉ थॉमस ने एक आकर्षक कथा लिखी है जो आध्यात्मिक एवं रणनीतिक रूप से समृद्ध है। कुष्ठ रोगियों के बीच रहने वाले, गुमनाम जीवन जीते हुए जनकल्याण हेतु संस्थाओं का गठन करने वाले और न्याय एवं प्रेम की खातिर शहादत को गले लगाने वाले संतों के जीवन के माध्यम से वे सहानुभूति एवं साहस के सिद्धान्तों का सामने लेकर आए हैं। उनकी नई पुस्तक भारत में जन्मे 55 असाधारण लोगों की कहानियों को बयां करती है, जिन्होंने अपने दायरे से आगे बढ़कर किसी ओर के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया। ये पुरानी तस्वीरों और प्रार्थनाओं में छिपे संत नहीं हैं- बल्कि असली जीवन के वे लोग हैं जो कुष्ठ रोगियों के बस्तियों में गए, जिन्होंने गांव के स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ाया, बीमार लोगों को ठीक किया और ज़रूरतमंद लोगों की आवाज़ बन कर खड़े हुए। उनकी कहानियां प्रेरणादायी तो हैं ही, साथ ही आज के दौर में बेहद प्रासंगिक भी हैं जब बहुत से लोग प्रयोजन, प्रमाणिकता और नए प्रकार के नेतृत्व के तलाश में हैं। दिल्ली के आर्कबिशप माननीय डॉ. अनिल जोसेफ थॉमस कूटो ने फरीदाबाद के आर्कबिशप माननीय डॉ. मार कुरियाकोस भरानीकुलंगरा की मौजूदगी में पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर जस्टिस इकबाल अहमद अंसारी, चीफ़ जस्टिस (रिटायर्ड) भी मौजूद थे।

## श्वास संबन्धी समस्याओं का रामबाण इलाज, कांटेदार पौधा भटकटैया



- फूल, फल, पत्ती, तना, जड़ सहित उखाड़कर लाना चाहिए
- पौधे को किसी बड़े से बर्तन में धीमी आंच पर दो से चार घंटे तक पकाना चाहिए

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। 'जे मुंह से श्रापे, उ मुंह में कांटा धंसे, हमरे भाई क उमर बढ़े...' ये वही पंक्तियां है जब बहनें भटकटैया के कांटे को भाईदूज (पर्व) के मौके पर अपने जीभ में चुभोकर बोलती हैं। केवल पर्व ही नहीं आयुर्वेद में भी भटकटैया का बहुत महत्व है। आज जानने की बारी है रेंगनी के बारे में जिसके इस्तेमाल से रोग-व्याधी कोसो दूर चले जाते हैं। रेंगनी, कंटकारी, व्याघ्री या भटकटैया... ये वो पौधा है, जिसके सेवन से खांसी में तो राहत मिलती ही है, साथ ही यह और भी कई रोगों को मौत की नींद सुला देता है। भटकटैया का भाई-बहन के पर्व भाईदूज की पूजा में जितना महत्व है, उतना ही आयुर्वेद में भी है। सूखी या बलगम वाली खांसी, बुखार, संक्रमण, वात-कफ का भी नाश करता है। अस्थमा के रोगियों के लिए भी यह बेहद फायदेमंद होता है।

भटकटैया के फायदों को गिनाते हुए पंजाब स्थित बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के बीएएमएस, एमडी डॉक्टर प्रमोद आनंद तिवारी ने बताया कि औषधीय गुणों से भरपूर रेंगनी के सेवन से कई रोग छूमंतर हो जाते हैं।

भटकटैया के गुणों, उसके महत्व और फायदे पर बात की। उन्होंने कहा कि भटकटैया का आयुर्वेद में खास स्थान है। यह कई रोगों को दूर भगाने में सहायक तो होता ही है, इसके साथ ही यह उन लोगों के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है, जिनकी खांसी ठीक होने का नाम नहीं ले रही। डॉक्टर तिवारी ने बताया कि भटकटैया का काढ़ा बेहद फायदेमंद होता है। इसका काढ़ा बनाने की विधि भी सरल होती है। रेंगनी के पौधे को फूल, फल, पत्ती, तना, जड़ सहित उखाड़कर लाना चाहिए और ठीक तरह से धुल लेना चाहिए। इसके बाद पौधे को किसी बड़े से बर्तन में धीमी आंच पर दो से चार घंटे तक पकाना चाहिए। इसके बाद जब बर्तन में पानी तिहाई शेष रह जाए, तब कांच की बोतलों में भरकर रख लेना चाहिए।


इसे रोगी को तुरंत दिया जा सकता है और कई दिनों तक रखा भी जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि समय-समय पर काढ़े को गर्म भी किया जा सकता है। इसके सेवन से कितनी भी पुरानी खांसी हो, वह ठीक हो जाती है और सीने में जमा कफ भी धीरे-धीरे बाहर आ जाता है। डॉक्टर ने बताया, कंटकारी खांसी में विशेष लाभदायी होने के साथ ही बुखार, सांस संबंधित समस्याओं में भी विशेष रूप से लाभ देता है। इससे इस मर्ज में आराम मिलता है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मेगा एमएसएमई व सीएएस कैंप का किया आयोजन

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने रविवार को होटल रैडिसन ब्लू, फरीदाबाद में 'मेगा एमएसएमई और सीएएस आउटरीच कैंप का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के साथ बेहतर जुड़ाव बनाना और चालू खाता व बचत खाता जैसी बैंकिंग सेवाओं को स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों तक पहुंचाना था। बिजू वासुदेवन ने अपने संबोधन में कहा कि यूनियन बैंक छोटे व्यवसायों और ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध बनाना चाहता है। सुखदेव सिंह ने स्थानीय उद्योगों के सामने आने वाली चुनौतियों का उल्लेख किया और यूनियन बैंक द्वारा उद्योगों को दिए जा रहे समर्थन की सराहना की। इससे न केवल ग्राहकों की ज़रूरतों को समझा जा सकता है, बल्कि सेवाओं में सुधार लाने में भी मदद मिलती है। इस कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ उद्योग क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। मुख्य अतिथियों में बिजू वासुदेवन, मुख्य महाप्रबंधक (लार्ज कॉर्पोरेट वर्टिकल), यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई; संजय नारायण, मुख्य महाप्रबंधक, दिल्ली ज़ोन; और सुखदेव सिंह, अध्यक्ष, मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएट्स ऑफ फरीदाबाद शामिल थे।




## जिम्स में कौशल गोलमेज सम्मेलन में विभिन्न संस्थानों के प्रधानाचार्य हुए शामिल




**ग्रेटर नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (जिम्स), ग्रेटर नोएडा में संस्थान के निदेशक डॉ. ब्रिगेडियर राकेश गुप्ता के नेतृत्व में स्किल राउंडटेबल प्रथम प्रिंसिपल मीट का आयोजन किया गया। डीन अकादमिक डॉ. रंभा पाठक, डॉ. शिवानी कल्हान, प्रिंसिपल पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट शामिल हुए। मीटिंग में दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों के विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों के निदेशकों, प्रिंसिपलों और डीन की एक सभा ने भाग लिया। अतिथियों में सचिव प्रशिक्षित नर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवलिन पी कन्नन, डॉ. मंजू चुगानी डीन जामिया हमदर्द, डॉ. दिनेश सिंह सीनियर तकनीकी सलाहकार (जेएचपीआईईजीओ), डॉ. आशिया कुरैशी (वरिष्ठ नर्सिंग सलाहकार), डॉ. संदीप गोयल और डॉ. बिंद्या गोयल (निदेशक कैलाश इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज), प्रो. आर. श्रीराजा कुमार (एसोसिएट डीन शारदा स्कूल ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च), डॉ. अनु गाबा (प्रिंसिपल जीडी गोयनका नर्सिंग इंस्टीट्यूट), राष्ट्रीय कौशल विकास केंद्र के प्रतिनिधि और नर्सिंग क्षेत्र के वरिष्ठ सलाहकार शामिल थे। गोलमेज सम्मेलन में नर्सिंग शिक्षा को बढ़ावा देना, संस्थानों को अकादमिक कार्यक्रमों को नया रूप देने और मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित करना। बेहतर प्रशिक्षण के माध्यम से बेडसाइड देखभाल और नैदानिक अभ्यास को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा करना। संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों और संसाधन साझा करने के लिए रास्ते बनाना। शैक्षणिक और पेशेवर तालमेल के लिए नर्सिंग संस्थानों के बीच एक मजबूत, सहयोगी नेटवर्क का निर्माण करना। नर्सिंग संकाय के बीच निरंतर व्यवसायिक विकास और शैक्षणिक उन्नति को बढ़ावा देना। उत्तर प्रदेश भर में नर्सिंग पेशे और शिक्षा के उत्थान के लिए सामूहिक प्रयासों की रणनीति बनाने पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में नर्सिंग शिक्षा के मानकों को ऊपर उठाने, कौशल विकास को समकालीन स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं के साथ जोड़ने और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए नर्सिंग कार्यबल को सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया।


# संदीपा धर ने अपनी प्रेरणा माधुरी दीक्षित को किया सलाम

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर अभिनेत्री संदीपा धर ने डांस के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अभिनेत्री माधुरी दीक्षित उनकी प्रेरणा हैं और उन्होंने ही डांस के मैजिक से उन्हें सबसे पहली बार रूबरू कराया। संदीपा डांस की दिवानी हैं और उनका मानना है कि डांस खुशी पाने का एक सरल सा साधन है। संदीपा ने बताया कि नृत्य में एक ऐसी सच्चाई होती है, जिसे शब्द कभी पूरी तरह बयां नहीं कर सकते। नृत्य मेरे लिए दशकों से सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि एक साधना की तरह रहा है, यह दुनिया की खूबसूरती को महसूस करने का एक जरिया है। बचपन में संदीपा, माधुरी दीक्षित की खूबसूरती और उनकी भावनाओं से भरी प्रस्तुति को देखकर आकर्षित हुईं और उन्हें डांस की खूबसूरती और ताकत का अहसास हुआ। अपनी भावना व्यक्त करते हुए संदीपा ने कहा कि माधुरी मैम को डांस करते देखना किसी जीवंत कविता को देखने जैसा है। वह सिर्फ स्टेप्स नहीं करतीं, बल्कि कहानियां सुनाती थीं, दिलों को छूती थीं। उन्होंने मुझे सिखाया कि डांस सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि सच्चाई, आत्मा और ईमानदारी से जुड़ा होता है। संदीपा के लिए डांस आज भी जीवन के हर पड़ाव में खुद से जुड़ने का




सबसे सच्चा माध्यम है। उन्होंने आगे कहा कि डांस हर दिखावे को हटा देता है। यह आपको उस पल में ले जाता है, जहां आप खुलकर सांस लेते हैं। माधुरी मैम से मैंने सीखा है कि सच्चे और खुशी से भरे पलों में ही असली ताकत होती है। अपनी बात खत्म करते हुए संदीपा ने कहा कि आज मैं सिर्फ डांस का नहीं, बल्कि उन लोगों के जज्बे का भी जश्न मना रही हूं, जिन्होंने हमें डांस की असली खूबसूरती दिखाई।

## डांस एक ऐसी जगह, जहां रोल या स्क्रिप्ट की जरूरत नहीं होती : ऋत्विक धनजानी



इंटरनेशनल डांस डे के अवसर पर अभिनेता ऋत्विक धनजानी ने डांस के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि डांस उनके लिए एक ऐसी जगह की तरह है, जहां प्रोफेशनल होने की जरूरत नहीं है। डांस के मंच पर किसी किरदार को निभाने या किसी स्क्रिप्ट में फिट होने की जरूरत नहीं पड़ती है। उन्होंने बताया कि मेरे लिए डांस काफी मायने रखता है, यह मेरी सच्चाई है। यह एक ऐसी जगह है, जहां मुझे कोई किरदार निभाने या किसी स्क्रिप्ट में फिट होने की जरूरत नहीं होती। इस मंच पर मैं अपना बेस्ट रूप पाता हूं। वास्तव में डांस जीवन की एक मजबूत कड़ी है, जिसके मैजिक को महसूस करने के लिए किसी को भी प्रोफेशनल होने की जरूरत नहीं है। इसे कोई भी महसूस कर सकता है। इंटरनेशनल डांस डे के अवसर पर ऋत्विक ने कहा कि भले ही आप अपने कमरे में अकेले डांस करें, फिर भी यह वैसे ही मायने रखता है, जैसा कि भीड़ के सामने मंच पर करना। इससे वैसी ही एनर्जी और खुशी मिलती है। तो ज्यादा न सोचिए। सही पल का इंतजार मत कीजिए और खुलकर डांस कीजिए। मैं चाहता हूं कि लोग डांस की भावना को महसूस करें।

ऋत्विक ने साल 2009 में आई 'बंदिनी' में पार्थ की भूमिका निभाकर अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह 'पवित्र रिश्ता' में अर्जुन दिग्विजय की भूमिका में नजर आए। उन्हें पहली सफलता 'प्यार की ये एक कहानी' से मिली, जिसमें वे जय खुराना की भूमिका में दिखे थे।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 2.32 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.14 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.72 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.42 प्रतिशत |
| इन्फ़ोसिस | 1.03 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| सन फार्मा | 2.04 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 2.00 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.72 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.90 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,00,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,00,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |


**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## छह ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने स्टार्टअप्स को सपोर्ट करने के लिए निवेश किए 290 करोड़ रुपए : पुरी

■ **कंपनियों ने अपने 550 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड से 303 उभरते हुए स्टार्टअप्स को सपोर्ट किया**



**भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। 'भारत की स्टार्टअप यात्रा सिर्फ संख्याओं के बारे में नहीं है। यह सपनों, दृढ़ संकल्प और इनोवेशन द्वारा आकार दिए गए नए भविष्य के बारे में है: हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री**

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। देश की छह ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने अब तक स्टार्टअप इकोसिस्टम को सपोर्ट करने के लिए 290 करोड़ रुपए का निवेश किया है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को यह बयान दिया। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने अपने 550 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड से 303 उभरते हुए स्टार्टअप्स को सपोर्ट किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। पुरी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'भारत की स्टार्टअप यात्रा सिर्फ संख्याओं के बारे में नहीं है। यह सपनों, दृढ़ संकल्प और इनोवेशन द्वारा आकार दिए गए नए भविष्य के बारे में है।' हरदीप पुरी ने आगे कहा कि देश में 1.5 लाख से अधिक स्टार्टअप और 120 यूनिकॉर्न हैं।

पुरी ने पोस्ट में आगे कहा, 'पेट्रोलियम मंत्रालय के तहत आने वाली छह ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने अपने 550 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड में से 290 करोड़ रुपए का निवेश 303 कंपनियों में किया है।' सरकार ने केंद्रीय बजट 2025-26 में फंड ऑफ फंड्स स्कीम के माध्यम से डीपटेक और एआई-सक्षम प्लेटफॉर्म विकसित करने के लिए स्टार्टअप्स को 10,000 करोड़ रुपए का फंड आवंटित किया था।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में 'स्टार्टअप महाकुंभ' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार एक नियामक के रूप में नहीं बल्कि एक सुविधाकर्ता के रूप में स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। इनोवेशन में भारत की बढ़ती ताकत पर प्रकाश डालते हुए, गोयल ने डीप टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स में देश की क्षमता पर विश्वास जताया। गोयल ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि भारत इनोवेशन की दुनिया में बड़े पैमाने पर आगे बढ़ेगा। हम वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।'

### सीसीपीए ने सर्विस चार्ज वापस न करने पर दिल्ली के पांच रेस्टोरेंट को भेजा नोटिस

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने मंगलवार को कहा कि प्राधिकरण ने दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के बावजूद अनिवार्य सेवा शुल्क वापस न करने पर पांच रेस्टोरेंट के खिलाफ स्वयं संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। इन रेस्टोरेंट में मखना डेली, जीरो कोर्टयार्ड, कैसल बारबेक्यू, चायोस और फिएस्टा बाय बारबेक्यू नेशन का नाम शामिल है। विनियामक ने राष्ट्रीय राजधानी के इन पांच रेस्टोरेंट को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत नोटिस भेजा है, जिसमें रेस्टोरेंट को सेवा शुल्क की राशि वापस करने का निर्देश दिया गया है।

## भारत में सोने की मांग बढ़कर 800 टन से अधिक हुई

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। देश में सोने की मांग 2024 में बढ़कर 800 टन से अधिक हो गई है। इसकी वजह ज्वेलरी की मांग और गोल्ड ईटीएफ में निवेश बढ़ना है। यह जानकारी मंगलवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। जीरोधा फंड हाउस की रिपोर्ट में बताया गया कि 2024 में वैश्विक स्तर पर भारत गोल्ड ज्वेलरी का सबसे बड़ा उपभोक्ता था। इस अवधि में देश में 563 टन गोल्ड ज्वेलरी की खपत दर्ज की गई और इसकी वैल्यू करीब 3.6 लाख करोड़ रुपए थी। गोल्ड ज्वेलरी भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है और शुभ कार्य जैसे विवाह आदि में इसका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाता है। रिपोर्ट में बताया गया कि ज्वेलरी के अलावा देश में बड़ी संख्या में लोग बार और कॉइन के रूप में भी सोने में निवेश करते हैं। देश में 2024 में 239 टन गोल्ड कॉइन और बार के रूप में खरीदा गया था। इसकी वैल्यू करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए थी। इसमें 2023 के मुकाबले 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। बीते वर्ष वैश्विक स्तर पर गोल्ड कॉइन और बार में निवेश करने में चीन के बाद भारत दूसरे स्थान पर था।



### पिछली अक्षय तृतीया से सोने ने निवेशकों को दिया बंपर रिटर्न, छह साल में 3 गुना हुआ

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया का पर्व इस साल 30 अप्रैल को पड़ रहा है। इस दिन सोना खरीदना काफी शुभ होता है और माना जाता है कि इससे घर में समृद्धि बढ़ती है। इस कारण से बड़ी संख्या में लोग निवेश के साथ-साथ उपभोग के लिए सोना खरीदते हैं। ब्रोकरेज फर्म वेंचुरा के मुताबिक, 2024 की अक्षय तृतीया से सोने का भाव 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ चुका है। बीते वर्ष अक्षय तृतीया पर 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 73,240 रुपये था, जो अब बढ़कर 94,000-95,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, बीते छह वर्षों में सोने ने तीन गुना से ज्यादा का रिटर्न दिया है। 2019 की अक्षय तृतीया को 24 कैरेट के सोने का भाव 31,729 रुपये प्रति 10 ग्राम था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अस्थिरता के चलते लोग बड़ी संख्या में सोने में निवेश कर रहे हैं, जिसके चलते सोने की कीमतें उच्च स्तर पर बनी हुई हैं।

## ओटीटी ऐप से स्पैम कॉल और मैसेज को रोकने के लिए उठाए गए कदम का टेलीकॉम इंडस्ट्री ने किया स्वागत

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने मंगलवार को ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफार्मों से आने वाले स्पैम और स्कैम कॉल के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम का स्वागत किया। ज्वाइंट कमेटी ऑफ रेगुलेटर्स (जेसीओआर) की हाल ही में हुई बैठक के दौरान सरकार की ओर से बताया गया था कि इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय इस विषय के संदर्भ में फैसले लेगा। इंडस्ट्री इसे एक बहुत जरूरी कदम के रूप में देख रही है, खासकर ऐसे समय में तब जब स्पैम और स्कैम की गतिविधियां तेजी से व्हाट्सएप, सिग्नल और अन्य जैसे ओटीटी कम्यूनिकेशन ऐप पर स्थानांतरित हो रही हैं। इसके अतिरिक्त, दूरसंचार विभाग (डीओटी), दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ मिलकर पारंपरिक दूरसंचार नेटवर्क पर अनचाहे कमर्शियल कम्यूनिकेशन (यूसीसी) के संबंध में नियमों को कड़ा कर रहा है, वहीं ओटीटी प्लेटफार्मों पर ऐसा नियंत्रण नहीं है। सीओएआई के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की भागीदारी सोच में बदलाव को दर्शाती है, जहां डिजिटल प्लेटफॉर्म को रेगुलेट करने की जिम्मेदारी अब संबंधित मंत्रालयों के पास होगी, न कि इस बोझ को अनुचित रूप से दूरसंचार ऑपरेटरों पर डाला जाएगा।

**केयरएज रेटिंग्स की 'स्टेट रैंकिंग 2025' की आई रिपोर्ट**

## भारत का शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य बना 'महाराष्ट्र', दूसरे स्थान पर गुजरात

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। देश में आर्थिक और सामाजिक मापदंडों पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में महाराष्ट्र पहले स्थान पर है, जिसके बाद गुजरात और कर्नाटक का स्थान है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। केयरएज रेटिंग्स की 'स्टेट रैंकिंग 2025' रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र वित्तीय विकास में शीर्ष पर रहा और राज्य ने आर्थिक, राजकोषीय और सामाजिक स्तंभों में मजबूत प्रदर्शन किया। वहीं, गुजरात लीडिंग इकोनॉमिक रैंक के साथ राजकोषीय और इंफ्रास्ट्रक्चर स्तंभों में अनुकूल परिणामों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। रिपोर्ट के अनुसार, टॉप पांच रैंकिंग में पश्चिमी और दक्षिणी राज्य आगे बने हुए हैं। राजकोषीय, आर्थिक और वित्तीय विकास स्तंभ पश्चिमी राज्यों के लिए मजबूत बिंदु हैं, जबकि दक्षिणी राज्यों ने आर्थिक, वित्तीय विकास, पर्यावरण और शासन स्तंभों में अच्छा प्रदर्शन किया है। वित्तीय विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर, सामाजिक, राजकोषीय और आर्थिक स्तंभों के लिए मजबूत स्कोर के साथ गोवा ग्रुप बी (उत्तर-पूर्व, पहाड़ी और छोटे राज्य) में टॉप पर रहा। केयरएज के सीईओ मेहुल पंड्या ने कहा, 'रैंक देने की यह पहल राज्यों की दीर्घकालिक विकास क्षमता को समझने से जुड़ा प्रयास है। साथ ही विकास मॉडल की गुणवत्ता और समावेशिता पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। इससे सूचित निर्णय लेने में सुविधा होगी और भारतीय राज्यों में विविधता के अनुरूप मौजूदा नीतियों को बेहतर बनाया जा सकेगा।' रिपोर्ट में सात प्रमुख स्तंभों 'आर्थिक, राजकोषीय, इंफ्रास्ट्रक्चर, वित्तीय विकास, सामाजिक, शासन और पर्यावरण' पर आधारित एक मूल्यांकन प्रस्तुत किया गया। प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी), जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और उद्योगों के लिए सकल स्थायी पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) में मजबूत प्रदर्शन के कारण गुजरात आर्थिक स्तंभ में शीर्ष पर रहा।




**सार संक्षेप**

### अंबुजा सीमेंट्स ने वित्त वर्ष 25 में कमाया अब तक का सबसे अधिक 5,158 करोड़ का मुनाफा

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रुप की सीमेंट और बिल्डिंग मटेरियल कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने मंगलवार को नतीजे जारी किए। वित्त वर्ष 25 में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 9 प्रतिशत बढ़कर 5,158 करोड़ रुपए हो गया है। इसके साथ ही कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़कर 100 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) हो गई है। इस क्षमता के साथ अंबुजा सीमेंट्स दुनिया की नौवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी बन गई है। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 25 में आय सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 35,045 करोड़ रुपए हो गई है। बीते वित्त वर्ष में कंपनी की एनुअल वॉल्यूम सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 65.2 मिलियन टन हो गई है। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में कंपनी ने 1,868 करोड़ रुपए का ईबीआईटीडीए दर्ज किया है। इसमें सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह किसी एक तिमाही में कंपनी द्वारा दर्ज किया गया, अब तक का सबसे अधिक ईबीआईटीडीए है। वहीं, स्टैंडअलोन आधार पर कंपनी का तिमाही में मुनाफा 75 प्रतिशत बढ़कर 929 करोड़ रुपए हो गया है।

### नथिंग ने लांच किया सीएमएफ फोन 2 प्रो

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने भारतीय बाजार में अपने सीएमएफ ब्रांड के तहत एक नया स्मार्टफोन सीएमएफ फोन 2 प्रो लांच करने की घोषणा की, जिसकी कीमत 16999 रुपए है। कंपनी ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि इस श्रेणी में यह पहला स्मार्टफोन है जिसमें तीन-कैमरा सिस्टम, ब्राइट डिस्प्ले और प्रीमियम डिज़ाइन दिया गया है। नथिंग के लिए यह सबसे पहला स्मार्टफोन है जिसकी मोटाई 7.8 मिलीमीटर और वजन 185 ग्राम है। यह एल्युमिनियम कैमरा सराउंड के साथ एक बॉडी में आता है। सबसे बड़े सेंसर वाले 50 एमपी का मुख्य कैमरा है। इसके साथ ही 50 एमपी का टेलीफ़ोटो लेंस 2एक्स ऑप्टिकल जूम और 20 एक्स अल्ट्रा जूम तक प्रदान करता है।

### आईआईटी-आईएसएम धनबाद में रिकॉर्ड प्लेसमेंट, 1.26 करोड़ तक का पैकेज मिला


**धनबाद।** आईआईटी-आईएसएम धनबाद के छात्रों को इस वर्ष रिकॉर्ड प्लेसमेंट मिला है। संस्थान के प्लेसमेंट सेल की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल तक 1,025 छात्रों का कैंपस सेलेक्शन हुआ है। मिनरल्स एंड मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग के छात्र सौरव शक्ति को सबसे अधिक 1.26 करोड़ के सालाना पैकेज पर प्लेसमेंट मिला है। उन्हें यह जॉब अमेजन ने ऑफर किया है। उनकी पोस्टिंग जापान में होगी। बताया गया है कि संस्थान के किसी छात्र को यह अब तक का सबसे बड़ा पैकेज ऑफर है। चार छात्र ऐसे हैं, जिन्हें 60 लाख से अधिक का पैकेज मिला है। कंपनियों ने 48 छात्रों को 51 से 60 लाख तक के पैकेज पर नौकरी ऑफर की है।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई मजबूत लिवाली से शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में आई जबरदस्त उछाल बाद में मुनाफावसूली की भेंट चढ़ गया लेकिन अंत में मामूली बढ़त पर टिकने में सफल रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 70.01 अंक बढ़कर 80,288.38 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 7.45 अंक की मामूली बढ़त लेकर 24335.95 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.23 प्रतिशत चढ़कर 43,194.16 अंक और स्मॉलकैप 0.09 प्रतिशत उठकर 48,238.69 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3083 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1806 में तेजी जबकि 1144 में गिरावट रही वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई 2933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1365 में लिवाली जबकि 1478 में बिकवाली हुई वहीं 90 में टिकाव रहा।

बीएसई के आठ समूहों में तेजी का रुख रहा जबकि अन्य में मुनाफावसूली हुई। इस दौरान सीडी 0.19, ऊर्जा 0.27, इंडस्ट्रियल्स 0.70, आईटी 1.13, कैपिटल गुड्स 0.94, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.60, टेक 0.76 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.23 प्रतिशत उछल गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रुझान सकारात्मक रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.22, जर्मनी का डैक्स 0.74, जापान का निक्केई 0.38 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.16 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.05 प्रतिशत की गिरावट रही।




शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 179 अंक की छलांग लगाकर 80,396.92 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 80,661.31 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, ऊंचे भाव पर हुई मुनाफ़ावसूली से यह दोपहर से पहले 80,122.02 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,218.37 अंक के मुकाबले 0.09 प्रतिशत बढ़कर 80,288.38 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी भी 42 अंक बढ़कर 24,370.70 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,457.65 अंक के उच्चतम जबकि 24,290.75 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,328.50 अंक की तुलना में 0.03 प्रतिशत की बढ़त लेकर 24,335.95 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में रिलायंस 2.32, टेक महिंद्रा 2.14, इटरनल 1.72, एचसीएल टेक 1.42, इन्फ़ोसिस 1.03, इंडसइंड बैंक 0.82, टीसीएस 0.81, बजाज फिनसर्व 0.79, अदानी पोर्ट्स 0.37, टाइटन 0.35, भारती एयरटेल 0.33, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.13, मारुति 0.12 और एक्सिस बैंक 0.06 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फार्मा 2.04, अल्ट्रासिम्को 2.00, पावरग्रिड 1.72, कोटक बैंक 1.09, एनटीपीसी 0.90, एसबीआई 0.84, नेस्ले इंडिया 0.75, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.60, एचडीएफसी बैंक 0.55, एक्सिस बैंक 0.50, आईटीसी 0.49, टाटा स्टील 0.35, टाटा मोटर्स 0.32, मारुति 0.21, एलटी 0.17 और एशियन पेंट के शेयरों ने 0.10 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## आरबीआई का बैंक में नकदी डालने का कदम बॉन्ड की कीमतों के लिए सकारात्मक

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने मई में कुल 1.25 लाख करोड़ रुपए के सरकारी बॉन्ड खरीदकर बैंकिंग सिस्टम में अधिक नकदी डालने का फैसला किया है। इस कदम से बॉन्ड की कीमतों में भी तेजी आने की उम्मीद है, जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद पैदा हुई अनिश्चितता के बाद विदेशी बैंकों और प्राथमिक डीलरों की बिकवाली के कारण गिर गई थी। सरकारी बॉन्ड खरीदने के लिए आरबीआई का ओपन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) 6 से 19 मई के बीच चार चरणों में होगा। आरबीआई के बयान के अनुसार, मौजूदा और नकदी स्थितियों की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया। यह कदम आरबीआई के 1 अप्रैल को 80,000 करोड़ रुपए के सरकारी बॉन्ड खरीदने की घोषणा के तुरंत बाद उठाया गया है, जिसके बाद 11 अप्रैल को 40,000 करोड़ रुपए की एक और खरीद की घोषणा की गई। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि केंद्रीय बैंक लिक्विडिटी और बाजार स्थितियों की निगरानी करना जारी रखेगा और व्यवस्थित लिक्विडिटी की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय करेगा। 'बॉन्ड की खरीद' आरबीआई द्वारा सिस्टम में नकदी डालने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों के क्रम में की गई है। मार्च में बैंक ने 50,000-50,000 करोड़ रुपए की दो किस्तों में 1 लाख करोड़ रुपए की सरकारी प्रतिभूतियों की ओएमओ खरीद की थी। केंद्रीय बैंक ने 36 महीनों के लिए 10 बिलियन डॉलर की डॉलर-रुपया खरीद/बिक्री स्वैप नीलामी भी आयोजित की। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक ने बेंचमार्क रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती कर और अपने तटस्थ रुख को बदलकर अकोमोडेटिव बनाकर उधार लेने की लागत कम कर दी। मुद्रास्फीति की दर में कमी आने के कारण आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 'सॉफ्ट मनी पॉलिसी' के हिस्से के रूप में ये कदम उठाए गए। वित्तीय विश्लेषकों के अनुसार, ताजा नकदी प्रवाह से नए बेंचमार्क बॉन्ड के लिए बेहतर कीमत मिलने की भी उम्मीद है, जिसकी नीलामी 2 मई को होगी।




## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 30 रिंगिट उतरकर 4010 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.40 सेंट की गिरावट लेकर 50.06 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**भारत के जॉब मार्केट के लिए शानदार रहा वित्त वर्ष 2025**

## फ्रेशर्स और टेक टैलेंट की जबरदस्त मांग रही

**बेंगलुरु,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के जॉब मार्केट में जनवरी-मार्च 2025 के बीच 82 प्रतिशत कंपनियों ने सक्रिय रूप से नियुक्तियां कीं, जो कि पिछली तिमाही से 3 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। इन-डीड की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, 'वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारतीय नियोक्ताओं ने अपनी टीम का विस्तार करना जारी रखा। यह विस्तार विशेष रूप से टेक्नोलॉजी और फ्रेशर्स रोल से जुड़ा था।' नए स्नातकों की मांग विशेष रूप से अधिक थी, जो सभी नई नियुक्तियों में से आधे से अधिक थी। हायरिंग को लेकर सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, डेटा एनालिस्ट और सेल्स एग्जीक्यूटिव शीर्ष भूमिकाओं के रूप में उभरे। रिपोर्ट में कहा गया कि कंपनियां केवल रिक्तियों को नहीं भर रही हैं, बल्कि वे कल की चुनौतियों का सामना करने के लिए टेक-फॉर्वर्ड टीम का निर्माण कर भविष्य में निवेश कर रही हैं। इन-डीड इंडिया में बिक्री प्रमुख शशि कुमार ने कहा, 'न्यू एज टेक कंपनियों और एआई-साइबर सुरक्षा जैसे इनोवेशन-आधारित सेक्टर से सही प्रोत्साहन के साथ, हमारे पास इस ऊर्जा को प्रभाव में बदलने का एक वास्तविक अवसर है।' उन्होंने कहा कि जॉब मार्केट विकसित हो रहा है और नियोक्ता सतर्क आशावाद के साथ आगे बढ़ रहे हैं।




उन्होंने जोर देकर कहा, 'फ्रेशर्स की भर्ती स्थिर बनी हुई है। सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स और एआई जैसे सेक्टर में तकनीकी भूमिकाएं बढ़ती जा रही हैं, कंपनियां इस बारे में अधिक सोच-समझकर काम कर रही हैं कि वे किसे नियुक्त करती हैं और भविष्य के लिए तैयार टीमों का निर्माण कैसे करती हैं।' एआई, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट जैसे उभरते सेक्टर में प्रशिक्षित फ्रेशर्स की मांग में वृद्धि भारत के डिजिटल परिवर्तन पर बढ़ते फोकस को दर्शाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टार्टअप और बड़ी फर्में भविष्य के लिए तैयार टीमों का निर्माण करना चाहती हैं और युवा पेशेवर इस मामले में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। नियोक्ताओं ने 2025 में इस वर्ग को औसतन 3.5 लाख रुपए प्रति वर्ष का शुरुआती वेतन दिया, जो फ्रेशर्स की अपेक्षाओं से काफी मेल खाता है। अधिकांश जॉब ऑफर 3-5 लाख रुपए की रेंज में थे, जो दर्शाता है कि कंपनियां युवा प्रतिभाओं में निवेश करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वास्तव में, 72 प्रतिशत नियोक्ताओं ने कहा कि पिछले साल फ्रेशर्स के वेतन में वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2026 को देखते हुए भर्ती परिदृश्य उज्ज्वल बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नियोक्ता सही कैंडिडेट्स को आकर्षित करने के लिए भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और वर्क कल्चर के बारे में अधिक पारदर्शी हो रहे हैं।

# खेल जगत

## 14 साल के वैभव सूर्यवंशी में भविष्य के लिए बड़ी संभावनाएं : दिनेश लाड

**मुंबई।** भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा के कोच दिनेश लाड ने कहा है कि 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी एक अत्यंत प्रतिभाशाली भारतीय क्रिकेटर है और उसमें भविष्य के लिए बड़ी संभावनाएं हैं। दिनेश लाड ने कहा कि जब मैंने पहली बार वैभव को बल्लेबाजी करते देखा और उसका लगाया हुआ शानदार छक्का देखा, तो मैं उसकी तकनीक और आत्मविश्वास से बहुत प्रभावित हुआ। हाल ही में एक आईपीएल मैच में उसकी बल्लेबाजी देख पूरा देश हैरान रह गया। इतनी कम उम्र में इस तरह का प्रदर्शन दुर्लभ होता है। वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाकर इतिहास रच दिया - यह किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सबसे तेज और आईपीएल में अब तक का दूसरा सबसे तेज शतक है। यह सूर्यवंशी का केवल तीसरा आईपीएल मैच था।



# भारत की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 15 रन से हराया

**कोलंबो,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत की महिला टीम ने कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका की महिलाओं पर नाटकीय अंदाज में 15 रन से जीत दर्ज की, जो श्रीलंका में चल रही त्रिकोणीय सीरीज में उनकी लगातार दूसरी जीत है। भारत ने प्रोटियाज द्वारा पहले विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी से वापसी करते हुए यादगार जीत दर्ज की, जिसकी अगुआई एक बार फिर हमेशा की तरह भरोसेमंद स्नेह राणा ने की। भारत का 50 ओवर में 276/6 का स्कोर प्रतिस्पर्धी लग रहा था, लेकिन अजेय नहीं, खासकर तब जब दक्षिण अफ्रीका ने बिना किसी नुकसान के 140

■ भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज प्रतीक रावल और स्मृति मंधाना के साथ मिलकर अच्छी शुरुआत की



रन बना लिए। लेकिन राणा के निर्णायक 48वें ओवर, जिसमें तीन विकेट शामिल थे, ने मैच का रुख पलट दिया और सुनिश्चित किया कि ब्लू की महिला टीम कुल स्कोर का बचाव कर सके।

टॉस जीतकर लगातार दूसरे मैच में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज प्रतीक रावल और स्मृति मंधाना के साथ मिलकर अच्छी शुरुआत की। दोनों ने बिना ज्यादा जोखिम उठाए पावरप्ले में 43 रन बनाए। उन्होंने अपनी ओपनिंग साझेदारी को 83 रनों तक बढ़ाया, जिसमें रावल ने एक बार फिर क्रीज पर अपनी शांत उपस्थिति दिखाई, जबकि मंधाना ने 19वें ओवर में 36 रन पर आउट होने से पहले लेग-साइड में गेंद को खूबसूरती से टाइम किया। रावल ने एक और संयमित अर्धशतक बनाया- यह उनका लगातार पांचवां अर्धशतक था, उन्होंने अपनी पिछली पारी की तरह ही पारी को संभाला। हालांकि, बीच के ओवरों में भारत की पारी लगभग रुक गई, जब हरलीन देओल अपनी शुरुआत को भुनाने में विफल रहीं। इसके बाद जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नियंत्रण संभाला। दोनों ने 41 रनों की समान पारी खेली, जिससे भारत प्रतिस्पर्धी स्कोर की ओर बढ़ रहा था। अंतिम शानदार प्रदर्शन विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने किया, जिन्होंने हरमनप्रीत के साथ मिलकर डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण बाउंड्री लगाई। भारत ने अंतिम 11 ओवरों में 94 रन जोड़कर 276/6 का स्कोर बनाया, जो कि एक पार स्कोर था।

दक्षिण अफ्रीका की प्रतिक्रिया शुरू से ही जोरदार रही। अनुभवी सलामी जोड़ी लॉरा वोल्वार्ट और टैजमिन ब्रिट्स ने बेहतरीन नींव रखी। वे बिना किसी लापरवाही के आक्रामक थे, उन्होंने शॉर्ट या वाइड को दंडित किया। ब्रिट्स विशेष रूप से धाराप्रवाह थी, अपने पैरों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रही थी और रन-एंड-बॉल दर पर स्ट्राइक कर रही थी। 10 ओवर के निशान तक, दक्षिण अफ्रीका पहले ही बिना किसी नुकसान के 61 रन बना चुका था, और आवश्यक दर अच्छी तरह से नियंत्रण में थी। भारत के गेंदबाज दबाव में थे, लेकिन दीप्ति शर्मा ने 24वें ओवर में वोल्वार्ट को 43 रन पर आउट करके तोड़ दिया। यह वह सफलता थी जिसकी भारत को सख्त जरूरत थी, और यह बिल्कुल सही समय पर आई। लॉरा गुडॉल जल्द ही आउट हो गईं, क्योंकि स्नेह राणा ने फिर से आक्रमण में प्रवेश किया और उन्हें आसानी से आउट कर दिया। दो विकेट खोने के बावजूद, दक्षिण अफ्रीका अभी भी नियंत्रण में था, ब्रिट्स अपने शतक की ओर बढ़ रही थी और क्लो ट्रायोन सकारात्मक इरादे से आगे बढ़ रही थी।

# वैभव ने एक साथ ध्वस्त किए कई रिकॉर्ड

आईपीएल 2025

100

(35) गेंद

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को अगर 'छोटा पैकेट बड़ा धमाका' कहा जाए तो गलत नहीं होगा। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच सोमवार शाम को खेले गए मैच में सूर्यवंशी का बल्ला ऐसा चला कि हर कोई उनका दीवाना बन गया। 14 साल की उम्र में वैभव ने महज 35 गेंदों में शतक जड़कर आईपीएल की रिकॉर्ड बुक को हिलाकर रख दिया। आइए, जानते हैं वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में कौन-कौन से कीर्तिमान को ध्वस्त किया। दरअसल, वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले ये कारनामा राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए युसूफ पठान ने किया था, जिन्होंने 37 गेंद पर शतक लगाया था। हालांकि, वैभव ने युसूफ के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए महज 35 गेंदों में ही ये कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने के मामले में वैभव के आगे अब सिर्फ क्रिस गेल हैं, जिनके नाम 30 गेंदों में शतक जड़ने का रिकॉर्ड दर्ज है। इसके अलावा, वैभव ने टी20 में सबसे कम उम्र के शतकवीर खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया है। सूर्यवंशी ने महज 14 साल 32 दिन की उम्र में टी-20 में शतक लगाकर इतिहास रच दिया है। इतना ही नहीं, अनकैप्ड बल्लेबाज की ओर से आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी वैभव पहले नंबर पर हैं। उन्होंने प्रियांश आर्य के रिकॉर्ड को तोड़ा है, जिन्होंने इसी सीजन में 39 गेंद पर शतक लगाया था। वैभव ने सबसे तेज फिफ्टी बनाने वाले युवा बल्लेबाज का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। वैभव ने महज 17 गेंदों पर 50 रन बनाए हैं। साथ ही 14 साल के वैभव आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए हैं। वैभव सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 101 रनों की पारी में 11 छक्के लगाए। साथ ही वह एक आईपीएल पारी में राजस्थान रॉयल्स की ओर से सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं।



## तेंदुलकर, धवन ने 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को सराहा



**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी ने जब आईपीएल की अपनी पहली गेंद को लेग साइड में हटकर शार्दुल ठाकुर पर कवर के ऊपर से छक्का मारा था, तो विकेट के पीछे खड़े ऋषभ पंत उन्हें ठिठक कर देखने लगे थे। नौ दिन बाद इस 14-वर्षीय लड़के ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ अपने सिर्फ तीसरे आईपीएल मैच में 35 गेंदों में शतक लगाया और पुरूष टी20 क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने। वह आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं, वहीं सबसे तेज आईपीएल शतक लगाने के मामले में क्रिस गेल के बाद वह दूसरे नंबर पर आते हैं। आइए देखते हैं उन्हें सोशल मीडिया में क्या प्रतिक्रिया मिली। लीजेंड सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर कहा कि वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्ले की गति, शुरुआत में ही लेंथ को पहचानना और गेंद के पीछे ऊर्जा का हस्तांतरण करना एक शानदार पारी का नुस्खा है।



**शिखर धवन** ने कहा कि आज आरआर ने क्या शानदार प्रदर्शन किया! युवा वैभव सूर्यवंशी की शानदार पारी, किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज आईपीएल शतक, वो भी सिर्फ 14 साल की उम्र में! यशस्वी जायसवाल की 40 गेंदों पर 70 रन की अविश्वसनीय पारी, आपकी ओपनिंग साझेदारी देखने लायक थी। जीटी, आप इस सीजन में सबसे बेहतरीन हैं, मजबूती से आगे बढ़ते रहिए! मिस्टर 360 डिग्री सूर्यकुमार यादव ने कहा कि इस युवा खिलाड़ी का कत्लेआम देखा।अविश्वसनीय!

**यूसुफ पठान** ने कहा कि युवा वैभव सूर्यवंशी को किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज आईपीएल शतक का मेरा रिकॉर्ड तोड़ने के लिए बहुत-बहुत बधाई! राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए ऐसा होते देखना और भी खास है, जैसा कि मैंने किया। युवाओं के लिए इस फ्रेंचाइजी में वाकई कुछ जादुई है।

## भारत में क्रिकेट फिर से पहले जैसा नहीं रहेगा : जडेजा



**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज अजय जडेजा को लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का उदय देश के क्रिकेट परिदृश्य में उत्प्रेरक का काम करेगा, जिससे अधिक से अधिक किशोरों को बहुत कम उम्र में अपना अंतरराष्ट्रीय करियर शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। सूर्यवंशी ने 101 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली और आईपीएल और टी20 क्रिकेट दोनों में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। वह आईपीएल और टी20 क्रिकेट में तीन अंकों के आंकड़े तक पहुंचने वाले सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज भी बन गए। 14 वर्षीय इस खिलाड़ी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की और सोमवार को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स को आठ विकेट से जीत दिलाई। जडेजा ने जियोहॉटस्टार से कहा कि उसने कुछ शॉट खेले - आपको उन्हें निष्पादित करने से पहले उनके बारे में सपने देखने होंगे। 14 साल के बच्चे के लिए ऐसा सोचना अविश्वसनीय है। शार्दुल ठाकुर के खिलाफ तीन मैच पहले उसने जो पहली गेंद खेली थी, उसे याद करें - उसने तब दिखाया कि वह इस खेल का हकदार है। जब वह उस दिन 30 रन बनाकर आउट हुआ, तो वह स्पष्ट रूप से भावुक था, लगभग आंसू बहा रहा था, लेकिन कुछ ही मिनटों में वह डगआउट में फिर से मुस्कुराने लगा। उन्होंने कहा कि 14 साल की उम्र में भावनाओं पर काबू पाने की क्षमता बहुत बड़ी है। उसकी मानसिकता खास है।

## उसने कोचों से भी ज्यादा मेहनत की है : वैभव के कोच

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स के किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए व्यापक प्रशंसा प्राप्त की। उनके कोच, रॉबिन सिंह ने 14 वर्षीय की सफलता का श्रेय उनके समर्पण और वर्षों से की गई अथक मेहनत को दिया। अपना तीसरा आईपीएल मैच खेलते हुए, सूर्यवंशी ने सोमवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ एक प्रेरणादायक शतक के साथ कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। 14 वर्षीय बल्लेबाज ने 35 गेंदों में शतक बनाकर इतिहास रच दिया, जो आईपीएल में किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सबसे तेज और अब तक का दूसरा सबसे तेज शतक है। 14 साल और 32 दिन की उम्र में सूर्यवंशी ने जीटी के खिलाफ सिर्फ 38 गेंदों पर 101 रन की धमाकेदार पारी खेली और आईपीएल और टी20 क्रिकेट में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।

# धोनी के लिए आखिरी मौका, पंजाब की नजरें प्लेऑफ के लिए आगे बढ़ने पर

**चेन्नई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के 49वें मुकाबले में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) का सामना चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से उनके घरेलू मैदान चेपॉक पर होगा। जहां पीबीकेएस की टीम नौ मैचों में पांच जीत, तीन हार और एक रद्द मुकाबले के साथ अंक तालिका के एकदम बीचों-बीच है, वहीं पांच बार की चैंपियन सीएसके नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में एकदम नीचे है। इस मैच में हार के साथ चेन्नई का सफर पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

दोनों टीमों के बीच अब तक 31 मैच हुए हैं, जिसमें मुकाबला कांटे का रहा है। इन 31 मैचों में सीएसके को 16 जबकि पीबीकेएस को 15 मैचों में जीत मिली है। वहीं चेपॉक की बात की जाए, तो यहां मुकाबला बराबरी का है और दोनों ने आठ में से चार-चार मुकाबले जीते हैं। वहीं हालिया दौर की बात की जाए तो 2022 से हुए छह मुकाबलों में पीबीकेएस को पांच जबकि सीएसके को सिर्फ एक मैच में जीत मिली है।

इस मैच में चेन्नई के लोगों को अपने थाला यानी एम एस धोनी की बल्लेबाजी का जलवा देखने को मिल सकता है। अर्शदीप सिंह, पीबीकेएस के मुख्य गेंदबाज हैं और वह डेथ में अपनी घातक गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। हालांकि धोनी के सामने उनकी एक भी नहीं चलती और धोनी उन पर 178 के स्ट्राइक रेट से



■ 31 मैचों में सीएसके को 16 जबकि पीबीकेएस को 15 मैचों में जीत मिली है

■ ओवरऑल पीबीकेएस के खिलाफ भी धोनी का रिकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है

रन बनाते हैं। चार पारियों में अर्शदीप एक भी बार धोनी को आउट नहीं कर पाए हैं। ओवरऑल पीबीकेएस के खिलाफ भी धोनी का रिकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है और उन्होंने इस टीम के खिलाफ 28 पारियों में 43.5 की औसत और 151 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं, जिसमें पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। लेकिन युजवेंद्र चहल के खिलाफ धोनी कुछ संघर्ष करते हुए नजर आते हैं और उन्होंने धोनी को आईपीएल में तीन पारियों में आउट किया है। हालांकि धोनी भी चहल पर 34 की औसत और 128 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

चहल ना सिर्फ धोनी बल्कि सीएसके के अधिकतर बल्लेबाजों को परेशान करते हैं। उन्होंने धोनी की तरह दीपक हुड्डा को भी टी20 मैचों में तीन बार आउट किया है, जबकि राहुल त्रिपाठी, रवींद्र जडेजा और विजय शंकर भी उनका दो-दो बार शिकार हुए हैं। इसमें से किसी भी बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट चहल के खिलाफ 140 से अधिक नहीं है, जबकि राहुल तो चहल पर सिर्फ 98 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सिर्फ सैम करन ही चहल पर 200 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं, जबकि चहल उनको एक भी बार आउट नहीं कर पाए हैं।

इस साल जडेजा का प्रदर्शन अपने नाम के अनुरूप नहीं रहा है और नौ मैचों में चार बार ऐसा हुआ है कि उन्हें कोई विकेट भी ना मिला हो। हालांकि इस मैच में जडेजा की फॉर्म में वापसी हो सकती है क्योंकि पीबीकेएस के बल्लेबाजों के खिलाफ जडेजा का टी20 रिकॉर्ड बहुत बेहतरीन है। वह ग्लेन मैक्सवेल को सात जबकि मार्कस स्टॉयनिस को दो बार टी20 मैचों में आउट कर चुके हैं। उन्होंने पीबीकेएस के कप्तान श्रेयस अय्यर को 11 पारियों में सिर्फ एक बार आउट किया है, लेकिन 90 के स्ट्राइक रेट के साथ श्रेयस उनके खिलाफ संघर्ष करते नजर आते हैं। इसके अलावा जडेजा ने फॉर्म में चल रहे पीबीकेएस के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह को दो पारियों में दो बार आउट किया है।

# गिल की पीठ में जकड़न, एसआरएच के खिलाफ मैच में फिट होने की उम्मीद



**जयपुर,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल पीठ में जकड़न के कारण राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ मैच में फील्डिंग नहीं कर पाए। हालांकि शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ होने वाले मैच से पहले उनके पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद है। गिल ने इस मैच में 50 गेंदों में 84 रनों की पारी खेली थी। दूसरी पारी में गिल की जगह इशांत शर्मा इंपैक्ट प्लेयर के रूप में आए, जबकि उपकप्तान राशिद खान ने कप्तानी की जिम्मेदारी को संभाला। जीटी को इस मैच में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मैच के बाद गिल ने

■ सोमवार की हार के बावजूद जीटी की टीम नौ में से छह मैच जीतकर अंक तालिका के ऊपरी हिस्से में है

बताया कि जीटी की मेडिकल टीम ने उन्हें फील्डिंग नहीं करने की सलाह दी थी। यह एक एहतियातन दम था ताकि वह अगले मैच के लिए पूरी तरह से फिट हों। गिल ने कहा कि मुझे पीठ में थोड़ी जकड़न महसूस हुई और दो दिन बाद ही हमारा फिर मैच था। इसलिए फिजियो ने मुझे जोखिम ना लेने की सलाह दी थी। कल की हार के बावजूद जीटी की टीम नौ में से छह मैच जीतकर अंक तालिका के ऊपरी हिस्से में है और आईपीएल 2025 के प्ले ऑफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार है। गिल ने कहा कि हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि पिछले मैच में हमें जीत मिली या हार। हम इसे एक अन्य मैच की तरह ही लेंगे और अगले मैच के लिए आगे बढ़ेंगे। हमारा अगला मैच अहमदाबाद में है, जहां हमने अच्छा किया है। उम्मीद है कि हम उस लय को बरकरार रखेंगे।

## ईपीएल ने भारत में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) ने मंगलवार को मुम्बई में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की है। यह कार्यालय स्थानीय प्रशंसक, सहयोगियों के साथ संपर्क बढ़ाने, भारत में फुटबॉल को बढावा देने और लीग तथा उसके क्लबों की निरंतर विकास का समर्थन करने के लिए स्थापित किया गया है। प्रीमियर लीग के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड मास्टर्स ने कहा कि हम और हमारे क्लब भारत में एक शानदार और जानकारी प्रशंसक बेस रखते हैं और हम जानते हैं कि फुटबॉल की ख्याति लगातार बढ़ रही है। हम भारत के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पर गर्व महसूस करते हैं, जहां हम पिछले 18 वर्षों से सुमदायिक फुटबॉल कार्यक्रम चला रहे हैं और हाल ही में इंडियन सुपर लीग के साथ साझेदारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय का उद्घाटन प्रीमियर लीग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह हमें स्थानीय स्तर पर और अधिक असरदार तरीके से काम करने में मदद करेगा।

## इंग्लैंड की महिला टीम की कप्तान बनीं सिवर-ब्रंट

**लंदन,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। नताली सिवर-ब्रंट को इंग्लैंड की महिला टीम का नया कप्तान बनाया गया है। सिवर-ब्रंट इससे पहले टीम की उपकप्तान थीं लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मल्टीफॉर्मेट एशेज में 16-0 से करारी शिकस्त के बाद हीदर नाइट को कप्तानी से हाथ धोना पड़ गया था। सिवर-ब्रंट इस समय मातृत्व अवकाश पर हैं और वह वेस्टइंडीज़ और भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए टीम के साथ जुड़



जाएंगी। 2013 में डेब्यू करने वालीं सिवर-ब्रंट ने तमाम प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए कुल 259 मैच खेले हैं। टेस्ट में उन्होंने 46.47, वनडे में 45.91 और टी20 में 28.45 की औसत से रन बनाए हैं जबकि उनके नाम 181 अंतर्राष्ट्रीय विकेट भी हैं। सिवर-ब्रंट पहले भी नाइट की अनुपस्थिति में इंग्लैंड की कप्तानी कर चुकी हैं। सिवर-ब्रंट ने अब तक इंग्लैंड के लिए कुल 12 मैचों में कप्तानी की है जिसमें इंग्लैंड को नौ मैचों में जीत हासिल हुई है। उन्होंने इंग्लैंड के लिए कुल 11 टी20 और एक वनडे मैच में कप्तानी की है। 2024-25 एशेज में सिवर-ब्रंट ने नाइट के बाद इंग्लैंड के लिए दूसरे सर्वाधिक रन बनाए थे, जबकि सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाजों की सूची में वह तीसरे स्थान पर थीं, पहले पर ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी थीं। हाल ही में हुई वीमेंस प्रीमियर लीग में सिवर-ब्रंट ने सर्वाधिक 523 रन बनाए थे और उनकी टीम मुंबई इंडियंस ने खिताब भी अपने नाम किया था।

# सूर्यकुमार, श्रेयस, रहाणे सहित आठ भारतीय सितारे टी-20 मुंबई लीग के आइकन खिलाड़ी घोषित

■ भारत के प्रमुख फ्रेंचाइजी आधारित घरेलू टी20 टूर्नामेंटों में से एक टी20 मुंबई लीग, छह साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी कर रही है

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। बहुप्रतीक्षित टी20 मुंबई लीग को लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है। इसी बीच मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने मंगलवार को भारत के सितारा खिलाड़ियों की एक शानदार सूची जारी की है, जिसमें सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे प्रमुख हैं जिन्हें टी20 मुंबई लीग का आइकन खिलाड़ी घोषित किया गया है। भारत के प्रमुख फ्रेंचाइजी आधारित घरेलू टी20 टूर्नामेंटों में से एक टी20 मुंबई लीग, छह साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी कर रही है। इसका तीसरा संस्करण 26 मई



से 8 जून तक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। आइकन खिलाड़ियों की इस सूची में सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, पृथ्वी शॉ, शिवम दुबे और तुषार देशपांडे भी शामिल हैं। इन सभी आठ खिलाड़ियों ने भारत का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया है, जो मुंबई की क्रिकेट प्रतिभा की गहराई को दर्शाता है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि हमें आठ ऐसे आइकन खिलाड़ियों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जिन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मंच पर मुंबई का गौरव बढ़ाया है। वे मुंबई क्रिकेट की भावना, विरासत और उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी उपस्थिति न केवल उभरती प्रतिभाओं को प्रेरित और मार्गदर्शन करेगी, बल्कि उनके लिए सीखने का एक मूल्यवान अवसर भी प्रदान करेगी क्योंकि हम भारत के क्रिकेट सितारों की अगली पीढ़ी की खोज और प्रचार के लिए प्रतिबद्ध हैं। लीग में इन खिलाड़ियों के होने से इसका कद भी बढ़ेगा और प्रशंसकों को एक रोमांचक और यादगार अनुभव मिलेगा। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को अपनी टीम में एक आइकन खिलाड़ी चुनने की अनुमति होगी, जिससे टीमों को अनुभव और स्टार पावर दोनों मिलेंगे।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.521 |
| 2- | मुंबई इंडियंस | 10 | 6 | 4 | 10 | +0. 889 |
| 3- | गुजरात टाइटंस | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.748 |
| 4- | दिल्ली कैपिटल | 9 | 6 | 3 | 12 | +0. 482 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 9 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.325 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 9 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.349 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -1.103 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -1.302 |